सुप्रभात
रांची, मंगलवार
30.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 — सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 11 | अंक : 286

12 स्मृति ईरानी ने और राजनाथ दाखिल किया नामांकन

## न्यूज डायरी

### खूंटी सीट से सात उम्मीदवार मैदान में

**खूंटी।** झारखंड की खूंटी सुरक्षित लोकसभा सीट के लिए सोमवार को नाम वापसी के निर्धारित समय अपाह्न तीन बजे तक किसी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। इस प्रकार स्क्रूटनी के बाद सात प्रत्याशी अब चुनाव मैदान में रह गये। यह जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने दी। वे नाम वापसी के लिए निर्धारित समय समाप्त होने के बाद समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। सभी सातों प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया गया। अर्जुन मुंडा भाजपा चुनाव चिह्न कमल, कालीचरण मुंडा कांग्रेस चुनाव चिह्न हाथ, सावित्री देवी बहुजन समाज पार्टी चुनाव चिह्न हाथी दिया गया है।

### यूजीसी नेट की परीक्षा होगी 18 जून को

**नयी दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) की परीक्षा 16 जून के स्थान पर अब 18 जून 2024 को किये जाने की घोषणा की है। यूजीसी नेट की परीक्षा की तिथि को 18 जून इसलिए किया गया क्योंकि यूजीसी नेट और सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तिथि 16 जून को पड़ गयी थी। यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने सोमवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, अभ्यर्थियों से जानकारी प्राप्त होने के बाद आयोग ने यूजीसी-नेट जून 2024 के लिए परीक्षा की तारीख बढ़ाने का फैसला किया।

### इंदौर से कांग्रेस प्रत्याशी ने नाम वापस ले लिया


**नयी दिल्ली।** इंदौर लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बाम द्वारा अपना नामांकन वापस ले लिया है। भाजपा ने इस पर तंज कसा है। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कोई नामांकन वापस ले रहा है, तो कोई पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहा है तो कोई पार्टी छोड़ रहा है। कांग्रेस को इसके पीछे का कारण समझाना चाहिए और जनता को जवाब देना चाहिए। उनके नेता जान चुके हैं कि आम जनता में कांग्रेस के खिलाफ भारी रोष है। कांग्रेस पार्टी को एहसास हो गया है कि राहुल गांधी जिस तरह की विभाजनकारी राजनीति कर रहे हैं, उससे जनता बहुत नाराज है।

### पलामू सीट से दो ने नाम वापस लिया

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा निर्वाचन के तहत सोमवार को नाम वापसी के अंतिम दिन 11 उम्मीदवारों में से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के अभय कुमार व भागीदारी पार्टी (पी) के सतेंद्र कुमार पासवान ने अपना नाम वापस ले लिया। अब नौ अभ्यर्थी चुनाव मैदान में रह गये है। 13 मई को वोट डाले जायेंगे। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। 2426 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कई मतदान केंद्रो पर वेब कास्टिंग की सुविधा होगी।

## राज्य में प्रचंड गर्मी एवं लू का कहर

# केजी से आठवीं तक के बच्चों की छुट्टी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में चल रही प्रचंड गर्मी और लू के कारण राज्य सरकार ने नर्सरी से 8वीं तक की कक्षाओं को बंद रखने का फैसला लिया है। इस संबंध में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग आदेश भी जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि झारखंड में संचालित सभी सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी स्कूलों में केजी से आठवीं तक की कक्षाएं अगले आदेश तक स्थगित रहेंगी। शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों पर यह आदेश लागू नहीं होगा। शिक्षकों-शिक्षकेत्तर कर्मियों को देय ग्रीष्मावकाश के लिए अलग से आदेश निर्गत किया जायेगा। यह आदेश सोमवार को सरकार के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने जारी की है। (शेष 11 पर)

### 11 जिलों में चला हीट वेव

झारखंड में तपिश भरी गर्मी और हीट वेव का दौर जारी है। सोमवार को राज्य के 11 जिलों में सीवियर हिट वेव चला। मौसम विज्ञान केंद्र रांची लोगों को गर्मी से बचाव के लिए अलर्ट जारी कर रहा है। लोगों को सतर्क और सावधान रहने की सलाह दी है। पिछले 24 घंटों में सरायकेला खरसावां जिला सबसे गर्म रहा। वहां अधिकतम तापमान 45 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रांची का अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री रहा। जमशेदपुर का 42 डिग्री, डाल्टनगंज का 41.8 डिग्री रहा। मंगलवार को भी मौसम शुष्क रहेगा, पर लू का प्रकोप जारी रहेगा।

## कल्पना के नामांकन में बोले सीएम, भाजपा का उत्साह ठंडा पड़ा

# कामचोर है भाजपा : कल्पना

**खबर मन्त्र टीम**

**गिरिडीह, रांची।** गांडेय विधानसभा के लिए नामांकन के बाद कल्पना सोरेन ने जनसभा में भाजपा पर सीधा हमला बोला। हेमंत ने सर्वजन पेंशन लोगों को दिया अब भाजपाई यह बताना चाहते हैं कि सर्वजन पेंशन उन्होंने दिया। भाजपा वाले काम तो करते नहीं लेकिन हेमंत के काम का क्रेडिट खुद ही लेना चाहते है। वहीं केंद्र की मोदी सरकार ने हमेशा ही झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया। झारखंड का एक लाख 36 हजार करोड़ रख लिया। जब हेमंत सोरेन ने अपना हक मांगा तो उन्हें जेल में डाल दिया गया। भाजपा की फितरत है हक मांगने पर जेल में डालने का, अधिकार मांगने पर लाठी मारने का। उन्होंने कहा कि झारखंड को बचाना है तो राज्य की सभी 14 सीट पर, गांडेय विधानसभा सीट पर इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार को जीतना होगा। कल्पना ने कहा कि 10 साल से केंद्र में बैठी सरकार संविधान को खत्म करना चाहती है।

#### 20 मई को उपचुनाव

20 मई को लोकसभा चुनाव के साथ गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए भी मतदान होना है। यह सीट सरफराज अहमद के इस्तीफा से खाली हुई थी। गांडेय विधानसभा सीट पर नामांकन दाखिल करने के बाद पपरवाटांड फुटबॉल मैदान में चुनावी सभा का आयोजन किया गया। यहां सीएम चम्पाई सोरेन के अलावा झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शिबू सोरेन ने कहा कि जनता का काम होना चाहिए इस पर भी सभी को ध्यान देना है। सभा में जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा का नारा खूब लगगा।

### भावनात्मक भाषण से कल्पना ने भरा जोश

कल्पना ने कहा कि इस भारी भीड़ में एक जन की कमी है, वह जन है हेमंत सोरेन की। हेमंत सोरेन जेल में हैं लेकिन उनकी सोच को चार दीवारी में बंद नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा। इस भावना को इस जोश को दबाकर रखना है। इस राज्य के लिए सब कुछ बलिदान करने वाले शिबू सोरेन का प्रतिबिंब हेमंत सोरेन में दिखता है। गांडेय झामुमो का ताज है। गिरिडीह दिशोम गुरु का कर्मभूमि रहा है। मेरा लक्ष्य पेयजल व सिंचाई की व्यवस्था को दुरूस्त करना है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जनता के लिए लगातार काम करते रहे अब जनता को आशीर्वाद देने का समय आ गया है। सभा में बसंत सोरेन ने कहा कि यह चुनाव इस राज्य की दशा व दिशा तय करेगा। कौन हमलोगों के लिए कितना सोचता है यह आकलन करने का विषय है। उन्होंने कहा कि जितना इल्जाम देना है सभी कबूल है हमें, इल्जाम हमें इसलिए कबूल हैं क्यूंकि हम आदिवासी, मुलवासी और अल्पसंख्यक हैं। वहीं भाजपा जिसे अपने में मिला लेती है उसका सभी इल्जाम माफ हो जाता है। ढुल्लु महतो इसका उदाहरण है।





**ये लोग थे मौजूद:** इस मौके पर पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन, सीएम चंपई सोरेन, सत्यानंद भोक्ता, मिथलेश ठाकुर, बादल पत्रलेख, हफीजुल हसन, आलमगीर आलम, सांसद सरफराज अहमद, बसंत सोरेन, इरफान अंसारी, सुदीप्त कुमार सोनू, महुआ माजी, सुप्रियो भट्टाचार्य, समेत कांग्रेस और आप के कई नेता मौजूद थे।

### 150 सीट भी नहीं मिलेगी एनडीए को : चंपई सोरेन

कल्पना सोरेन के नामांकन के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने पीएम मोदी और भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया। चम्पाई ने तंज कसते हुए कहा कि पिछले कई महीनों से 400 पार का नारा लगाया जा रहा था लेकिन दो चरणों के मतदान के बाद अब मोदी और भाजपा का उत्साह ठंडा पड़ता जा रहा है। इनका बस चलता तो ये 543 सीटों पर जीत का दावा कर देते लेकिन दो चरणों के मतदान के बाद अब भाजपा जान चुकी है कि उनका क्या होने वाला है। उसका उत्साह अब ठंड़ा पड़ गया। सभा में सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि पिछले चुनाव में झारखंड से भाजपा के 12 एमपी चुने गए लेकिन एक भी काम यहां के हित के लिए नहीं किया। केंद्र सरकार और भाजपा अपना हर वादा भूल गयी। भाजपा सिर्फ जुमला की गारंटी दे सकती है। इस लोकसभा में एनडीए 150 सीट नहीं पार कर सकेगी।

## गढ़वा का एक थाना सील करने का आदेश

### हाइकोर्ट ने कहा, मुआवजा देने तक बंद रहेगा कांडी थाना भवन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुआवजे के मसले पर झारखंड हाईकोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया है। गढ़वा के कांडी थाना भवन की जमीन के मुआवजा मामले पर हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की अदालत ने सुनवाई के बाद थाना भवन को सील करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि जब तक मुआवजे का भुगतान नहीं होता है, तब तक थाना भवन को सील रखा जाये। दरअसल, गढ़वा का कांडी थाना भवन 5 डिसमिल जमीन पर बना है। जमीन को गैरमजरूआ कह कर थाना भवन बनाया गया था लेकिन प्रार्थी अजय कुमार ने



इस जमीन को निजी जमीन मानते हुए निचली अदालत में चुनौती दी थी। निचली अदालत ने इस जमीन को अजय कुमार सिंह की जमीन माना है। अजय कुमार सिंह ने इस जमीन पर टाइटल शूट दायर किया था। निचली अदालत ने अजय कुमार सिंह के पक्ष में फैसला दिया था। उसके बाद उन्होंने उस जमीन पर मुआवजे की मांग को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। उस याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट में अपना फैसला सुनाया है।

प्रार्थी अजय कुमार सिंह ने अपने संघर्ष की कहानी बतायी और कहा कि उनकी पुस्तैनी जमीन पर सबसे पहले पंचायत भवन बनाया गया था उसके बाद उसी प्लॉट के दूसरे हिस्से पर थाना बना दिया गया। इस लड़ाई की शुरूआत सन 1998 में हुई थी। अब जाकर हाई कोर्ट से इंसाफ मिला है। अजय कुमार सिंह ने बताया कि इस केस से साबित हो गया है कि सच की जीत होती है।

### जैक बोर्ड आज जारी करेगा इंटर का रिजल्ट

रांची। झारखंड अद्विविद्य परिषद (जैक) की ओर से मंगलवार को इंटर का रिजल्ट जारी किया जायेगा। सुबह 11 बजे इंटर के तीनों संकाय साइंस, कॉमर्स और आट्र्स का रिजल्ट एक साथ जारी होगा। 94 हजार 433 स्टूडेंट्स ने विज्ञान की परीक्षा दी थी। 25 हजार 907 बच्चे कॉमर्स व 2 लाख 24 हजार 502 परीक्षार्थी आट्र्स की परीक्षा में शामिल हुए थे। झारखंड बोर्ड 12वीं का रिजल्ट छात्र जैक की ऑफिशियल वेबसाइट पर चेक कर सकते हैं। झारखंड बोर्ड 12वीं की परीक्षा में करीब 4 लाख स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। झारखंड बोर्ड इंटर की परीक्षाएं 6 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक दूसरी शिफ्ट में आयोजित की गई थीं।

## सुप्रीम कोर्ट में हेमंत की जमानत अर्जी पर सुनवाई

# इडी को नोटिस, छह तक मांगा जवाब

**खबर मन्त्र संवददाता**

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अंतरिम जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत ने इस मामले में इडी से छह मई तक जवाब मांगा है। साथ ही शीर्ष कोर्ट ने कहा कि इस दौरान झारखंड हाइकोर्ट चाहे तो अपना फैसला सुना सकता है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए इडी को नोटिस भेजा है और 6 मई तक जवाब मांगा है। हेमंत सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि धारा 467, 471 और 420 के तहत जो मेरे मुवक्किल पर आरोप लगे हैं, उसमें उनकी कहीं भी कोई संलिप्तता नहीं है। उन्हें अंतरिम जमानत दी जाये। कपिल सिब्बल से जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि यह संलिप्ता की बात नहीं है। शिकायत 8.5 एकड़ के एक प्लॉट को लेकर है, जिसे गलत तरीके हासिल किया गया है। वहीं सिब्बल ने मामले में जल्द सुनवाई की मांग करते हुए कहा कि अदालत पर भी दबाव है। इस पर जस्टिस खन्ना ने मुस्कुराते हुए कहा कि दबाव का कोई सवाल ही नहीं है। इसपर सिब्बल ने कहा जजों पर काम का दबाव रहता है। इस पर जस्टिस ने मुस्कुराते हुए कहा- सही है।

#### छह को अगली सुनवाई

शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई अगले हफ्ते 6 मई को तय की है। अदालत ने कहा कि इस दौरान झारखंड हाइकोर्ट चाहे तो अपना फैसला सुना सकता है, जिसे 28 फरवरी 2024 को सुरक्षित रखा गया। हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी और हाई कोर्ट द्वारा



फैसला सुरक्षित रखे जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एसएसपी दाखिल की है। 31 जनवरी को ईडी ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था, जिसके तुरंत बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया और फिर ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर चंपाई सोरेन को झारखंड का मुख्यमंत्री बनाया गया। ईडी का आरोप है कि हेमंत सोरेन ने रांची में 8.5 एकड़ की एक जमीन को अवैध रूप से हासिल किया है। रांची में जमीन घोटाला से जुड़े दर्ज मामले में कई लोगों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच चल रही है।

### पूजा सिंघल को बड़ा झटका, अभी जमानत नहीं

## मामला गंभीर, अभी कोई जल्दबाजी नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** मनरेगा घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार सीनियर आइएएस पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल पूजा सिंघल को जमानत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की खंडपीठ ने मामले को गंभीर बताते हुए झारखंड हाइकोर्ट के आदेश पर हस्तक्षेप करने से मना कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि इसपर जल्दबाजी ठीक नहीं है। दरअसल, हेल्थ ग्राउंड का हवाला देकर पूजा सिंघल की ओर से जमानत देने की गुहार लगायी थी। अब पूजा को अभी और समय तक जेल में ही रहना होगा। पूजा सिंघल की जमानत अर्जी पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति संजीव खन्ना एवं न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की खंडपीठ ने फिलहाल सुनवाई से इनकार किया। सुप्रीम कोर्ट ने मौखिक कहा कि कुछ देर रुकें। ये कोई सामान्य बात नहीं है। इस मामले में कुछ गंभीर गड़बड़ी है। हमें उस याचिका पर तुरंत सुनवाई नहीं करना चाहते हैं। हमें उम्मीद है कि ट्रायल कोर्ट में मुकदमा तेजी से आगे बढ़ेगा। बता दें कि ईडी ने पूजा सिंघल को मनरेगा घोटाला मामले में 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। इस मामले में उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। साथ ही उनके खिलाफ आरोप गठन भी हो चुका है। ईडी की ओर से जमानत याचिका का विरोध करते हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि पूजा सिंघल ने अपनी कुल हिरासत अवधि में से ज्यादातर समय रिम्स अस्पताल में बिताया है। बेटी के इलाज के नाम पर 10 फरवरी 2023 को उन्हें दो माह की अंतरिम जमानत भी मिल चुकी है। पूजा सिंघल के केस को देख रहे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने बताया कि वह आज की सुनवाई में मौजूद नहीं थे, इसलिए उन्हें जानकारी नहीं है कि कोर्ट में आज क्या हुआ है।

### संजय सेठ सहित आठ ने खरीदा पर्चा

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण के मतदान के लिए सोमवार को छठे चरण के चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही पहले ही दिन रांची सीट के लिए संजय सेठ समेत आठ प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन फॉर्म खरीदा। वहीं सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्यूनिस्ट) के प्रत्याशी मिंटू पासवान ने समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में नामांकन दाखिल किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में रांची संसदीय क्षेत्र के चुनाव कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिसूचना जारी होते ही नामजदगी के पर्चे दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी। 06 मई तक नामांकन होगा। 07 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी, इसके 2 दिन बाद यानी 09 मई तक अभ्यर्थी अपने नामांकन वापस ले सकेंगे। इसके साथ ही चुनावी मैदान में डटे उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी।

## बिहार में बालबाल बचे अमित शाह

**एजेंसी**

**पटना।** बेगूसराय के जीडी कॉलेज ग्राउंड में सोमवार को एनडीए के भाजपा प्रत्याशी गिरिराज सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे केन्द्रीय मंत्री अमित शाह एक बड़े हादसे का शिकार होने से बालबाल बच गये। जनसभा को संबोधित करने के बाद लौटने के दौरान गृह मंत्री का हेलिकॉप्टर उड़ान भरते ही कुछ देर के लिए असंतुलित हो गया। हवा में हिचकोले खाने लगा। हालांकि पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए हेलिकॉप्टर को संभाल लिया और एक बड़ा हादसा टल गया।

➡ **पायलट की सूझबूझ से बड़ा टला हादसा**

#### हवा में लहराने लगा हेलिकॉप्टर

दरअसल, सभा को संबोधित करने के बाद गृह मंत्री आगे की यात्रा के लिए हेलिकॉप्टर में सवार हुए। इसके बाद पायलट ने हेलिकॉप्टर स्टार्ट किया। लेकिन हेलिकॉप्टर जैसे ही जमीन से ऊपर उठा वो उलटी दिशा में मुड़ गया और अजीब तरीके से हिलने डुलने लगा। कई बार तो हेलिकॉप्टर 2 फुट नीचे तक आया और जमीन में सटने से बचा। पायलट ने किसी तरह हेलिकॉप्टर को कंट्रोल कर आगे की उड़ान भरी। बताया जा रहा है कि तेज हवा की वजह से हेलिकॉप्टर का संतुलन कुछ देर के लिए बिगड़ गया था। (शेष पेज 11 पर)

# कांग्रेस चला रही है वसूली गैंग : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**बागलकोट (कर्नाटक)।** पीएम मोदी ने सोमवार को यहां एक रैली में कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी पर परोक्ष हमला बोला और पार्टी पर वसूली' गिरोह चलाने का आरोप लगाया। श्री मोदी ने कहा, कांग्रेस एससी और एसटी के अधिकार छीन रही है। वह तुष्टीकरण के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। कांग्रेस पर अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के अधिकारों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वे वास्तविक सशक्तीकरण पर राजनीतिक तुष्टीकरण को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने इसकी तुलना भाजपा की पहलों से की है, जैसे कि तलवाड़ा समुदाय को एसटी का दर्जा देना। वह यहां एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने परोक्ष रूप से राहुल गांधी की हालिया अवकाश गतिविधियों का संदर्भ देते हुए कहा कि जो लोग छुट्टियां लेते रहते हैं, वे भारत की प्रगति में योगदान नहीं दे सकते। उन्होंने 2047 तक भारत को बदलने की अपनी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए विकासात्मक पहलों को चलाने में समर्पण और दूरदर्शिता के महत्व पर जोर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान को बदलने के लिए एक अभियान शुरू किया है। इसके तहत एसटी को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया जायेगा।

एक तरफ, भाजपा सरकार ने तलवाड़ा समुदाय को एसटी का दर्जा दिया। दूसरी तरफ कांग्रेस है जो कमजोर वर्गों का आरक्षण छीन कर एक समुदाय विशेष को देने पर जोर लगा रही है।



### कांग्रेस ने कर्नाटक को एटीएम बना दिया

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर कर्नाटक में सरकार की बजाय वसूली गिरोह चलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक को अपना एटीएम बना लिया है। इतने कम समय में इन लोगों ने कर्नाटक का सरकारी खजाना खाली कर दिया है। स्थिति इतनी गंभीर हो गयी है कि विधायकों को विकास गतिविधियों के लिए धन नहीं मिल रहा है। राजनीतिक हितों के लिए राज्य को एटीएम के रूप में मानने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के शासन में कथित वित्तीय कुप्रबंधन को उजागर किया और इसकी तुलना प्रभावी शासन और राजकोषीय जिम्मेदारी के प्रति भारतीय जनता पार्टी की प्रतिबद्धता से की। पीएम ने साथ ही कहा कि उनके शासन में कर्नाटक एक प्रसिद्ध तकनीकी केंद्र से टैंकर हब में बदल गया है।

## मोदी आरक्षण खत्म कर छीन रहे गरीबों का हक: राहुल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरक्षण को हथियार बनाकर गरीबों का हक छीनने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह देश में आरक्षण की व्यवस्था को खत्म करना चाहते हैं। श्री गांधी ने एक्स पर कहा, आरक्षण का मतलब है- देश में गरीबों, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों की न्यायपूर्ण भागीदारी। और नरेंद्र मोदी निजीकरण को अस्त्र बना कर आपसे ये हक छीन लेना चाहते हैं। इस बीच कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी आरक्षण को खत्म कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा, कुछ दिनों पहले तक नरेंद्र मोदी '400 पार' का नारा दे रहे थे, लेकिन दो चरणों के चुनाव के बाद भाजपा की कलई खुल गयी। भाजपा का संविधान बदलने और आरक्षण को खत्म करने का नापाक मंसूबा देश के सामने आ चुका है। हालात ये हैं कि श्री मोदी कांग्रेस के 'न्याय पत्र' में जातिगत जनगणना की बात पर भ्रम फैला रहे हैं।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 85000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख



## खबर एक नजर में

### पुनीत भार्गव की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

लैंड स्कैम

रांची। बरियातू रोड के चेशायर होम स्थित एक एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा मामले में संलिप्त पुनीत भार्गव को ईडी कोर्ट से राहत नहीं मिली। ईडी के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने पुनीत भार्गव की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। आरोप है कि पुनीत भार्गव ने ही बरियातू रोड के चेशायर होम स्थित एक एकड़ जमीन 1.78 करोड़ रुपए में खरीदी थी। दो महीने बाद प्रेम प्रकाश के कहने पर उसी जमीन को कारोबारी विष्णु अग्रवाल को बेच दी थी। दरअसल, चेशायर होम जमीन गड़बड़ी मामले मे ईडी ने ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया है। मामले में छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ ईडी ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है।

### कुख्यात मानव तस्कर पन्नालाल महतो की पत्नी सुनीता देवी की जमानत याचिका खारिज

रांची। कुख्यात मानव तस्कर पन्नालाल महतो की पत्नी सुनीता देवी की जमानत याचिका झारखंड हाई कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दी। सुनीता देवी ने 12 अप्रैल 2022 को एनआईए की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण किया था। सुनीता पर पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया था। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की कोर्ट ने उसकी जमानत खारिज कर दी थी, इसके बाद उनकी ओर से जमानत के लिए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई। पन्नालाल महतो और उसकी पत्नी सुनीता पर 15 साल में पांच हजार बच्चों का सौदा कर करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

### पूर्व पार्षद के खिलाफ सरकार की अपील याचिका खारिज

रांची। रांची नगर निगम के वार्ड 39 के निवर्तमान पार्षद वेद प्रकाश सिंह को पार्षद पद से बर्खास्त करने की सरकार की अपील याचिका सोमवार को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश को सही बताया। वेद प्रकाश के खिलाफ अभिषेक कुमार और सरकार ने अपील याचिका दायर की थी। वेद प्रकाश के खिलाफ तथ्यों को छिपाने का आरोप लगा था। नगर विकास विभाग ने इसकी जांच करायी। जांच के बाद विभाग ने वेद प्रकश को पार्षद पद से बर्खास्त कर दिया था।

### हाईकोर्ट ने बीसीआई से मांगा जवाब

**हाईकोर्ट ने स्टेट बार काउंसिल के काम पर तत्काल रोक लगाने के आग्रह को नहीं माना**

रांची। झारखंड स्टेट बार काउंसिल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उसे 6 माह की कार्य अवधि का विस्तार मिलने के बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआइ) की ओर से फिर से काउंसिल के कार्यकाल को 18 माह का विस्तार देने के खिलाफ दायर संजय कुमार तिवारी की याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट ने बार काउंसिल आफ इंडिया को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। प्रार्थी की ओर से झारखंड स्टेट बार काउंसिल के काम पर तत्काल रोक लगाने का आग्रह किया गया था, लेकिन हाई कोर्ट ने फिलहाल अंतरिम राहत नहीं दी है।

### अफसर अली, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह व इरशाद को भेजा गया जेल

रांची। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम केस के आरोपी अफसर अली की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद सोमवार को उसे कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय में पेशी के बाद अफसर अली को जेल भेज दिया गया। इसी केस के अन्य अभियुक्तों अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मालूम हो कि अफसर अली से ईडी ने कोर्ट की अनुमति से 14 दिनों तक पूछताछ की है। इस पूछताछ में कई अहम खुलासे हुए हैं।

## झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट के विजेताओं को सीईओ ने दिया पुरस्कार

# शॉर्ट फिल्म एक घंटे में भाग्य संवारें और म्यूजिक वीडियो में चलो वोट करें को मिला पहला पुरस्कार

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। धुर्वा के निर्वाचन सदन स्थित सभागार में सोमवार को झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। शॉर्ट फिल्म एक घंटे में भाग्य संवारे और म्यूजिक वीडियो में चलो वोट करें को पहला पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि झारखंड वोटर अवेयनेस कॉन्टेस्ट के माध्यम से मतदाताओं तक चुनाव आयोग की पहुंच बढ़ी है। कॉन्टेस्ट में रील्स, शॉर्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता से प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा की कला दिखाकर मतदाता जागरुकता का संदेश दिया।

श्री कुमार ने कहा कि प्रतिभागियों की रचनात्मक्ता से मतदाताओं में जागरुकता आएगी। साथ ही झारखंड का वोटिंग प्रतिशत भी बढ़ेगा। झारखंड में चल रहे विभिन्न मतदाता जागरुकता अभियानों से भी लोकसभा चुनाव 2024 में झारखंड का मतदान प्रतिशत बेहतर होने की संभावना है। उन्होंने प्रतिभागियों को कॉन्टेस्ट में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया।



### मतदाताओं में जागरुकता बढ़ी

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में प्रतिभागियों के भाग लेने से मतदान के लिए प्रचार-प्रसार बढ़ा है। मतदाताओं में जागरुकता बढ़ी है। सभी मतदाता मतदान केन्द्र पर पहुंचकर मतदान करेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए सार्थक पहल करने की अपील की। मौके पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता आदि थे।

### झारखंड समेत दूसरे राज्यों से 760 प्रविष्टियां आयोग को मिली

झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में झारखंड सहित दूसरे राज्यों से 760 प्रविष्टियां आईं थीं। शॉर्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो, रील्स एवं पोस्टर मेकिंग कैटेगरी में प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर मतदाता जागरुकता का संदेश दिया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान भी विजेता प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

### चार कैटेगरी में बंटा था झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट

झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट चार कैटेगरी में बंटा था। इसमें शॉर्ट फिल्म कैटेगरी में रंजीत कुमार को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये नगद के साथ शिल्ड व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं म्यूजिक वीडियो कैटेगरी में सोलोमोन दास को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये नगद, रील्स कैटेगरी में प्रथम अजय कुमार को 10 हजार रुपये, पोस्टर कैटेगरी में प्रथम सूरज कुमार को 15 हजार रुपये नगद के साथ शिल्ड एवं प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया। उपरोक्त चार कैटेगरी, अलग-अलग सब कैटेगरी में विभक्त था। इन सभी कैटेगरी के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के साथ स्पेशल मेंशन के कुल 41 विजयी प्रतिभागियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा नगद, शिल्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

#### किस कैटेगरी में कौन आया

**शॉर्ट फिल्म :** पहले नंबर पर एक घंटे में भाग्य संवारे, दूसरे नंबर पर बेबो और तीसरे नंबर पर नट बोल्ट।

**म्यूजिक वीडियो :** पहले नंबर पर चलो वोट करें, दूसरे नंबर पर झारखंड वोटर अवेयरनेस और तीसरे नंबर पर एवरी वोट मैटर।

**रील्स :** पहले नंबर पर वोट फॉर नेशन, दूसरे नंबर पर उठो चलो करने वोट और तीसरे नंबर पर देश का महापर्व

**पेंटिंग :** पहले नंबर पर सूरज कुमार, दूसरे नंबर पर सौरभ प्रमाणिक और तीसरे नंबर पर ऋषभ बहादुर।

## ट्रांसफर-पोस्टिंग के अलावा अवैध जमीन कारोबार से जुड़े होने के मिले सबूत

# जेएमएम के एक और केंद्रीय सदस्य इडी के रडार पर, जल्द मिल सकता है समन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन इडी की गिरफ्त में हैं। उनकी गिरफ्तारी 31 जनवरी को इडी ने की। फिलहाल वे बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में हैं। उनकी गिरफ्तारी के बाद जेएमएम के केंद्रीय सदस्य अंतु तिर्की को इडी ने गिरफ्तार किया। कुछ दिनों की हिरासत में रहने के बाद उन्हें भी बिरसा मुंडा कारागार भेज दिया गया। अब एक और नाम सामने आ रहा है, जो इडी की रडार पर पूरी तरह से आ गया है। इडी को उनके खिलाफ पुख्ता सबूत मिला है।

### जमीन कारोबार और ट्रांसफर-पोस्टिंग मामले में आ रहा है नाम

जिनकी चर्चा हो रही है, वो जेएमएम में काफी बड़ा चेहरा माने जाते हैं। जेएमएम की हर रणनीति में उनका नाम रहता है। यहां तक कि जेएमएम की सारी गतिविधि को मीडिया के सामने रखने का जिम्मा भी उन्हीं के पास है। पुख्ता सूत्रों की मानें और वायरल एक फोटो की बात करें तो इनका नाम ट्रांसफर पोस्टिंग के लेन-देन में सामने आ रहा है। वहीं इडी की गिरफ्त में कैद अंतु तिर्की के साथ चैट भी वायरल हो रहा है।

बताया जा रहा है कि जमीन से जुड़े कई अवैध मामले में उन्हें पैसे मिले हैं। ट्रांसफर-पोस्टिंग में भी उनकी भूमिका संदिग्ध है। ऐसे में इडी जांच के बाद कभी भी उन्हें पूछताछ के लिए समन भेजा जा सकता है।

# झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर आज आयेंगे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दो दिवसीय दौरे पर आज झारखंड के आ रहे हैं। वह सबसे पहले धनबाद जाएंगे। वहां से एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन में शामिल होंगे और अपराह्न 3:00 बजे प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे। शाम 7:00 बजे रांची पहुंचकर मारवाड़ी धर्मशाला हरमू में प्रबुद्ध जनों के साथ बैठक करेंगे। रात्रि विश्राम रांची में होगा। वहीं एक मई को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हजारीबाग जाएंगे, जहां वे एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होंगे और हजारीबाग में जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री शर्मा देर शाम रांची से लौट जाएंगे। भजनलाल शर्मा के साथ नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी रहेंगे।

### केंद्रीय जल शक्ति मंत्री भी आज आयेंगे

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी आज रांची आएंगे। रांची से वे हेलीकॉप्टर द्वारा जमशेदपुर जाएंगे। वहां एनडीए प्रत्याशी विद्युतवरण महतो के नामांकन में सुबह 11 बजे शामिल होंगे। श्री शेखावत साकची में आयोजित जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उनके साथ प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय भी रहेंगे।

### डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई आज जाएंगे गुमला में

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई आज लोहरदगा और गुमला जाएंगे। वे वहां पार्टी द्वारा आयोजित बैठक एवं स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री वाजपेई के साथ प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

## काम में कोई भी कोताही बरतने पर होगी कार्रवाई : सचिव

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार ने अभियंताओं को सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर कराने का निर्देश दिया है। सचिव ने कहा है कि यह देखा जा रहा है कि बाधाओं को दूर कराने में अभियंता कोई खास रूची नहीं ले रहे हैं। कई पथ प्रमंडलों में मल्टीपल काम हो रहा है, ऐसे में कुछ सड़क परियोजनाओं के निर्माण कार्य में विलंब हो रहा है। जमीन अधिग्रहण, वनभूमि क्लीयरेंस सहित अन्य मसलों पर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सचिव ने चीफ इंजीनियर झारखंड से स्पष्ट शब्दों में कहा कि सारे प्रोजेक्ट का वे साप्ताहिक समीक्षा करें ओर जमीन अधिग्रहण व वनभूमि की समस्याओं को दूर करने की कोशिश करें। अगर कोई समस्या इसके बाद भी बनी रहती है, तो विभाग स्तर पर लाएं, ताकि इसके निदान के तुरंत उपाय किए जा सके।


**निर्वाची पदाधिकारी 14–हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र का कार्यालय, हजारीबाग (निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग)**
E-Mail eemchazaribag@gmail.com

**-:आदेश:-**

लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के निमित 14–हजारीबाग लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान प्रचार–प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय का लेखा संधारण निर्वाची पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये गये निर्वाचन व्यय पंजी का निरीक्षण तिथि एवं स्थान व्यय प्रेक्षक के विमर्शानुसार निम्नवत् निर्धारित की जाती है:–

| जाँच | तिथि | स्थान | समय |
|---|---|---|---|
| प्रथम जाँच | 08.05.2024 | समाहरणालय सभा कक्ष, हजारीबाग | 10.00 बजे पूर्वाह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक |
| द्वितीय जाँच | 13.05.2024 | | |
| तृतीय जाँच | 17.05.2024 | | |
| चतुर्थ जाँच | 15.06.2024 | | |

1. सभी अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्त्ता व्यय पंजी निरीक्षण की निर्धारित तिथि के एक दिन पूर्व तक निवार्चन के दौरान प्रचार प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय को अपने व्यय लेखा पंजी में विधिवत संधारित कर साथ में मूल अभिश्रवों (Vouchers) एव बैंक खाता के अद्यतन विवरणी के साथ जाँच स्थल पर उपस्थित रहकर निरीक्षण कराना सुनिश्चित करेंगे।
2. संबंधित सहायक व्यय प्रेक्षक दैनिक निर्वाचन व्यय लेखा का गहन एवं सम्यक् जाँच के क्रम में छायाप्रेक्षण पंजी (Shadow Observation Register) से मिलान कर विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन कोषांग के नोडल पदाधिकारी के समक्ष निर्धारित जाँच तिथि के दिन समर्पित करेंगे तथा समेकित प्रतिवेदन तैयार कर स्कैन करेंगे तथा प्रतिवेदन जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह –उपायुक्त हजारीबाग/व्यय प्रेक्षक को समर्पित कराना सुनिश्चित करेंगे।
3. निर्वाचन व्यय से संबंधित आवश्यक जानकारी हेतु दिनांक 07.05.2024 के 11:00 बजे पूर्वाह्न से नया समाहरणालय सभाकक्ष में एक बैठक आहूत की गई है, जिसमें सभी अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्त्ता की उपस्थिति अनिवार्य है।

निर्वाची पदाधिकारी
14–हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हजारीबाग
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग

PR.NO.324200 Election(24-25):D



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त-का कार्यालय, गुमला (प्रशिक्षण कोषांग)**
E-Mail – karmikakosaga@gmail.com

**सूचना**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, गुमला के आदेश ज्ञाप संख्या 17/प्र0को0 दिनांक 04.04.2024 द्वारा निर्गत प्रशिक्षण कैलेण्डर के आलोक में लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित पोलिंग पार्टी का प्रशिक्षण प्रति दिन पूर्वाहन 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक निम्नवत् निर्धारित किया जाता है :–

| समय/स्थान | दिनांक | विधानसभा | पार्टी नंबर | |
|---|---|---|---|---|
| महिला महाविद्यालय, पुग्गू, करमडीपा, गुमला। | 03.05.2024 | 67–सिसई | पुरूष | 24 से 273 |
| | 04.05.2024 | 67–सिसई | महिला | 1 से 42 |
| | | | | 1F से 28 F |
| | | | पुरूष | 1 से 23 |
| | | 68–गुमला | महिला | 1 से 64 |
| | | | | 1 F से 42 F |
| | | | पुरूष | 1 से 36 |
| | | 69-बिशुनपुर | महिला | 1 से 20 |
| | | | | 1 F से 20 F |
| | | | पुरूष | 1 से 16 |
| | | 69-बिशुनपुर | पुरूष | 17 से 66 |
| | 05.05.2024 | 68–गुमला | पुरूष | 37 से 284 |
| | 06.05.2024 | 69–बिशुनपुर | पुरूष | 67 से 316 |
| | 07.05.2024 | 67–सिसई | पुरूष | 274 से 328 |
| | | 69–बिशुनपुर | पुरूष | 317 से 366 |
| | | 67–सिसई | महिला | 1 से 42 |
| | | 68–गुमला | | 1 से 64 |
| | | 69–बिशुनपुर | | 1 से 20 |

सभी संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों को निदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि को ससमय निर्धारित स्थल में प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगें।

ह0/–
प्रभारी पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग
–सह– जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला।

PR.NO.324198 Election(24-25):D


## बिना कानूनी कार्यवाही के किसी का घर नहीं तोड़ सकते, चाहे वह अतिक्रमण का क्यों ना हो

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने गढ़वा सदर में अतिक्रमण बताकर एक घर को तोड़ने की नोटिस दिए जाने से संबंधित अशोक कुमार की याचिका की सुनवाई के बाद महत्वपूर्ण आदेश दिया। कोर्ट ने आदेश में कहा है कि प्रशासन या सरकार किसी भी व्यक्ति के घर को जबरदस्ती नहीं तोड़ सकते, चाहे वह जगह अतिक्रमित भूमी पर ही क्यों ना हो। कोर्ट ने कहा कि कानून के द्वारा विधि सम्मत तरीके से प्रोसिडिंग चलाए बिना घर तोड़ने की कार्रवाई नहीं की जा सकती है, चाहे वह अतिक्रमण का क्यों ना हो। कोर्ट में आदेश दिया कि अगर राज्य सरकार को लगता है कि प्रार्थी का घर अवैध अतिक्रमण का है, तो झारखंड पब्लिक लैंड एंक्रोचमेंट एक्ट के तहत कार्रवाई करके ही उसे हटा सकती है। बगैर इसके प्रार्थी का घर नहीं हटाया जा सकता है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शदाब बिन हक ने पक्ष रखा।

दरअसल, प्रार्थी के गढ़वा सदर स्थित आवास में 10 मार्च 2024 को गढ़वा सीईओ ने नोटिस निर्गत कर 24 घंटे के अंदर उनके घर के दस्तावेज को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, अन्यथा उसके घर को अवैध अतिक्रमण मानते हुए उसे अतिक्रमण मुक्त करने की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही थी। इसके बाद अगले ही दिन यानी 11 मार्च को प्रार्थी ने गढ़वा सीओ के पास समुचित कागजात जमा कर दिया था। इसके बाद भी सर्किल इंस्पेक्टर, गढ़वा सदर पुलिस बल के साथ उनके घर आए थे और उनके घर की नापी ली और लाल दाग लगा दिया था। वह प्रार्थी ने हाई कोर्ट में इसके खिलाफ याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने मामले में उक्त दिशा निर्देश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी।

## बिजली वितरण दुरूस्त करने के लिए नयी योजनाओं पर काम शुरू

# अंडरग्राउंड केबलिंग से लेकर सब स्टेशन का होगा निर्माण

**योजना के तहत झारखंड के शहरी क्षेत्र के गली मुहल्लों में करीब 3500 किमी लो टेंशन लाइन को एरियल बंच केबल में बदला जायेगा**

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राज्य में बिजली वितरण को लेकर नयी योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। केंद्र प्रायोजित योजना रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत कई कार्य शुरू होंगे। इसकी प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से इसकी तैयारी की जा रही है। जहां विभिन्न स्तरों पर बिजली वितरण प्रणाली को मजबूत किया जाएगा।

योजना के तहत झारखंड के विभिन्न शहर के गली मुहल्लों में करीब 3500 किमी लो टेंशन (एलटी) लाइन को एरियल बंच केबल में बदला जाएगा। यूजी केबल के साथ पांच नये सब स्टेशन निर्माण एवं एलटी लाइन को एरियल बंच केबल में तब्दील किया जायेगा। 1615 किमी एवं 320 किमी में एलटी लाइन को एरियल बंच केबल में बदलना और पांच नया सबस्टेशन निर्माण भी शामिल है। नए प्रस्ताव में 1107.6 किमी 11 केवी लाइन को यूजी करने का रखा गया है। योजना के तहत राजधानी रांची में काम किया जायेगा। जहां बिजली वितरण के लिये आधारभूत सुविधाओं को दुरूस्त करने पर बल दिया जायेगा।

**इन इलाकों में नये सब स्टेशन लगेंगे**

सब स्टेशनों में फीडर का लोड को काम करने के लिए पांच नए सब स्टेशनों का निर्माण होगा। विद्यानगर हरमू, ट्रेकर स्टैंड, कटहल मोड़, ठाकुरगांव तथा सुकरहुटू में नया सब स्टेशन निर्माण शामिल है। वहीं, कुछ डिवीजन में 11 केवी लाइन को भूमिगत या अंडरग्राउंड केबलिंग किया जायेगा। इसमें कोकर डिवीजन में 154.6 किमी, न्यू कैपिटल में 88 किमी, रांची ईस्ट डिवीजन में 30 किमी, रांची वेस्ट डिवीजन के तहत 70 किमी, रांची सेंट्रल डिवीजन के तहत 154.5 किमी, डोरंडा डिवीजन 610 किमी अंडरग्राउंड केबलिंग किया जायेगा।

## मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में की प्रेसवार्ता

# पूरे देश में मोदी की लहर, तीसरी बार मोदी सरकार में भगवान कृष्ण भी मुस्कुरायेंगे : डॉ मोहन यादव

खबर मन्त्र ब्यूरो




रांची। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 29 अप्रैल को भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के में भगवान कृष्ण भी मुस्कुराएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के दृढ़ संकल्प के कारण ही अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर का निर्माण हो पाया।

डॉ यादव ने कहा कि चुनाव की बेला शुरू हो गई है। यह चुनाव अलग हटकर है। इस चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका को देश के साथ-साथ पूरी दुनिया देख रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जीवन का हर क्षण देश के लिए समर्पित कर दिया है। दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री भी रहे। उन्होंने अपना पूरा जीवन निष्कलंक भाव से जिया है। यह हम सबों के लिए प्रेरणादायक है। प्रधानमंत्री मोदी चुनाव लड़ नहीं रहे हैं, उन्हें देश की विकास के लिए चुनाव लड़ाया जा रहा है।

डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 सालों के कार्यकाल का मूल्यांकन करेंगे तो उन्होंने काफी काम किया है। इतने बड़े देश में प्रधानमंत्री मोदी जैसे लोग के लिए 10 साल का कार्यकाल काफी कम है। मोदी सरकार ने मैकाले की शिक्षा नीति को बदलकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की है। इस शिक्षा नीति में सनातन भी है, संस्कार भी है, विरासत भी है और रोजगार भी है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में भारत की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा दोनों मजबूत हुई है। भारत के संविधान के आधार पर दलित, पिछड़ों, आदिवासी सबको आरक्षण का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाना चाहते हैं। आज भ्रष्टाचार एवं लूट में शामिल लोगों पर कानून का शिकंजा कस रहा है। मोदी सरकार बेदाग सरकार है।

इसके पूर्व प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डॉ यादव का स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत व अभिनंदन किया गया।

बाबूलाल मरांडी ने भगवान बिरसा की प्रतिमा देकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र प्रदान किये। ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी बजरंगी यादव ने चांदी का मुकुट एवं बांसुरी प्रदान कर उनका सम्मान किया। शोभा यादव ने भगवान कृष्ण की प्रतिमा भेंटकर उनका सम्मान किया। पूर्व मंत्री डॉ नीरा यादव ने मंच पर डॉ मोहन यादव का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत यादव और प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक, गोपाल सोनी, रमेश वर्मा, उमेश यादव, राजेश यादव, नीलम यादव, दिलीप स्वर्णकार, जैलेंद्र कुमार, टुनटुन यादव, सूर्य प्रभात, संतोष गोप, संजय चौधरी सहित अन्य थे।

## आठ अभ्यर्थियों ने खरीदा नामांकन प्रपत्र एक उम्मीदवार मिंटू ने दाखिल किया पर्चा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी होते ही रांची संसदीय क्षेत्र से सोमवार को आठ अभ्यर्थियों ने नाम-निर्देशन पत्र खरीदा। इनमें मनोरंजन भट्टाचार्य, निर्दलीय, संजय सेठ- भाजपा, मिंटू पासवान, एसयूसीआई (कम्यूनिस्ट), रामहरि गोप, एपीआई, धर्मेन्द्र तिवारी- भाजमो, हरिनाथ साहू, लोकहित अधिकार पार्टी (झा), पंकज कुमार रवि, (पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक), मनोज कुमार, निर्दलीय शामिल हैं।

रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के पहले दिन एक अभ्यर्थी ने अपना नामांकन भी दाखिल किया। सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्यूनिस्ट) के अभ्यर्थी मिंटू पासवान ने निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में नामांकन दाखिल किया।

बता दें कि समाहरणालय से नामांकन पत्र सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकेगा। जबकि निवार्ची पदाधिकारी के कक्ष (ब्लॉक-ए स्थित कमरा संख्या-202) में रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 तक नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

### आजसू पार्टी के मिलन समारोह में कई लोग पार्टी में शामिल

# यह चुनावी साल झारखंड के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण: सुदेश महतो

झामुमो–कांग्रेस से झारखंड को बचाने के लिए आगे आना होगा, समाज के हर वर्ग और उनके विकास को लेकर चिंतन करने वाली पार्टी है आजसू



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि साढ़े चार साल से सत्तारूढ़ झामुमो- कांग्रेस ने राज्य का बड़ा नुकसान किया है। झामुमो से इस राज्य को बचाने के लिए हर वर्ग को आगे आना होगा। लोकसभा चुनाव में एनडीए की सभी सीटों पर जीत के बाद से ही झामुमो की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दौरान पार्टी की नीति एवं सिद्धांतों से प्रेरित होकर कई समाजसेवियों तथा जनप्रतिनिधियों ने सुदेश महतो के समक्ष थामा पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि यह चुनावी साल झारखंड के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। हम सभी पर दोहरी जिम्मेदारी है। लोकसभा चुनाव के कुछ महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। इन दोनों चुनावों में हमें संगठनात्मक मजबूती के आधार पर जीत हासिल करनी है।

पार्टी में शामिल हुए सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी समाज के हर वर्ग की चिंता करने के साथ और उनके विचार, भावना को साथ लेकर चलती है। आप सभी के पार्टी में शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलेगी। आने वाले दिनों में क्षेत्र में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है।

मौके पर जिला परिषद सदस्य तमाड़ पूर्वी- विजय सिंह मनकी, जिला परिषद सदस्य बुंडू परमेश्वरी सांडिल, तमाड़ विधानसभा पूर्व प्रत्याशी रामदुर्लभ सिंह मुंडा, खूंटी लोकसभा प्रभारी रमेश सिंह मुंडा, रमेश भगत, हीरालाल दास, हरिहर महतो, शुभम कुमार, राधिका देवी, सुमित्रा देवी, जगदीश गुप्ता, दूतीकृष्णा मुंडा, कृष्ण सिंह मुंडा, केशव चंद्र महतो,योगेश्वर महतो, विश्वनाथ प्रमाणिक, अभिषेक गोराई, रंजन कुमार, सुख सारण महतो, मो. सेराज, आकाश महतो, सुनील कुमार, विजय कुमार, विकास महतो, धनु नाग, सुबोध मांझी, जोगेन महतो, संतोष तांती, श्याम मुंडा, गद्दार महतो, विकास कुमार महतो, महावीर नदी, हरदेव महतो, धनसिंह लोहारा, धर्मा पुराण, बीपेन पुराण आदि मौजूद रहे।

## खबर एक नजर में

### सुशीला कुजूर की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** बहुचर्चित रियलस्टेट और जमीन कारोबारी रहे कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्याकांड मामले के मुख्य आरोपी डबलू कुजूर की पत्नी सुशीला कुजूर की जमानत अर्जी सोमवार को अपर न्यायुक्त एमसी झा की कोर्ट ने खारिज कर दी। मामले के आरोपी डबलू कुजूर, भाई छोटू कुजूर और बेटा राहुल कुजूर की जमानत याचिका अदालत से पहले ही खारिज हो चुकी है। मालूम हो कि सुशीला जुकूर पर आरोप है कि डबलू कुजूर और राहुल कुजूर के इशारे पर षड्यंत्र रचकर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या करा दी थी।

### आदिवासी संगठनों ने किया इंडी गठबंधन का समर्थन





**रांची।** आदिवासी व सामाजिक संगठनों की बैठक सोमवार को केंद्रीय धुमकुड़िया करम में हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में प्रमुखता रूप से केंदीय सरना समिति अजय तिर्की, नारायण उरांव, केंद्रीय सरना समिति भारत कुंदर्शी मुंडा अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, पाहन संघ सहित 20 से ज्यादा आदिवासी संगठनों के द्वारा इंडिया गठबंधन के समर्थन में प्रस्ताव सर्व समिति से पास किया गया। बैठक में इंडिया गठबंधन की ओर से रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय और सुबोध कांत सहाय मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस बैठक की अध्यक्षता प्रेमशाही मुंडा ने की एवं संचालन अभय भुट कुंवर ने किया।

### समर्पण शाखा का शपथ समारोह आयोजित



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को मारवाड़ी भवन हरमू रोड में आयोजित किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष स्वेता भाला ने (2024-25) की नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनीता सिंघानिया को पदभार सौंपा। मुख्य अतिथि के रूप में अरुण गुप्ता ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनीता सिंघानिया को शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि के रूप में संजीव विजयवर्गीय ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी टीम के सदस्यों को शपथ दिलाई। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने यह जानकारी दी।

## झारखंड अलग राज्य आंदोलन को कुचलने का काम झामुमो और कांग्रेस ने किया : बाबूलाल

सिंहभूम लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा को भारी बहुमत से विजय बनाने की अपील



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 29 अप्रैल को सिंहभूम लोकसभा के राजनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने सिंहभूम से एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा को भारी बहुमत से विजय बनाने की अपील की। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के घर-घर तक गैस का कनेक्शन पहुंचाया। इतना ही नहीं देश में कोई भूखा नहीं सोए, इसकी चिंता भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करते हैं। वे किसान की चिंता करते हैं। महिला की चिंता करते हैं। युवा की चिंता करते हैं। सभी वर्ग की चिंता करते हैं।

मरांडी ने कहा कि चंपाई सोरेन जी कितना ही रोकने का प्रयास क्यों ना कर लें, क्षेत्र की जनता अब रुकेगी नहीं। 13 मई को कमल निशान में ही बटन दबाएगी।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोगों ने राज्य की खनिज को बेच डाला। लोहा-कोयला को बेच दिया। नदी के बालू तक को नहीं छोड़ा। आज इस प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसी कारण से जेल में बंद हैं। पूर्व मुख्यमंत्री को हमने दर्जनों पत्र लिखा था। बताया था कि यहां पत्थर की चोरी हो रही है। बालू की चोरी हो रही है। कोयला की चोरी हो रही है। जमीन के फर्जी कागजात बनाकर लोग उसे बेच रहे हैं। इसकी जांच कर उनपर कार्रवाई करें, लेकिन कार्रवाई करने के बजाय वे इन लोगों को संरक्षण दे रहे थे। इसके कारण ईडी में उन्हें पकड़ लिया। आज वे होटवार जेल में बंद हैं। आप अगर अपराधियों को संरक्षण देंगे, तो आपको सजा भुगतना ही होगा। श्री मरांडी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास का जितना काम किया है, वह किसी से छिपा नहीं है। बीते 10 वर्षों में उन्होंने जितना काम किया है, आज तक किसी भी प्रधानमंत्री के कार्यकाल में नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग इस बात का झूठा प्रचार कर रहे हैं कि सत्ता में आने के बाद भाजपा आदिवासियों और गरीबों की जमीन लूट लेगी। आप ही बता दें कि उनके कार्यकाल में कितने आदिवासी और गरीबों की जमीन लूटी गई। हेमंत सोरेन ने गरीबों और आदिवासियों की जमीन पर कब्जा किया है। सत्ता की सहयोगी कांग्रेस पार्टी को तो राज्य के लोगों से माफी मांगनी चाहिए।

मरांडी ने कहा कि झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और राजद के नेतृत्व में सरकार चल रही है। ये सभी झारखंड के विकास के विरोधी है। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई की सरकार आने पर अलग झारखंड राज्य का निर्माण हुआ।

## गर्मी की छुट्टी से पहले रेलवे चला रही समर स्पेशल ट्रेन, जून तक परिचालन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां जल्द होने वाली हैं। ऐसे में दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से इस दौरान समर स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की गयी है। जिससे राज्य के यात्री छुट्टी मनाने अलग अलग स्थानों पर जा सकते हैं। दक्षिण पूर्व रेलवे की मानें तो नियमित ट्रेनों के अतिरिक्त एक दर्जन समर स्पेशल ट्रेन है, जिसमें सीट मिल सकती है। अधिकांश गाड़ियों को जून के अंतिम सप्ताह तक परिचालित किया जाएगा। इनमें 08624 रांची-इस्लामपुर स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को चलेगी। ट्रेन संख्या 08183 टाटानगर-पटना स्पेशल प्रत्येक शनिवार को टाटानगर एवं पटना से चलायी जायेगी। ट्रेन संख्या 02839 और 02840 शालीमार-पुरी स्पेशल शालीमार से रविवार और पूरी से प्रत्येक सोमवार चलेगी।

ट्रेन संख्या 07223 और 07224 सिकंदराबाद-संतरागाछी स्पेशल सिकंदराबाद से प्रत्येक शुक्रवार और संतरागाछी से प्रत्येक शनिवार। ट्रेन संख्या 07225 और 07226 सिकंदराबाद-शालीमार स्पेशल सिकंदराबाद से प्रत्येक सोमवार और शालीमार से प्रत्येक मंगलवार। वहीं ट्रेन संख्या 02863 और 02864 हावड़ा-यशवंतपुर स्पेशल हावड़ा से प्रत्येक गुरुवार को और यशवंतपुर से प्रत्येक शनिवार को चलेगी।

ट्रेन संख्या 06507 और 06508 एसएमवीटी बेंगलुरु-खड़गपुर-एसएमवीटी बेंगलुरु स्पेशल एसएमवीटी बेंगलुरु से प्रत्येक शुक्रवार और खड़गपुर से प्रत्येक सोमवार। ट्रेन संख्या 06081/06082 कोचुवेली-शालीमार स्पेशल, कोचुवेली से प्रत्येक शुक्रवार और शालीमार से प्रत्येक सोमवार को चलेगी।

### आशाराम बापू का मना अवतरण दिवस

**रांची।** संत आशारामजी बापू का 88वां अवतरण दिवस सोमवार को मनाया गया। राजधानी रांची सहित राज्यभर के अधिकांश जिलों में बापू के शिष्यों ने अवतरण दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किए। पिस्का मोड़ स्थित सत्य साहित्य सेंटर में भी सैंकड़ों साधक भाई-बहनों ने उनका जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर आशारामायण जी का पाठ, पादुका पूजन, गुरुदेव का मानस पूजन, श्री महामृत्युंजय मंत्र का जप किया गया। शिष्यों ने बापूजी को भोग लगाया और उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए सामूहिक स्वास्थ्य मंत्र का जप किया।

### मेडिका के डॉ. विजय मिश्र को इंस्पायरिंग इंटेनसिविस्ट ऑफ इंडिया सम्मान



**रांची।** मेडिका हॉस्पिटल, रांची के क्रिटिकल केयर विभाग के निदेशक, डॉ. विजय मिश्र को उनकी मेहनत, जिम्मेदारीपूर्ण कार्यप्रणाली और सामाजिक भागीदारी के लिए टाइम्स ग्रुप द्वारा इंस्पायरिंग इंटेनसिविस्ट ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान डॉ. मिश्र को उनकी उत्कृष्टता और चिकित्सा क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए दिया गया। डॉ. मिश्र की इस उपलब्धि पर मेडिका के एवीपी अनिल कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. विजय मिश्र और मेडिका के सभी चिकित्सक अपने-अपने क्षेत्र में धुरंधर हैं और समाज तथा देश के प्रति गहरी समर्पण भावना रखते हैं। डॉ. मिश्र की यह उपलब्धि मेडिका हॉस्पिटल और अन्य चिकित्सकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## बायोम इंस्टीट्यूट के ओरिएंटेशन कार्यक्रम में शामिल हुए 1500 से अधिक छात्र-छात्राएं



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट की ओर से सोमवार को गुरुनानक स्कूल सभागार में आयोजित ओरिएंटेशन प्रोग्राम में 1500 से अधिक विद्यार्थी व अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य वैसे विद्यार्थी जो मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी को अपना लक्ष्य मानते हैं उन्हें विशेषज्ञों के जरिये मार्गदर्शन देना था। संस्थान के एमडी पंकज सिंह ने कहा कि 10वीं कक्षा के बाद विद्यार्थियों की पहली च्वाइस साइंस स्ट्रीम होती है। इसमें भी विद्यार्थियों को दो विकल्प- पीसीबी और पीसीएम मिलता है। पीसीबी का चयन करने वाले विद्यार्थी शुरू से ही मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी को लक्ष्य बनाते हैं जबकि, यह परीक्षा आसान नहीं है। लक्ष्य यदि मेडिकल प्रवेश परीक्षा है तो शुरू से कठिन परिश्रम करने की जरूरत है। संस्थान विद्यार्थियों को उनकी तैयारी में पूरी मदद करेगी। इसके लिए बेहतर शैक्षणिक माहौल, विशेषज्ञ शिक्षक, लाइब्रेरी और डाउट क्लास भी उपलब्ध कराया जायेगा।

ओरिएंटेशन प्रोग्राम में संस्थान के विषय विशेषज्ञ शिक्षक- प्रिया, संतोष सर, शशिकांत सर, चंदन सर, रोशन सर, नेहा और मनीष ने विद्यार्थियों को एक-एक कर मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी के लिए जरूरी विषयों से रूबरू कराया।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में 11वीं से 12वीं कक्षा में दाखिल हुए फ्रेशर्स बैच के सात विद्यार्थियों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इसमें दिव्या कुमारी, सिद्धार्थ अग्रवाल, अभिषेक केसरी, राहुल कुमार मिश्रा, करण सिंह, राघव राज और शिव राज रूद्र शामिल रहे।

## मारवाड़ी कॉलेज का छात्र रह चुका रोनित भी पैसे कमाने के लिए बेचने लगा ब्राउन शूगर

**दो युवक गिरफ्तार, एक हिरासत में**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नशा कारोबार के खिलाफ रांची पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पिछले एक महीने के दौरान रांची पुलिस ने नशा कारोबार के खिलाफ अलग-अलग थाना क्षेत्र में छापेमारी कर इस कारोबार से जुड़े 90 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम किया है। इसी दौरान सोमवार को एसएसपी चंदन कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई की। टीम ने लालपुर थाना क्षेत्र से दो युवक को 06.13 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। जिनमें अंकित लकड़ा और नितिन खलखो शामिल है। दोनों गिरफ्तार हुए युवक का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है।

### स्वीफ्ट डिजायर में बेचते थे ब्राउन शुगर फिर उसी से करते थे बकरी की चोरी

**रांची।** रांची पुलिस ने एक ऐसे ब्राउन शुगर विक्रेता को गिरफ्तार किया है, जो स्वीफ्ट डिजायर ने न सिर्फ ब्राउन शुगर बेचा करते थे, उससे हथियार के बल पर बकरी की भी चोरी करते थे। लोअर बाजार थाना पुलिस ने ऐसे ही एक मामले का खुलासा किया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में यह कार्रवाई हुई। पुलिस ने इनलोगों के पास से अवैध आग्नेयास्त्र एवं गोला तथा बाउन शुगर, चोरी की गाड़ी एवं चोरी की बकरी के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। इस घटना में शामिल तीन युवक मौके से फरार हो गये। गिरफ्तार युवक का नाम मो रिजवान कुरैशी उर्फ रिज्जू है। वह गढ़ाटोली रांची का रहनेवाला है।

इधर, अरगोड़ा थाना पुलिस ने भी विभिन्न इलाकों से चार पांच युवकों को पकड़ा है। पुलिस ने ब्राउन शूगर बेचने के मामले में एक युवक रोनित राय को हिरासत में लिया है। वह हरमू का रहनेवाला है। रोनित मारवाड़ी कॉलेज का छात्र रह चुका है। पुलिस ने उसके पास से खादगढ़ा से सात पाउच ब्राउन शूगर जब्त किया है। उससे अरगोड़ा थाने में पूछताछ की जा रही है।

### मेसरा काली मंदिर में मंडा पूजा आज



**रांची।** मेसरा काली मंदिर में मंडा पूजा मंगलवार को होगी। अरविंद महतो ने बताया कि शिव भक्त दहकते अंगारे पर चलेंगे। शाम आठ बजे फूल खुंडी इसके अलावा छऊ नृत्य भी होगा। इस मौके पर मेला भी लगेगा और बुधवार सुबह आठ बजे झूलन कार्यक्रम होगा।

### भव्य रूप से मनाया जायेगा सीता नवमी महोत्सव

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद रांची महानगर की बैठक सोमवार को प्रांत कार्यालय किशोरगंज में हुई। बैठक में विहिप के झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख कृष्ण कुमार झा उपस्थित थे। बैठक में तय किया गया आगामी 12 मई से 19 मई तक सीता नवमी महोत्सव महानगर के सभी प्रखंडों में भव्य रूप से मनाया जाएगा

### अमन साहू गिरोह का शातिर अपराधी राजा अंसारी गिरफ्तार, एटीएस कर रही है पूछताछ

लेवी के लिए गोलीबारी कर दहशत फैलाता था राजा

**रांची।** अमन साहू गिरोह के शातिर अपराधी राजा अंसारी को झारखंड एटीएस ने गिरफ्तार किया है। एसपी ऋषभ झा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस की टीम ने यह कार्रवाई की है। राजा मूल रूप से रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र के टेरपा का रहने वाला है। वह अमन साहू के एक इशारे पर व्यवसायियों को धमकी देने, रंगदारी मांगने, गोलीबारी करने और हत्या की घटना को अंजाम देने के लिए तैयार रहता था। एटीएस को काफी दिनों से राजा अंसारी की तलाश थी। अब उसकी गिरफ्तारी के बाद एटीएस की टीम उससे पूछताछ कर रही है।

**अमन साहू गैंग का सुनील मीणा झारखंड पुलिस के लिए चुनौती** : अमन साहू गैंग के सुनील मीणा की गिरफ्तारी झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है। सुनील मीणा मूल रूप से राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले घड़साना के नयी मंडी का रहने वाला है।

## संत जेवियर्स कॉलेज में हुआ अंधा युग का मंचन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में सोमवार को धर्मवीर भारती के कालजयी नाटक अंधा युग का मंचन किया गया। मौका था कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय कल्चरल फेस्ट का। इस कार्यक्रम के अंतर्गत गायन, नृत्य और क्विज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अंधा युग नाटक का मंचन रहा जो आलोक भल्ला द्वारा मूल नाटक के अंग्रेजी अनुवाद पर आधारित था। नाटक के माध्यम से आधुनिक समाज में फैली विषमताओं, मूल्यों के पतन और पशुतात्मक शक्तियों के प्रभाव को दर्शाया गया। विद्यार्थियों के दमदार अभिनय ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान कॉलेज के रेक्टर डॉ फादर एलेक्स एक्का एस जे, उपप्राचार्य डॉ फादर अजय मिंज, रजिस्ट्रार डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग, एस जे, परीक्षा नियंत्रक प्रो बीके सिन्हा, फादर संजय केरकेट्टा एसजे और अंग्रेजी की विभागाध्यक्ष डॉ जूही होरो ने विभाग के विभिन्न क्लबों के लोगों का स्वागत किया।

### किसके सिर सजेगा ताज, कड़ी टक्कर के बीच जनता लेगी फैसला

# सिंहभूम सीट पर गीता कोड़ा और जोबा मांझी के बीच शह-मात का खेल जारी

**सुधीर**

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण में झारखंड के सिंहभूम में वोट डाले जायेंगे। 13 मई को वोटिंग होगी। इसमें सिंहभूम सहित चार लोकसभा सीटों में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सिंहभूम के चुनावी दंगल में एनडीए और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के बीच महाटक्कर होगी। यहां, एनडीए की तरफ से गीता कोड़ा, जबकि इंडिया गठबंधन की तरफ से जेएमएम प्रत्याशी जोबा मांझी चुनावी दंगल में उतरी हैं। हालांकि इस लोकसभा सीट में चुनाव के दौरान जनता का तराजू किसके पलड़े में भारी होगा यह तो परिणाम के घोषित होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। परंतु दोनों के बीच टफ फाइट है और जनता यहां साइलेंट वोटर नहीं, बल्कि साइलेंट कीलर के रूप में काम कर रही है।

**गीता कोड़ा का अब तक का राजनीतिक सफर** : गीता कोड़ा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी हैं। पति मधु कोड़ा के जेल जाने के बाद गीता कोड़ा राजनीति में सक्रिय हुईं। इस वर्ष लोकसभा चुनाव से पहले गीता कोड़ा ने कांग्रेस का साथ छोड़कर बीजेपी का दामन थाम लिया है और अब बीजेपी के टिकट पर वह फिर से सिंहभूम सीट से चुनाव लड़ रही हैं।

### जोबा मांझी का अबतक का राजनीतिक सफर



जोबा मांझी इस समय झारखंड सरकार में मंत्री हैं। उनके पति देवेंद्र मांझी सिंहभूम के कद्दावर आदिवासी नेता थे। 14 अक्टूबर 1994 को उनके पति देवेंद्र मांझी की हत्या हुई थी। जोबा मांझी ने भी पति के मर्डर के बाद पॉलिटिक्स में कदम रखा और इतिहास भी रचा। उन्होंने 1995 में इस सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। वे लगातार 2000, 2005, 2014 और 2019 में जीत हासिल करती आई हैं। बाबूलाल मरांडी की सरकार में भी जोबा मांझी मंत्री बनी थीं। वह साल 2009 के बाद झामुमो में शामिल हुईं। उन्होंने पति की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा डेमोक्रेटिक का झामुमो में विलय किया। 1998 में अविभाजित बिहार में राबड़ी देवी की सरकार में भी वह मंत्री बनी थीं। तत्कालीन हेमंत सरकार में चौथी बार मंत्री बनी हैं। वहीं इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की तरफ से वह सिंहभूम लोकसभा सीट से जेएमएम उम्मीदवार हैं।

### मोरहाबादी मैदान के समीप संचालित बार और शराब दुकानों को बंद कराये प्रशासन : युवा आजसू

**रांची।** युवा आजसू के एक प्रतिनिधिमंडल ने रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंप मोरहाबादी मैदान के समीप संचालित हो रहे बार व शराब दुकानों को बंद करने की मांग की है। साथ ही धार्मिक स्थलों व शैक्षणिक संस्थानों के समीप संचालित बार व शराब दुकानों को स्थानांतरित करने की मांग की है। युवा मोर्चा के राज्य संयोजक गौतम सिंह के नेतृत्व में युवा आजसू ने शराब दुकानों और बार के चलते मोरहाबादी के समीप हुई कई अप्रिय घटनाओं के साथ ही आमजनों और वीवीआइपी आवासीय परिसर में रहनेवालों की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। बताया कि मोरहाबादी मैदान के आसपास हजारों विद्यार्थियों और खेल परिसरों में अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों के बीच भी असुरक्षा का भाव रहता है। युवा आजसू के रांची जिला सह प्रभारी नीतीश सिंह ने कहा कि रांची में कई बार व शराब दुकानें धार्मिक स्थलों एवं शैक्षणिक संस्थानों के बेहद करीब संचालित हैं। ये दुकानें राज्य सरकार द्वारा बनायी गयी नियमावली की अवहेलना भी करती हैं।

स्पीड न्यूज

## ओरमांझी में नाइट क्रिकेट एक मई से

**ओरमांझी।** लालबहादुर शास्त्री क्लब ओरमांझी द्वारा आयोजित नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता एक मई से एसएस$2 हाइ स्कूल स्टेडियम ओरमांझी खेला जाएगा। आयोजन समिति के अभिमन्यू सिंह उर्फ पप्पु ने इसकी ज़ानाकरी देते हुए बताया कैनवेस बॉल से खेले जाने वाले इस प्रतियोगिता में कूल 16 टीम भाग लिया है। 10-10 ओवर के सभी मैच रात्रि सात बजे से शुरू होगी। फाइन मैच आठ मई को रात्रि नौ बजे से खेला जाएगा। फाइनल खेलने वाले विजेता टीम व उपविजेता टीम के अलावे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। इधर नाइट क्रिकेट को लेकर क्षेत्र में क्रिकेट खेलने वाले युवाओं में काफी उत्साह है।

## 15 दिनों से अंधेरे में डूबा बक्सीडीह गांव

**सिकिदिरी।** हरातू पंचायत के बक्सीडीह गांव में पिछले 15 दिनों से ट्रांसफार्मर जला हुआ है। ट्रांसफार्मर जलने से गांव अंधेरे में डूब गया है।करीब 20 परिवार भीषण गर्मी में परेशान है। बिजली नहीं रहने से पंखाएकूलर ची चलने से ग्रामीण घरों के अंदर बेहाल हो रहे है। स्कूल.कॉलेज के छात्रों की पढ़ाई नहीं हो पर रही है। समाजसेवी बलराम साहू ने बताया की इस समस्या को लेकर सांसदए विधायकए बिजली विभाग के महाप्रबंधकए अभियंता व जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा चुके है। परन्तु अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। उन्होंने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए विभाग से यथा शीघ्र ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है।


## आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज

**नामकुम।** आर्दश आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले को लेकर कांग्रेस पाट्री के जिला अध्यक्ष के उपर प्राथमिकी दर्ज किया गया। मामला खरसीदाग ओपी क्षेत्र के दसमाईल चैक का है जहां सडक किनारे कांग्रेस पाट्री का झंडा लगा होने की षिकायत मिलने पर उसकी जांच करायी गयी तो मामला सही पाया गया। मामले को लेकर चुनाव पर्यवेक्षक द्वारा चुनाव आयोग के निर्देष पर कांग्रेस पाट्री के जिलाअध्यक्ष के उपर मामला दर्ज कराया गया।

## मांडर : सड़क हादसे में दो युवक घायल

**मांडर।** थाना क्षेत्र के मुड़मा चौक के निकट मुख्य पथ पर सोमवार की शाम लगभग 5.00 बजे हुए सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार रांची मधुकम निवासी हर्ष कुमार और विकास शर्मा बाइक से मांडर से वापस अपने घर की ओर लौट रहे थे। इस बीच मुड़मा के जयवंत शॉपिंग कॉम्पलेक्स के निकट एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह सड़क पर गिर पड़े। इस हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आई। घटना की जानकारी मिलते ही मांडर पुलिस ने दोनों को मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया।

## अवैध शराब बेच रहा व्यक्ति गिरफ्तार, जेल



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज पुलिस के द्वारा अवैध रूप से देशी व विदेशी शराब के बेचे जाने वाले के विरुद्ध छापामारी किया गया। पुलिस ने थाना क्षेत्र के धमधमियाँ में अवैध रूप से शराब बेच रहे व्यक्ति राजेंद्र भोक्ता पिता स्व जीतबाहन भोक्ता को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा गया। गिरफ्तार अवैध शराब विक्रेता के पास 180 एमएल का 3 निपए 8 पीएम का 4 निपएस्टर्लिंग रिजर्व का 5 निप व 10 लीटर देशी शराब जप्त किया गया। इस संदर्भ में अभियुक्त के खिलाफ मैक्लुस्कीगंज थाना में मामला दर्ज किया गया है।

# तेज रफ्तार बस कार से टकरा कर प्लांट में घुसा, आठ घायल


खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के चायबगान ओरमांझी के पास तेज रफ्तार एक बस कार से टकराने के बाद प्लांट का दीवार तोड़ते हुए अंदर चला गया। इस दुर्घटना में एक मरीज सहित आठ लोगों की घायल होने की सूचना है। सोमवार को दोपहर दो बजे के करीब हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि रांची से हजारीबाग जा रहे झारखंड द्रुतगामी वातानुकूलित डिलक्स बस विजय रथ जेएच 02एएम-8663 जैसे ही चायबगान के पास पहुंचा। पहले आगे-आगे रांची से हजारीबाग जा रही सफेद रंग की (कीया) कार जेएच01सीओ-8477 को टक्कर मारा, फिर पेड़ से टकराते हुए सड़क से सात फिट निचे सिमेंट का स्लेप निर्माण करने वाले प्लांट का दीवार तोड़ते हुए प्लांट के अंदर घुस गया। वहीं कार डिवाईडर पर चढते हुए दूसरी दिषा में घुम गया। दुर्घटना के बाद कार व बस में सवार लोगों में चिख पुकार मच गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस द्वारा सभी घायलों को उपाचार के लिए भेजने के बाद दुर्घटना ग्रस्त दोनो वाहन को जब्त कर लिया गया। कार में चलक इरषाद अंसारी, अफसर अंसारी, शहादत अंसारी, नजमा खातुन व जबेदा खातुन सहित पांच लोग सवार थें। सभी आलम नर्सिंग में भर्ती नजमा को छुटी करा कर हजारीबाग ले जा रहे थें। नजमा का भाई असरफ अंसारी ने बताया कि प्रेगनेंट नजमा डिलेवरी के लिए आलम नर्सिंग होम में भर्ती किए थी। ऑप्रेषन हुआ है, दुर्घटना के बाद सिलाई खुल जाने के बाद फिर से आलम नर्सिंग होम में भर्ती करना पड़ा। वहीं मां जबेदा को भी चोट लगी है। इसके अलावे बस में सवार अबीदा नाज व शायना अख्तर सहित चार अन्य लोगों भी घायल हुए है। जिसका उपचार सीएचसी व रिम्स में कराया गया है। बताया गया कि बस का बाएं ओर का मिरर ठिक कराने के दौरान चालक का ध्यान भटक गया। जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। बस पेड़ में नही टकराती तो दुर्घटना और बड़ी हो सकती थी।



प्लांट में घुसा बस और क्षतिग्रस्त कार।

## ऑटो को पीछे से अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, छह घायल, दो रिम्स रेफर



**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बारीडीह गांव स्थित बजरंगबली मंदिर के समीप रविवार की शाम लगभग सात बजे अज्ञात वाहन ने एक सवारी ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ऑटो में सवार एक बुजुर्ग व पांच महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सिजुआ बेड़ो निवासी 60 वर्षीय शिवनारायण उरांव रांची नगड़ा टोली निवासी 60 वर्षीय सुकरमनी देवी सिसई गरवाली सरना टोली निवासी 40 वर्षीय बसंती देवी कोकड़े जोभी टोली बेड़ो निवासी 50 वर्षीय सोमरी देवी सिजुआ बेड़ो निवासी 40 वर्षीय लक्ष्मी कुमारी व 35 वर्षीय रेणु मुंडा है। जिन्हें सुजीत कुमार रायएपवन कुमार व सुखदेव महतो ने ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया ।जहां डा काजल सिंह ने घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल शिवनारायण उरांव व सुकरमनी देवी को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल महिला लक्ष्मी कुमारी ने बताया कि वे सभी ऑटो से अपने घर जा रही थी। तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने ऑटो में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो आगे जाकर पलट गई।

## ऑटो के ऊपर चढ़ा मिल्क वैन एक की मौत, तीन घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के ढेलवाखुट्टा में ऑटो और एक मिल्क वैन कि सीधी टककर होने से ऑटो में सवार चार लोग घायल हो गए। जिसमे एक युवती होलिका कुमारी 19 वर्ष पिता गोविन्द राम गंझु की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं इस घटना में उसका भाई संजीत कुमार गंझु 25 घायल हो गया।मृतका बोकारो जिला के कसमार थाना क्षेत्र के टोटोगढ़ा की रहने वाली थी। दोनों भाई बहन सिकिदिरी के सारुबेड़ा में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रगे थे।अन्य घायलों में बड़कीटांग सिल्ली निवासी बिट्ठू मुंडा 25 वर्ष और ऑटो चालक सिकिदिरी थाना क्षेत्र के कुटे निवासी मुर्शिद खान शामिल है। सभी घायलों को सीएचसी ओरमांझी में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदशीर्यों ने बताया कि रविवार की शाम करीब साढ़े सात बजे एक मिल्क वैन गोला से ओरमांझी की ओर तेज गति से जा रही थी। ढेलुवाखूंटा सिकिदिरी के समीप विपरीत दिशा से आ रही ऑटो को अपने चपेट में लेते हुए वैन ऑटो के ऊपर चढ़ कर पलट गई। घटना के बाद मिल्क वैन के नीचे ऑटो करीब एक घंटे तक दबी रही। ऑटो में दोनों भाई बहन दबे रहे।

### जेसीबी की मदद से घायलों को निकाला

इसके बाद सिकिदिरी पुलिस ने जेसीबी मंगाकर ग्रामीणों के सहयोग से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवती और उसके भाई को बाहर निकला। तबतक युवती की मौत हो चुकी थीं। बताया जाता है कि मिल्क वैन कि पहले एक थार से तकजर हुई थीं इसके बाद ऑटो को चपेट में ले लिया।
समाजसेवी भाजपा नेता सुजीत कुमार खालसा निवासी गोविंदा कुमार फारुख खानए विजय सिंह ज्ञान रंजन बेदिया माधु करमाली रमण कुमार आदि के प्रयास से घायलों को अस्पताल भेजा गया।

## फंदे पर झूलकर युवती ने की आत्महत्या

**मुरी।** मुरी ओपी क्षेत्र के छोटा मुरी बजार के समीप रहने वाली एक युवती ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मुरी ओपी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। जानकारी के अनुसार छोटा मुरी निवासी मुकुन्दं शर्मा की पत्नी संध्या देवी उम्र 25 वर्ष सोमवार की दोपहर अपने कमरे को बंद करके पंखे में अपने दुपट्टा के सहारे फंदे से लटक गई। काफी देर होने के बाद जब दरवाजा नहीं खोला गया तो ग्रामीणों की मदद से दरवाजा को तोड़ दिया गया। देखा गया की महिला फंदे से लटक रही है आनन फानन में उसको फंदे से उतार कर सिंगपुर नर्सिंग होम ले जाया गया जहां डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया ।इस घटना की सुचना मुरी ओपी पुलिस को दिया गया।

# भाजपा प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** केंद्रीय मंत्री व खूंटी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने तमाड़ प्रखंड के नहरी क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर जनता से संवाद किया। ओर क्षेत्र की समस्याओं से रूबरू हुआ। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के दस साल की उपलब्धियों के बारे में जनता को बताया।अपने संबोधन में कहा कि देशभर में रहने वाले किसान होए महिला होए युवा होए चाहे गरीब होए सबके लिए नीति बनाने का काम हमारी सरकार कर रही है। भारत सरकार जनता की भलाई के लिए नीतियां बनाकर राज्य सरकार को पैसा भेजती है। लेकिन राज्य सरकार इन योजनाओं को लागू करने में विफल है। केंद्र सरकार ने नल.जल योजना के लिए पैसा भेजा लेकिन आज उसका बुरा हाल है। केंद्र सरकार गरीबों के लिए मुफ्त अनाज भेज रही है लेकिन उसका भी बंदरबांट यह सरकार कर रही है। मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार सबके कल्याण के बारे में सोचती हैए सब सुखी रहे इसको लेकर कार्य करती है। गरीबों की चिंता करती है। ऐसी सरकार को हमें फिर से लाना है। फिर से हमें मोदी सरकार बनाना है। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चे शिक्षित होए परिवार स्वस्थ्य हो लोगों को रोजगार मिले। इस तरह के कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। आज हमारा देश आत्मनिर्भर बन रहा हैए विदेशों में बनने वाले समान हमारे देश में बन रहे हैं। वहीं खूंटी वासियों के लिए गर्व करने का पल यह है कि सबसे महंगा बिकने वाला फोन ष्आईफोनष यहां की बेटियां बना रही हैं। रोजगार मेले के माध्यम से हमने खूंटी लोकसभा क्षेत्र की हजारों बेटियों को रोजगार देने का काम किया है। इस मोके पर जिला सांसद प्रतिनिधि कुमार महेन्द्र नाथ शाहदेव सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा उमाकांत मानकी धन्नजंय स्वांसी चौधरी महतो महावीर सोनी विवेक गुप्ताए समेत सैकड़ों सर्मथक उपस्थित थे।



## तमाड़ : इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान



### कालीचरण मुंडा ने तमाड़ विधायक के साथ किया जनसंपर्क

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को खूंटी संसदीय सीट के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने संयुक्त रूप से जनसंपर्क अभियान चलाया। प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और विधायक विकास कुमार मुंडा ने आमलेशा बुरुडीह आचुडीह आमटांड मछुवाडीह बरलंगा मानकीडीह जाराडीह वीरडीह कुरचुडीह जोजोडीह हाड़ामलोहर बुडढ़ादीरी पालना बाबूरामडीह आदि दर्जनों गांवों में डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क करते हुये महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील किया। ग्रामीणों ने प्रत्याशी और तमाड़ विधायक का गांवो में भव्य स्वागत किया। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में खूंटी संसदीय क्षेत्र का विकास पूरी तरह ठप हो गया है। विकास के नाम पर लोगो के साथ सिर्फ धोका हुआ है। महंगाई बेरोजगारी अग्निवीर योजना सरकार की विफलता है। उन्होने भाजपा के पूर्व सांसद का पांच साल के कार्यकाल निराशाजनक बताकर कहा की अब जनता को समझ जाना चाहिए की कौन व्यक्ति उनके साथ हर कदम पर खड़ा है। उन्होने जनता से इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट कर जन समर्थन मांगा। मौके पर दर्जनों समर्थक व ग्रामीण उपस्थित थे।

## नशा मुक्त अभियन : ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला ने स्कूल में प्रोजेक्टर दिखा कर किया जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** केंद्र सरकार द्वारा चलाए गए नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला डकरा सुभाष की ओर से तीसरे व आखरी दिन सोमवार को राज चिल्ड्रेन एकेडमी में विद्यार्थियों को नशा से मुक्ति के लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से फिल्म दिखाकर जागरूक किया गया। ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला की नियमित बीके प्रीति बहन ने कहा कि बुरी आदतेंए लड़ाई.झगड़ाए नशा करने जैसी बुराइयों से हम आज भी आजाद नहीं हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि भारत विश्व गुरु बनेगाए मगर उसके लिए हमें समाज में फैली बुराइयों को खत्म करना होगा। सिगरेटए शराबए गांजाए अफीमए चरस आदि अनेक नशीले पदार्थों का नशा करके बल्कि अपनी दुर्गति कर रहा है। आज मानव खांसीए अस्थमाए कैंसर आदि अनेक बीमारियों का शिकार हो रहा है। नशे जैसी बुरी लत मनुष्य का घर तक बिकवा देती हैए रुपया न मिलने पर चोरी और लड़ाई.झगड़ा करते हैं। कार्यक्रम के अंत में कमल भाई ने राज चिल्ड्रेन एकेडमी के निदेशक सह प्रधानाचार्य राजेश सिंहए सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को शपथ दिलवाते दिलाया। उन्होंने कहा कि आप ही स्कूल और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। इस मौके पर प्रेमचंद भाई एवं राजेश सिंह ने भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त किया। वही बीके प्रीति बहन ने निदेशक सह प्रधानाचार्य शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को ईश्वरीय सौगात भेट किया । साथ ही सभी विद्यार्थियों को टोली दिया गया।



## गोविंदपुर में स्कूली बच्चों का लगा समर कैंप

**गोविंदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच की उन्नति शाखा ने रविवार को मधुबन होटल गोविंदपुर में स्कूली बच्चों का समर कैंप लगाया। बच्चों को अलग-अलग तरह की कला के अलावा योगा, कसरत, गिटार सिखाया गया। जंक फूड के नुकसान और हेल्दी फूड के फायदे बताए गए। बच्चों के स्वास्थ्य का खास ध्यान रखा गया। थोड़ी-थोड़ी देर पर उनको फल,नींबू पानी, ग्लूकोन-डी, हेल्दी लंच और इवनिंग स्नैक्स दिये गए। विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को मारवाड़ी महिला सम्मेलन की पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष रेणु दुदानी,सरोज सरिया,पदमा बुबना आदि से सम्मानित कराया। शाखा अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक स्नेहा अग्रवाल, शाखा सचिव पायल मित्तल, कोषाध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, पायल अग्रवाल आदि मौके पर मौजूद थीं।



# नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने ली सेवा की शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** सनराइज कालेज ऑफ नर्सिंग हुटुप ओरमांझी में लैंप लाइटिंग सह शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नर्सिंग छात्र छात्राओं द्वारा नृत्य गीत व कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुल प्रकाश नर्सिंग कालेज के निदेशक कुलदीप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। वही कालेज के विभिन्न इवेंट में उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रसस्ती पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कहा स्वास्थ्य के क्षेत्र में रोजगार के काफी अवसर है। नर्सिंग क्षेत्र अकेला प्रोफेषन है जहां रोजगार के साथ सेवा का भी अवसर मिलते है। कहा सनराइज नर्सिंग कालेज झारखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को भी रोजगार का अवसर प्रदान कर रही है। इससे पूर्व नर्सिंग के छात्रओं को कैपिंग कर सेवा की शपथ दिलाई गई। सनराइज कॉलेज के निदेषक युधिष्ठिर महतो ने कहा यहां एएनएम जीएनएम बीएससी नर्सिंग डी, फामेर्सी के साथ पोस्ट बेसिक नर्सिंग की भी शिक्षा दी जाती है। कार्यक्रम में प्रिंसिपल अनुपम सुरीन, उदय किरण, गौरव वचन, अखिलेश सिंह, सविता महतो, विकास कुमार, किरण मुर्मू, एलिस अता प्रतिमा कुमारी, श्वेता स्वांसी, लक्ष्मी कुमारी, स्नेहा राज सहित कई गणमान्य लोगों के साथ षिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।




कार्यक्रम प्रस्तुत करती नर्सिंग की छात्राएं।

एक नजर में

## मतदान केंद्र में 14 से 18 वर्ष के उम्र के चार वालंटियर की प्रतिनियुक्ति का प्रशिक्षण

**खलारी।** सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी 65 कांके सह प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी की अध्यक्षता में मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्त वालेंटियर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। लोकसभा निर्वाचन 2024 में वरिष्ठ एवं दिव्यांगजनों के लिए सुगम मतदान हेतु प्रत्येक मतदान केंद्र पर 14 वर्ष से ऊपर एवं 18 वर्ष से कम उम्र के चार वालंटियर की प्रतिनियुक्ति निर्वाचन आयोग के आदेश पर की गई है। वालंटियर को वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं को सहयोग करना है इसके बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी के द्वारा खलारी प्रखंड के सभी मतदाताओं से अपील किया गया। मतदान केंद्रों पर सभी तरह की मूलभूत सुविधाओं के साथ साथ वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं के सहयोग के लिए वालेंटियर भी प्रतिनियुक्त है। ऐ सभी मतदाता 25 मई को अपने मतदान केंद्र पर जाएं और अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस बार मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया है। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक मनोज कुमार एवं पूजा कुमारी के द्वारा वालंटियर्स को उनके दायित्वों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में आदित्य नाथ झा जनसेवक योगेश प्रसाद योगेश कंप्यूटर ऑपरेटर सभी बीएलओ एवं सभी वालंटियर उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित




**खलारी।** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा में इंग्लिश स्पीच कंपटीशन मे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल के प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार चौहान के द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इंग्लिश स्पीच कंपटीशन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में जूनियर वर्ग में दिव्यांश चौहान प्रथमए पायल कुमारी द्वितीयए समृद्धि चौहान द्वितीयए आफिया परवीन तृतीय एवं सीनियर आयु वर्ग में खुशी कुमारी प्रथमए सुहाना कुमारी द्वितीयए कुणाल कुमार पांडे तृतीयए एवं जवाला कुमारी तृतीय स्थान को सम्मनित किया गया।

## बेड़ो के जरिया स्थित पुल निर्माण स्थल पर अज्ञात अपराधियों ने चलाई तीन राउंड गोली

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड में अपराधी एक बार फिर अपने पांव पसारने में लगे हैं। बेड़ो के साप्ताहिक बाजार में दो माह पूर्व ही एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से ग्रामीणों में अपराधियों को लेकर खौफ बना हुआ है। इधर बाजार में हुई हत्या के बाद रविवार की संध्या करीब 4रू00 बजे के आसपास एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात हथियारबंद अपराधी पलमा से गुमला तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य करा रही आरकेडी कंपनी के जरिया पुल निर्माण के समीप अपराधियों ने एक .एक कर तीन राउंड हवाई फायरिंग कर भाग निकले। इधर पुल निर्माण के समीप अपराधियों द्वारा किए गए फायरिंग से पुल निर्माण कार्य में लगे मजदूरों में डर का माहौल बना हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार करीब 3रू55 बजे के आसपास एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधी जरिया स्थित पुल निर्माण के समीप तीन राउंड गोली चलाकर मौके से भाग निकले। इधर घटना को लेकर इसकी जानकारी बेड़ो थाना पुलिस को दी गई। जिसके बाद बेड़ो पुलिस जांच में जुड़ गई है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गेतलसूद के प्रबंध समिति का हुआ गठन

**अनगड़ा।** सरस्वती शिशु विधा मंदिर के प्रांतीय पर्यवेक्षक राममोहन बड़ाईक एवं हीरालाल महतो की उपस्थिति में रविवार को सर्वसम्मति से सरस्वती शिशु विद्यामंदिर गेतलसूद विधालय के प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया जो निम्न प्रकार है संरक्षक विगेश्वर महतो अध्यक्ष जितेन्द्र उराँव उपाध्यक्ष सत्यनारायण बड़ाईक सचिव गणेश लोहरा सह सचिव कविता देवी कोषाध्यक्ष रेणुका देवी अभिभावक प्रतिनिधि भोला महतो पदेन सदस्य सेवाराम महतो ;प्रधनाचार्यद्ध प्रांतीय प्रतिनिधि हीरालाल महतो ; जिला निरीक्षकद्ध सदस्य राजेन्द्र लोहरा दया उराँव रीता देवी आरती कुमारी श्रीमति जालकी देवी आदि मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## सुनैना सिंह किन्नर ने खरीदा नामांकन पत्र



**धनबाद**, धनबाद संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सुनैना सिंह किन्नर ने सोमवार को नामांकन पत्र खरीद लिया है। उन्होंने दावा किया कि नामांकन ऐतिहासिक होगा, क्योंकि पूरे झारखंड राज्य में वह इकलौती किन्नर हैं, जो लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रही हैं। वह 3 तारीख को पूरे गाजे बाजे के साथ नामांकन दाखिल करेंगी। यह लोकसभा चुनाव उनके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होगा।

## जयराम महतो एक को करेंगे नामांकन

**सिंदरी।** गिरीडीह लोकसभा चुनाव सीट से 1 मई को मजदूरों और गरीबों की आवाज बनकर उभरे जयराम महतो नामांकन करेंगे। सोमवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केन्द्रीय मंत्री राहुल रवानी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरिडीह लोकसभा सीट से प्रत्याशी जयराम महतो ने मजदूर दिवस को नामांकन दाखिल करने की तिथि तय की है। उन्हें झारखंड में ही नहीं महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में भी अपार सफलता मिली थी। उन्होंने कहा कि जनता का भरपूर सहयोग और आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केन्द्रीय कार्यालय मानटांड़ से वह पर्चा दाखिल करने निकलेंगे। उन्होंने नामांकन के विशाल जुलूस में शामिल होने की अपील की है।

## 18 लोगों ने खरीदे नामांकन पत्र

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद आज 18 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। इस संबंध में अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने बताया कि सामान्य वर्ग के लिए प्रति नामांकन पत्र का मूल्य 25 हजार रुपए तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए 12500 रुपए निर्धारित है।आज सामान्य वर्ग में 14, अनुसूचित जाति में 3 तथा अनुसूचित जनजाति में 1 व्यक्ति ने नामांकन पत्र खरीदा। नामांकन पत्रों की बिक्री कार्यालय अवधि के दौरान कलेक्ट्रेट में की जा रही है। बिक्री काउंटर पर जिला पंचायती राज विभाग के प्रधान सहायक श्री रमेश कुमार तिवारी, श्री शंभु महतो, श्री नंदलाल चौहान मौजूद थे।

## बूथों पर चिपकाई गई निर्वाचन की सूचना

**कुमारधुबी।** एग्यारकुंड प्रखंड अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों, सरकारी कार्यालय, पंचायत भवन में सोमवार को नोडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार झा के नेतृत्व में 07 धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन की सूचना /प्रपत्र एक/ चिपकाया गया। इस अवसर पर अमित तिवारी ,राजीव रंजन मिश्रा ,अरुण कुमार सिंह, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, कन्हैया सिंह, छत्रपति शाही किस्कू आदि मौजूद थे।

## भाजपा प्रत्याशी बीडी राम के पक्ष में जनसभा

**विश्रामपुर (पलामू)।** युवा भाजपा नेता अजय दुबे के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़, भंडार और गुरी पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के दौरान भाजपा नेताओं ने पार्टी प्रत्याशी सह निवर्तमान सांसद विष्णु दयाल राम के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की। मौके पर श्री दुबे ने कहा कि सांसद विष्णु दयाल राम का दस वर्षों का कार्यकाल विकास के नाम समर्पित रहा है। पिछले दस वर्षों में पलामू लोक सभा क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। श्री दुबे ने लोगों को केंद्र के मोदी सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे भी विस्तृत रूप से बताया। कहा कि प्रधानात्री मोदी के नेतृत्व में देश विश्वगुरु बनने की राह पर है। मोदी सरकार ने गरीब कल्याण हेतु कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम भारी मतों से चुनाव जीतेंगे।

# जनता का आशीर्वाद उनके साथ है चुनाव में जीत तय : कल्पना सोरेन

**मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सहित कई मंत्री और इंडिया गठबंधन के नेता भी थे मौजूद**




खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** झामुमो प्रत्याशी सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने सोमवार को गांडेय विधानसभा उपचुनाव से नामांकन का पर्चा भरा। इसके पहले वह समाहरणालय पहुंची और पांच प्रस्तावकों व समर्थकों के साथ एआरओ डीएसओ गुलाम समदानी के पास नामांकन पर्चा भरा। इस मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बसंत सोरेन, बादल पत्रलेख, आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, मंत्री बेबी देवी, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, बगोदर विधायक विनोद सिंह, महुआ मांझी सहित पार्टी के कई नेता मौजूद थे। कल्पना सोरेन एक दिन पहले विवार को ही गिरिडीह आ गई थी। सोमवार को झामुमो के प्रधान चुनाव कार्यालय उत्सव उपवन से उनका काफिला निकला, जो सीधे समाहरणालय पहुंचा। नामांकन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि जनता का आशीर्वाद उनके साथ है और इस चुनाव में उनकी जीत तय है। कहा कि इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती के साथ गिरिडीह ही नहीं, बल्कि पूरे देश में खड़ी है और लोकसभा चुनाव लड़ रही है। रिजल्ट आने वाले समय में दिखेगा। इधर नामांकन को देखते हुए जहां जिला प्रशासन की ओर से समाहरणालय परिसर में बेहतर व्यवस्था की गई थी। पुलिस प्रशासन सुरक्षा को लेकर चाक चौबंद था। खासकर कल्पना सोरेन के नामांकन में सीएम के शामिल होने के कारण एसपी दीपक कुमार शर्मा खुद समाहरणालय में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे थे। समाहरणालय के मुख्य गेट के पास ही डीएसपी कौशर के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर पुलिस जवान तैनात थे। समारहणालय में जाने वाले लोगों की जांच करने के बाद ही उन्हें अंदर जाने दिया जा रहा था।

### झामुमो की ग्रहण की सदस्यता

इस मौके पर बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव, बेंगाबाद प्रमुख मीना देवी, प्रणाम संस्था के सुनील यादव सहित कई नेताओं ने समर्थकों के साथ झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंच पर सीएम चंपाई सोरेन व कल्पना सोरेन ने सभी को पुष्प माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। जनसभा में आम आदमी पार्टी के नेता कृष्ण मुरारी शर्मा, जेएमएम के संजय सिंह, अजीत कुमार पप्पू, शहनवाज अंसारी, जमुआ कांग्रेस की प्रभारी डॉक्टर मंजू कुमारी, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सतीश केडिया, धनंजय सिंह, समेत इंडी गठबंधन के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# धनबाद से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो आज भरेंगे पर्चा

**राजस्थान के सीएम सहित कई दिग्गज रहेंगे मौजूद**



**धनबाद।** भाजपा लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू ने कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो 30 अप्रैल को 11 बजे नामांकन के लिए समाहरणालय पहुंचेंगे। नामांकन में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के साथ लोजपा और जेडीयू के प्रदेश नेता भी उपस्थित रहेंगे।

सोमवार को चनचनी कॉलोनी में प्रेस वार्ता में उन्होंने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि नामांकन के बाद गोल्फ ग्राउंड में सभा का भी आयोजन किया जाएगा। सभा में एनडीए के कई नेता, कार्यकर्ता और धनबाद की लोग मौजूद रहेंगे। सुरेश साहू ने कहा कि चुनाव प्रचार के लिए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वशर्मा जैसे बड़े नेताओं के आने की संभावना है। आजसू के लोकसभा प्रभारी उमाकांत रजक ने कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। इस बार देश में एनडीए को 400 पार सीट मिलेगी।

वही जदयू के नंदलाल दुबे, लोजपा के दीनानाथ ठाकुर ने कहा कि ढुल्लू महतो की जीत के लिए सभी लोग काम कर रहे हैं। भाजपा महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय, मानस प्रसून, मिलटन पार्थ सारथी,सतेंद्र कुमार, चंद्रशेखर मुन्ना,संजीव अग्रवाल, सहित कई भाजपा लोजपा, आजसू, जेडीयू के कई नेता मौजूद थे।

## पलामू में पीएम के कार्यक्रम को ले भाजपा सक्रिय, बनायी रणनीति



**मेदिनीनगर।** 4 मई को पीएम मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर मेदिनीनगर के होटल ज्योति लोक में पलामू लोकसभा की कोर कमेटी के सदस्य, सभी विधानसभा के प्रभारी संयोजक एवं सह संयोजक की बैठक हुई। जिसमें उपस्थित क्लस्टर प्रभारी प्रदेश महामंत्री राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को पीएम के कार्यक्रम में लाने की तैयारी करनी है। सभी मंडलों की बैठक जल्द कर सभी कार्यकर्ताओं एवं जनता तक आमंत्रण पहुंच जाये। लोकसभा चुनाव में 400 पार के नारा को साकार बनाना है और फिर से पीएम मोदी बनें इसके लिए पूरी ताकत लगानी है। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा की पीएम के आगमन की तैयारी में सभी कार्यकर्ता पूरे जोर-जोर से लग जाए पीएम मोदी के पलामू आगमन को लेकर कार्यकर्ता एवं आम जनता में हर्ष का माहौल है लोग उत्साहित हैं और पूरी तरह से मोदी जी को देखने और सुनने के लिए आतुर है। इस बैठक में मुख्य रूप से जवाहर पासवान, अमित तिवारी, ठाकुर महतो, रामचंद्र चंद्रवंशी, आलोक चौरसिया, पुष्पा देवी, शशिभूषण मेहता, विपिन बिहारी सिंह, अलखनाथ पांडे, श्याम नारायण दुबे प्रेम सिंह, मनोज कुमार, घुरान राम, ओमप्रकाश तिवारी, रामचंद्र यादव, अनुज पांडे प्रमोद सिंह सोमेश सिंह सुनील गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# पलामू में नौ को मिला चुनाव चिह्न

**13 मई को सुबह सात बजे से वोटिंग**

- जिले में 2447 मतदान केंद्रों पर होगा मतदान : डीसी
- सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था : एसपी

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र से कुल 11 प्रत्याशियों ने नामांकन परचा दाखिल किये थे। सभी का नामांकन वैद्य पाया गया। नाम वापसी के अंतिम दिन दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस लिया। अब कुल नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गये हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशिरंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता की।

छह मई तक घर-घर पहुंचायी जानी है पर्ची : उपायुक्त ने कहा कि पलामू जिला में 2447 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इसमें 22 लाख 43 हजार 34 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। जहां पर 13 मई को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिले के सभी बीएलओ द्वारा बूथ स्तर के मतदाताओं के बीच वोटर लिस्ट दिया जा रहा है जो छह मई तक घर घर पर्ची पहुंचा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को वोटर आईडी कार्ड के अलावे मनरेगा जॉब कार्ड, पास बुक, ड्राइवरी लाइसेंस, पेंशन बुक, स्मार्ट कार्ड, बिजली बिल समेत कुल 11 पहचान पत्र लेकर मतदान केंद्रों पर जाना है। पलामू जिला में तीन ऑब्जर्बर आये हैं जो चुनाव से संबंधित सभी पहलुओं पर नजर रख रहे हैं। यदि किन्हीं को चुनाव से संबंधित किसी प्रकार की सूचना देना है तो वे ऑब्जर्बर से मिलकर दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिले में 85 वर्ष के अधिक उम्रवाले मतदाताओं को घर पर ही मतदान कराने की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा हाथी छाप व राजद प्रत्याशी ममता भुइयां लालटेन छाप, भाजपा प्रत्याशी विष्णुदयाल राम कमल फूल, बहुजन मुक्ति पार्टी के रामबचन राम को खाट छाप, निर्दलीय प्रत्याशी गणेश रवि को तीतली छाप, राष्ट्रीय समानता दल के ब्रजेश कुमार तूरी को कैची छाप, एसयूसीआई के महेंद्र बैठा को बैट्री टार्च छाप, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया के बृंदा राम को फल टोकरी, लोक हित अधिकार पार्टी के सनन राम को सेव छाप चुनाव चिह्न दिया।

एक नजर में

## मतदाता जागरुकता के तहत नुक्कड़ नाटक



**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के छात्रों द्वारा संचालित गैर सरकारी शैक्षणिक संस्था प्रयास इंडिया के बच्चों ने लोकसभा चुनाव के निमित्त मतदाता जागरुकता अभियान के तहत नेहरू मैदान सिंदरी और गोशाला बाजार में सोमवार को नुक्कड़ नाटक किया। परिवर्तन शीर्षक नाटक में शिक्षा और रोजगार को लेकर बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। नुक्कड़ नाटक में बताया गया कि किस तरह वोट लेने के लिए नेताजी लुभावने वादे करते हैं। चुनाव के बाद शिक्षा और रोजगार की गारंटी को ताख पर रख दिया जाता है और जनता मन मसोस कर रह जाती है। नुक्कड़ नाटक में प्रयास इंडिया के बच्चनेता और जनता की वेशभूषा में शामिल थे। साथ ही प्रयास इंडिया के स्वयंसेवक भी मौजूद थे।

## समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र निर्माण के लिए भाजपा को वोट दें: सावित्री देवी



**मैथन।** धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील करने सोमवार की शाम उनकी पत्नी सावित्री देवी निरसा के भमाल स्थित श्रम कल्याण केंद्र पहुंची। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने आम लोगों से कहा कि भाजपा के पक्ष में मतदान कर आप लोग भारत को समृद्ध एवं मजबूत राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। भाजपा एकमात्र पार्टी है, जो गरीब गुरुबों को प्रत्याशी बनाती है। ढुल्लू महतो आप लोगों के बीच के हैं। उन्होंने हमेशा गरीब, शोषित, दलित, पिछड़ों की लड़ाई लड़ी है। क्षेत्र की समस्याओं का भी समाधान होगा। चुनाव के बाद भी लोगों के साथ पारिवारिक रिश्ता बना रहेगा। मौके वांपी चक्रवर्ती, बृहस्पति पासवान, सजल दास, अनिल यादव, शंकर शर्मा आदि मौजूद थे।

## पिपराटांड़ में टांगी से मार कर बुजुर्ग महिला की हत्या



**पूर्वी टुंडी।** टुंडी थाना अंतर्गत बरवाटांड पंचायत स्थित पिपराटांड बीती रात्री एक महिला की अज्ञात हमलावरों ने टांगी के वार से महिला की हत्या कर हुए फरार। घटना में संबंध में बताया जाता है की दिन रविवार को करीब साढ़े दस बजे के आसपास अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा 60 वर्षीय धनी देवी पति नुनूलाल मुर्मू की उसके पिपराटांड स्थित मकान के आंगन में टांगी से मृतक के गर्दन में वार कर उसकी हत्या कर दी। महिला रोज की तरह दैनिक मजदूरी के लिए धनबाद जाए करती थी उस दिन भी मृतिका काम कर लौटी और स्नान कर घर के बाहर आंगन में चारपाई में सो गई । प्राप्त जानकारी के अनुसार धनी देवी के साथ उसकी पोती और अन्य छोटे बच्चे आंगन में सोए थे इसी बीच देर रात अज्ञात हमलावर ने धारदार हथियार से गर्दन पर 3 से 5 वार कर उसे घायल कर दिया। बच्ची के हल्ला करने पर घरवाले निकले तब तक हमलावर भाग निकले। घायल अवस्था में परिजनों ने इलाज के लिए ले जाने के लिए निकले की रास्ते में ही मौत हो गई जिसके बाद शव को घर ले आए। ज्ञात हो कि पुर्व में भी इसी परिवार के एक युवक की हत्या कर गांव के ही मैदान में फेंक दिया था । घटना की सूचना मिलते ही टुंडी पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और घटना से जुड़ी सभी बिंदुओं पर जांच पर लग गई। सूचना पर मथुरा प्रसाद घटना स्थल पर पहुंचे और मामले के उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

# मतदान के 24 घंटे पहल सीमा होगी सील

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने सोमवार के शाम 7 बजे से मैथन स्थित अपने कार्यालय में निरसा.चिरकुंडा अंचल के सभी इंस्पेक्टर एवं थानेदारों के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समन्वय बैठक किया। जिसमें तय किया गया कि लोकसभा चुनाव से 24 घंटे पहले ही अंतर राज्यीय सीमा को सील कर दिया जाएगा एवं जगह.जगह जांच की जाएगी। जिससे कि कोई भी शरारती तत्व चुनाव में व्यवधान पैदा ना कर सके। एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने कहा कि क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिकता है। चुनाव के मद्देनजर जो भी दागी व्यक्ति हैंए उन्हें चिन्हित करने एवं वारंटियों की गिरफ्तार करने के साथ.साथ अंतराज्यीय सीमा पर सघन जांच करने सहित कई तरह के बातों पर चर्चा की गई। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव से पहले सुरक्षा बलों को हर थाना क्षेत्र में रुकने की व्यवस्था एवं उन्हें जगह.जगह पर तैनाती करने के लिए भी पुलिस पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान इंटरेस्टेड पुलिस का सहयोग भी लिया जा रहा हैए ताकि किसी तरह का कोई चुक नहीं हो सके।बैठक में अंचल के सभी इंस्पेक्टर एवं थानेदार मौजूद रहे।



## बुजुगों और बच्चों की तरह जनप्रतिनिधियों की सुविधा भी रेलवे वापस ले : सेवा सिंह

**सिंदरी।** बच्चों को रेलवे में हाफ टिकट पर रिजर्वेशन और बीमा समाप्त करने के बाद ऑल इंडिया एफसीआई वीएसएस इम्प्लाइज एशोसिएशन अध्यक्ष सेवा सिंह ने देश के जनप्रतिनिधियों की भी रेलवे सुविधा समाप्त करने की मांग की है। उन्होंने सोमवार को रेल मंत्री को इस मांग से संबंधित पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केन्द्र सरकार तुगलकी फरमान जारी कर आम जनता को विकट परिस्थिति में डाल रही है। रेलवे ने पहले तो कोरोना काल के बहाने बुजुर्गों के लिए उपलब्ध राहत बंद कर दी, जिसे पुनः शुरू नहीं किया। अब देश के भविष्य से भी सरकार नजरें फेर रही है। रेलवे ने बच्चों के हाफ टिकट पर रिजर्वेशन और बीमा बंद कर नौनिहालों के साथ खिलवाड़ किया है। इस स्कीम में अभिभावकों के साथ रेल यात्रा कर रहे बच्चों को घटना के समय राहत नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन इस कदम का पुरजोर विरोध करता है। उन्होंने मांगग की है कि सरकार सांसद, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की भी रेलवे सुविधा समाप्त करे।

## एसडीओ ने लिया विधि व्यवस्था का जायजा



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन प्रक्रिया के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने आज सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में की जाएगी। नामांकन के दौरान निरंकारी चौक से मेमको मोड़ तक (नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई 2024 तक) सुबह 10 बजे से संध्या 4 बजे तक नो एंट्री लागू है। साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू है। इस दृष्टिकोण से कलेक्ट्रेट, निरंकारी चौक तथा मेमको मोड़ का निरीक्षण कर वहां प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता एवं विधि व्यवस्था संधारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

## ढुल्लू पर आचार संहिता उल लंघन एक और मामला

**धनबाद।** भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज हो गया है। मुनीडीह की आउटसोर्सिंग इंदु कंपनी की खदान के उद्घाटन को लेकर उनके खिलाफ केस दर्ज हुआ है। उद्घाटन की अनुमति एसडीओ से नहीं ली गई थी। पुटकी थाने में दर्ज मुकदमे में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के साथ उनके 100 अज्ञात समर्थकों को भी अभियुक्त बनाया गया है। साथ ही कंपनी भी नामजद हुई है। पुटकी थाना कांड संख्या 48/24 में भादवि की धारा 188, 143, 126 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। बता दें कि खदान में उद्घाटन की सूचना पर धनबाद की डीसी माधवी मिश्रा ने एफएसटी-ग्रुप वन के दंडाधिकारी बीआईटी सिंदरी के प्रोफेसर अजय उरांव को जांच आदेश दिया था। जांच के बाद अजय उरांव ने मामले की शिकायत मुनीडीह ओपी में की थी।

# इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता ममता भुइयां को भारी मतों से विजयी बनायें: रंजीत सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



ममता भुइयां के पक्ष में मतदान की अपील करते लोग।

**पाटन पलामू।** प्रखंड के सगुना में इंडिया गठबंधन के नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में झारखंड मुक्ति मोर्चा पाटन अध्यक्ष रंजीत सिंह, कांग्रेस पाटन प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय, झामुमो के जिला संयुक्त सचिव उमाकांत सिंह, पाटन झामुमो के प्रखंड सचिव कमेश पाण्डेय, राजद पाटन के युवा अध्यक्ष रंजय यादव उपस्थित थे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में झामुमो अध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस करने का मुख्य उद्देश्य सभी इंडिया गठबंधन दल के लोग मिलकर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार ममता भुइयां को भारी मतों से विजयी बनाना है। झामुमो अध्यक्ष ने कहा कि अबकी बार जनता ने भाजपा को नकार दिया है, जिसका परिणाम कल देखने को मिला। बाबूलाल की सभा नहीं हो पायी तथा सभा स्थल पर भीड़ काफी कम थी। कहा कि इंडिया गठबंधन की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा घबरा गयी है। आदर्श ग्राम किशुनपुर में पानी के लिए लोग तरस रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में झामुमो के जिला सचिव उमाकांत सिंह ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइयां अगर चुनाव जीतती है तो किसानों के खेती के लिए पानी की व्यवस्था, बेरोजगारी दूर करने, स्वास्थ्य, शिक्षा बेहतर बनाया जायेगा।

**खास बातें :** उन्होंने कहा कि अभी चुनाव में इंडिया गठबंधन का लहर चल रही है, जिससे भाजपा के लोग हताश हो गये हैं। वहीं पाटन कांग्रेस अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय ने कहा कि अबकी बार झारखंड से भाजपा का सूपड़ा साफ हो जायेगा। अबकी बार जनता भाजपा पार्टी को जनता उखाड़ कर फेंक देगी। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइयां को पलामू की जनता अपार मतों विजयी बनाकर संसद में भेजने का काम करेगी।

## मोदी, सबका साथ और सबका विकास का काम कर रहे : दास

**सतबरवा (पलामू)।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया विधायक किसुन दास तथा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष रामेश्वर राम ने सतबरवा प्रखंड के बारी गांव में जनमानस को संबोधित किया। इस दौरान श्री दास ने कहा कि पलामू लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बीडी राम को कमल फूल पर बटन दबाकर भाजपा को अपार मतों से जितायें और मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनायें।

विधायक ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों, दलितों, शोषितों, पीड़ितों और सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किये हैं। कांग्रेस 70 सालों तक सिर्फ छला है। गरीबों का भला कांग्रेस कभी नहीं चाहती है। गरीबों का भला अगर कोई चाहता है तो सिर्फ मोदी जी ही चाहते हैं। आज विपक्ष लोगों को यह कहते हुए गुमराह कर रही है कि भाजपा सत्ता में आयी तो आरक्षण समाप्त करेगी, विपक्ष के इस जुमले में हम गरीबों को आने की जरूरत नहीं है। मोदी जी ने सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास के मंत्र को आत्मसात कर चलते हैं। मौके पर विजय पाठक, रविंद्र कुमार, कुमार गौरव, सागर पासवान, कर्मा पासवान भी थे।

# बेरोजगारी से बेहाल

**आ**रबीआई की मौद्रिक नीति समिति की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा कि युवा आयु वर्ग में बेरोजगारी सबसे ज्यादा है, लेकिन यह अस्थाई है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय युवा कौशल हासिल करने और उद्यम शुरू करने में अधिक समय लगाते हैं।

गोयल ने कहा कि मजबूत वृद्धि के साथ देश में रोजगार सृजन में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा, ह्वअधिक योग्य लोगों में युवा बेरोजगारी अधिक है, लेकिन वे अधिक वेतन भी कमाते हैं।ह्व उन्होंने कहा, इसलिए, युवा कौशल हासिल करने और नौकरी की तलाश में अधिक समय बिता रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट पर एक सवाल का जवाब दे रही थीं। इस रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में, भारत की कुल बेरोजगार आबादी में बेरोजगार युवाओं की हिस्सेदारी लगभग 83 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा, ह्वयुवा आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी सबसे अधिक है, लेकिन यह अस्थायी है इंतजार के दौरान वे अनौपचारिक काम करते हैं या उद्यमिता में जोखिम उठाते हैं, जहां बहुत अच्छा करते हैं। आइएलओ की हाल की अवधि में युवा बेरोजगारी में कमी आई है। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, बीमा, शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण सुविधाओं के माध्यम से युवाओं के लिए अवसरों को बढ़ाया जा सकता है, न कि स्थाई सरकारी नौकरियां देकर, जो सुरक्षा प्रदान करती हैं और साथ ही ठहराव भी। इस बार के लोकसभा के चुनाव में इंडी गठबंधन बेरोजगारी पर शोर तो मचा रहा है लेकिन यह मामला जितना गंभीर है उतना जोर शोर से उठ नहीं पा रहा है। सरकारी नौकरियां लगातार कम हो रही है, निजी क्षेत्र में भी मध्यम और छोटे व्यापार को फलने फूलने की चुनौती लगातार बढ़ रही है।

# कानून का कद्र


**भा**श के किसी भाग में सांप्रदायिक सौहार्द और कानून व्यवस्था भंग करने का अधिकार किसी को भी नहीं है, चाहे वह बहुसंख्यक समाज हो या अल्पसंख्यक। कई घटनाओं की प्रतिक्रिया में कथित रूप से दंगइयों के लिये बुलडोजर न्याय की व्यवस्था न तो कानून की दृष्टि से न्यायसंगत है और न ही मानवाधिकारों की ही दृष्टि से। हालांकि, उत्तर प्रदेश से शुरू हुई बुलडोजर से राजनीतिक संदेश देने की कवायद मध्यप्रदेश से होते हुए अब दिल्ली की जहांगीरपुरी तक जा पहुंची है। जहांगीर पुरी में एक धार्मिक जुलूस पर हमले के दौरान हुई हिंसा के बाद जिस तरह बुलडोजर चला, उसने राजनीतिक हलकों में तूफान खड़ा कर दिया। जिस तरह से राजनीतिक दल अपने-अपने प्रतिनिधि मंडल भेजकर वहां राजनीति कर रहे हैं, उसे भी कतई उचित नहीं कहा जा सकता। दरअसल, इस राजनीतिक खेल में असल मुद्दे पार्श्व में चले जाते हैं। अच्छी बात यह कि इस प्रकरण को सुप्रीम कोर्ट ने गंभीरता से लिया और अगले आदेश तक यथास्थिति बनाये रखने का आदेश दिया। हालांकि, कोर्ट के आदेश के बावजूद कुछ समय तक बुलडोजर चलता रहा, जिसकी खासी आलोचना भी हुई। एमसीडी के अधिकारियों द्वारा बिना समय दिये की गई कार्रवाई ने कई सवालों को जन्म दिया। निस्संदेह, बुलडोजर संस्कृति किसी निर्माण पर ही नहीं चलती बल्कि देश में लागू नियम-कानून व संवैधानिक प्रक्रिया को भी रौंदती है। हकीकत है कि दिल्ली से लेकर देश के छोटे-बड़े शहर अवैध अतिक्रमणों से हांफ रहे हैं। झुग्गी बस्तियों से लेकर पॉश कालोनियों तक अवैध अतिक्रमण की भरमार है। इससे व्यक्ति ही नहीं उसके पूरे परिवार का जीवन जुड़ा होता है। आवश्यकता है कानून के क्रद की और प्रशासनिक विफलता रोकने की।

# महंगाई को मुद्दा बनाने में चूकी कांग्रेस

**भारत** में राजनीतिक दल अपने हित साधने का कोई मौका कभी हाथ से निकलने नहीं देते हैं। किसी छोटे विषय को भी राजनीतिक दल बढ़ा-चढ़ा कर उसे जनता के सामने परोसते हैं और उनकी नजरों में अपना रसूख बढ़ाने का प्रयास करते हैं। मगर देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस इसका अपवाद लग रही है। कांग्रेस के हाथ कई ऐसे मौके लगे हैं जिन्हें भुना कर जनता की नजरों में, खासकर चुनावी समर में अपनी स्थिति मजबूत कर सकती थी मगर पार्टी ऐसा नहीं कर पाई। यूं कहें तो कांग्रेस अवसर का लाभ उठाने से अधिक अवसर गंवाने में अधिक 'निपुण' होती जा रही है। क्रिकेट की भाषा में कहें तो कांग्रेस को 'नो बॉल' पर 'फ्री हिट' मारने का मौका जरूर मिलता है मगर यह गेंद सीमा रेखा से पार पहुंचाने के बजाय बस मूकदर्शक बनकर रह जाती है। देश में आसमान छूती महंगाई एक ऐसा ही मौका है जिसे कांग्रेस ने गंवा दिया है। लगातार तीसरे महीने खुदरा महंगाई भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सहज स्तर से अधिक रही है। अगर महंगाई 6 प्रतिशत तक रहती है तो केंद्रीय बैंक इसे सहजता से लेता है मगर यह सीमा पार होते ही उसके माथे पर शिकन दिखनी लगती है। आरबीआई ने मौद्रिक नीति समीक्षा में आशंका जताई है कि अप्रैल-जून तिमाही में महंगाई ऊंचे स्तरों पर बनी रह सकती है।

एक तरफ महंगाई पूरी रफ्तार से आगे बढ़ रही है मगर दूसरी तरफ लोगों की आय थम गई है। कोविड-19 महामारी की वजह से लोगों की आय में वृद्धि लगभग शून्य हो गई है। इस वजह से लोगों को रोजमर्रा के जीवन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। देश की वर्तमान परिस्थिति में देश की सबसे पुरानी और सबसे अधिक दिनों तक शासन करने वाली कांग्रेस आखिर क्या कर रही है? पार्टी ने अपनी भूमिका ट्विटर मुद्दे उछालने और संसद में नारेबाजी करने तक सीमित कर दी है। कांग्रेस इस हद तक निष्प्रभावी हो सकती है किसी ने कदाचित कल्पना भी नहीं की होगी। अगर पार्टी को लगता कि देश की जनता ट्विटर पर और संसद में उछल रहे विषयों पर ही गौर करती है तो पार्टी को दोबारा सोचने की जरूरत है। कांग्रेस ने महंगाई पर संवाददाता सम्मेलन करने का प्रयास किया था। मगर वह कुछ ऐसे बिंदुओं की चर्चा कर रही है जो आम आदमी के बहुत मतलब के नहीं हैं। कुछ





-श्री निवासन

> जो पीपीपी नहीं समझते हैं या इससे वास्ता नहीं रखते हैं उनके लिए ये सारे सिद्धांत कोरे कागज की तरह हैं। सारांश यह है कि कांग्रेस ने लोगों को बढ़ती महंगाई का डर दिखाने के लिए इसकी व्याख्या पीपीपी आधार पर करने की कोशिश की थी मगर इसमें वह पूरी तरफ विफल रही। महंगाई पर कांग्रेस के तर्कों को कोई समझने या सुनने वाला नहीं था।

दिनों पहले पार्टी के प्रवक्ताओं ने एक समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख का हवाला देते हुए कुछ संवाददाता सम्मेलन आयोजित किए थे। इस आलेख में दावा किया गया था कि क्रय शक्ति समानता के आधार पर भारत में ईंधन के दाम दुनिया के किसी भी देश की तुलना में सर्वाधिक स्तर पर हैं। यह बात बिल्कुल सही है मगर देश में कितने लोग क्रय शक्ति समानता (पर्चेजिंग पावर पैरिटी) का सिद्धांत समझते हैं? जो लोग यह संकल्पना समझते हैं वे इसके मूलभूत सिद्धांतों पर सवाल भी उठा सकते हैं। अगर पीपीपी आधार पर आय के सिद्धांत पर विचार किए बिना पीपीपी को केंद्र में रखते हुए कीमतों पर विचार किया जाए और विभिन्न देशों में प्रति व्यक्ति ईंधन खरीदारी की तुलना की जाए तो यह पूरा विश्लेषण अपूर्ण रहता है जिससे किसी निष्कर्ष पर पहुंचना संभव नहीं है। जो पीपीपी नहीं समझते हैं या इससे वास्ता नहीं रखते हैं उनके लिए ये सारे सिद्धांत कोरे कागज की तरह हैं। सारांश यह है कि कांग्रेस ने लोगों को बढ़ती महंगाई का डर दिखाने के लिए इसकी व्याख्या पीपीपी आधार पर करने की कोशिश की थी मगर इसमें वह पूरी तरफ विफल रही।

महंगाई पर कांग्रेस के तर्कों को कोई समझने या सुनने वाला नहीं था। महंगाई का मुद्दा उछालने के लिए कांग्रेस ने प्रयास जरूर किया मगर उसके हाथ कुछ नहीं लगा। कांग्रेस यह समझने का प्रयास नहीं कर रही है कि भारत में कीमतें दुनिया के हिसाब से उच्चतम या निम्नतम स्तर पर हैं इसकी परवाह करने वाला कोई नहीं है। लोग केवल इस बात की परवाह करते हैं कि वे कल की तुलना में आज अधिक खर्च कर पा रहे हैं या नहीं और कर पा रहे हैं तो कितना अधिक। लोग इस बात की भी परवाह करते हैं कि दाम बढ? की स्थिति में वह संबंधित वस्तु का उपभोग कम कर सकते हैं या नहीं। शायद यह एक वजह हो सकती है कि सरकार नीबू के दाम 300-350 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंचने से चिंतित नहीं लग रही है। नीबू की मांग में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। लोग इतनी ऊंची कीमत पर नीबू नहीं खरीदेंगे।

हालांकि पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस के दाम एक अलग मुद्दा है। इनकी मांग कभी कम नहीं होती और हमेशा बढ़ती जाती है। ईंधन लोगों के व्यय एवं उनकी आय से सीधे जुड़ा है। एक औसत आदमी ईंधन पर अपनी निर्भरता अचानक कम नहीं कर सकता है और इसलिए उसे विवश होकर अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस आदि पर फूंकना पड़ता है।

उदाहरण के लिए किसान सिंचाई उपकरणों में केरोसीन का इस्तेमाल बंद नहीं कर सकते हैं और न ही शहरों में रहने वाले लोग घर से कार्यालय और कार्यालय से घर आने पर होने वाले खर्च में कोई कटौती कर सकते हैं। इन दोनों समूहों में कोई भी अपनी पहले से ही कम आय को लेकर कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहता है और जैसे-तैसे समय काट रहा है।

पेट्रोल एवं डीजल के दाम एक वर्ष पहले की तुलना में लगभग 40 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ गया है। कांग्रेस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तुलना करने के बजाय इस बात पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि पिछले एक वर्ष के दौरान पेट्रोल-डीजल कितने महंगे हो गए हैं। ईंधन के दाम में बेतहाशा वृद्धि गैर-जरूरी व्यय पर सीधा असर डालती है और इसका असर निजी उपभोग पर पड़ता है।

क्या महंगाई एक राजनीतिक मुद्दा रह गई है। वर्ष 2009 और 2014 के आम चुनावों से पहले महंगाई काफी ऊंचे स्तर पर थी मगर चुनाव में यह कोई मुद्दा नहीं बन पाई। वर्ष 2019 में महंगाई निचले स्तर पर थी मगर 2022 में इसने लोगों की नाक में दम कर दिया है मगर ताज्जुब की बात है कि तो क्या कांग्रेस भी यह बात समझ चुकी है इसलिए यह केवल खाना पूर्ति के लिए महंगाई का मुद्दा उठा रही है?

## खास बात

# साहित्यक रुचि

**सुधांशु कुमार**

दरअसल, इसको बड़े परिवेश में देखा जाना चाहिए। साहित्य की संप्रेषणीयता , खुले शब्दों में कहें तो उसकी लोकप्रियता, उसकी साहित्यिकता पर प्रश्नचिन्ह है। आखिर क्यों समाज का बड़ा वर्ग इससे जुड़ नहीं पा रहा है। कोई जमाना था कि प्रेमचंद को घर-घर पढ़ा जाता था। इसके बाद भारतीय साहित्य की जो महत्वपूर्ण कृतियां थीं, चाहे दक्षिण के तकषी शिवशंकर पिल्लै लिख रहे थे या गुरुदयाल सिंह पंजाबी में लिख रहे थे। एक समय अमृता प्रीतम कविता लिख रही थीं, अज्ञेय उपन्यास रच रहे थे। धर्मवीर भारती की कविता केवल अपनी भाषा तक सीमित नहीं थी। अनुवाद की समृद्ध परंपरा थी। दूसरी भाषाओं का साहित्य अनुवाद के जरिये हम तक पहुंच रहा था। अन्य प्रांतों के लोग कहते थे कि हमें हिंदी भाषा सीखनी है और धर्मवीर भारती का ह्यगुनाहों का देवता पढ़ना हैमुझे लगता है कि ये जो बड़ा रास्ता था वह किसी न किसी कारण से अब अवरुद्ध हो गया है। प्रांतीयता की संकीर्णताओं से राष्ट्रीयता का मार्ग बाधित हुआ है। भाषा के प्रति असंतुलित दृष्टिकोण हैं कई कारण हैं जिनके चलते साहित्य के प्रति अरुचि उत्पन्न हुई है। आज से पचास साल पहले जो जीवन साहित्य के माध्यम से समझा जाता था, वह सही मायनों में पूरी तरह सार्थक होता था। पूरा भारत साहित्य के जरिये एकता के सूत्र में बंधता रहा है। घर-परिवार में समझ विकसित होती रही थी। दरअसल,साहित्य के मूल में संवेदना ही है। हालांकि, लोग कहते हैं, ये टीवी-कंप्यूटर व इंटरनेट संस्कृति का युग है। लेकिन छोटे-छोटे विकासशील देशों ने भी यह सब कुछ अपनाया, लेकिन वे अपनी भाषा, संस्कृति व साहित्यिक विरासत से जुड़ना चाहते हैं।

भारत में भी अब हम इस चिंतन से जुड़े रहना चाहते हैं। ये जो भारतीय वाङ्मय है, भारतीय आध्यात्मिक साहित्य है, इसकी पूरे एशिया में महत्वपूर्ण भूमिका बनी हुई है। एशिया के साहित्यकार कालिदास को पढ़ रहे हैं। चीन में श्रीमद्भगवत गीता का विशद् अध्ययन पचास विद्वान दिन-रात कर रहे हैं। भारतीय संस्कृत साहित्य का अनुवाद करके बड़ा प्रतिवेदन तैयार कर रहे हैं।

# निष्ठा की बात


## विचार-प्रवाह

**बद्री प्रसाद सिंह**

**उनकी** निष्ठा दल के साथ न होकर अपने व्यापार के साथ रहती है। इसीलिए सरकार किसी दल की बने,यह वर्ग सदैव उन्नति करता है।यह ऐसा भामाशाह है जो राणा प्रताप तथा अकबर दोनों को थैली देता है। माफिया, बड़े अपराधी, दलाल आदि की निष्ठा सदैव ही सत्ताधारी दल के साथ होती हैं क्योंकि यह सब सत्ताधारी दल की अवैध संतानें होती हैं। सरकार की दृष्टि टेढ़ी होते ही इनका अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाता है।आज कितने ऐसे लोग जेलों में स्वेच्छा से रह रहे हैं,पता नहीं किसकी गाड़ी कब फिसल जाय या किसकी अवैध इमारत ढहा दी जाय।

अधिकांश समाचार पत्र तथा चैनल की निष्ठा भी सत्ता के साथ रहती हैं। समाचारों में निष्पक्षता, देशहित, जनहित अब गुजरे दिनों की बात हो गई है।सभी मीडिया घराने बड़े पूंजीपति ही हैं जिन्हें अपना व्यापार चलाना होता है,विज्ञापन तथा अन्य सुविधाएं लेनी होती है।जो भी संपादक, संवाददाता इसमें बाधक होता है,तत्काल निकाल दिया जाता है। मैं मेरठ में कभी ररढ था , मेरे कऋ बरेली के कार्यकाल में मेरठ के एक व्यापारी मित्र का फोन आया कि वह एक अखबार निकाल रहा है जिसका अमुक तिथि को उद्घाटन मुझे ही करना है ।मैंने कहा कि वह व्यापारी हैं, अधिक पढ़ा भी नहीं है, अखबार कैसे चला पाएगा,तो उसने हंसते हुए कहा कि बिजनेस में रोज कोई न कोई विभाग,नेता उसे परेशान करता है,पैसा मांगता है, उनसे बचने के लिए वह अखबार निकाल रहा है और दूसरे अखबारों से अधिक वेतन देकर अच्छे संपादकों को तोड़ लिया है। मैं उसकी व्यापारिक बुद्धि का कायल हो गया।

## कार्टून वर्ल्ड




भाजपा नेताओं और नरेंद्र मोदी के करीबियों के बयानों से अब साफ हो गया है कि उनका उद्देश्य है -


- संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना।

- दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करना।

**-राहुल गांधी, सांसद**

## आपके ट्वीट

अनियंत्रित कामना, अति आसक्ति और भौतिकीय प्रलोभन मन को प्रायः अस्थिर व असहज बनाते हैं । बाह्य जगत के वस्तु-पदार्थ अपूर्ण तथा अतृप्ति कारक हैं ।अतः आध्यात्मिक अवलंबन और विवेक विचार बल द्वारा मानस शुचिता बनी रहें। **-अवधेशानंद गिरी**





कार्यकर्ताओं की ऊर्जा एवं समर्पण को देख कर यह कहा जा सकता है कि पिछले विधानसभा चुनावों में कोल्हान से जिस प्रकार भाजपा का सफाया हुआ था, ठीक उसी प्रकार, इन लोकसभा चुनावों में भी होगा।

**- चंपई सोरेन, सीएम**

# राहुल गांधी को अमेठी से लड़ना चाहिए चुनाव ?

**प्रभुनाथ शुक्ल**

कांग्रेस अमेठी और रायबरेली को लेकर असमंजस में है। अपनी परम्परागत सीट पर अपना उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है। अमेठी और रायबरेली को लेकर मंथन जारी है। कहा यह जा रहा है कि यहां पांचवें चरण में वोटिंग होगी इसलिए पर्याप्त समय है। लेकिन सम्भवतः सच यह है कि अभी राहुल गांधी एवं प्रियंका खुद तय नहीं कर पाए हैं कि उन्हें चुनावी मैदान में उतरना है या नहीं। फिलहाल दिखावे के लिए यह फैसला पार्टी अध्यक्ष खड़गे पर छोड़ दिया गया है। कार्यकर्ता चाहते हैं कि राहुल गांधी और प्रियंका रायबरेली और अमेठी से चुनाव लड़ें। कार्यकताओं की मांग जायज भी है, लेकिन पार्टी राहुल और प्रियंका को उम्मीदवार बनाने में डर क्यों रही है, यह समझ से परे है। उन्हें क्या हार का डर भयभीत कर रहा या फिर वे चुनाव लड़ना नहीं चाहते हैं। ऐसा नहीं है तो उन्हें पार्टी का उम्मीदवार घोषित करना चाहिए।

कहा जाता है कि कांग्रेस में संगठन या फिर गांधी परिवार का फैसला सर्वमान्य होता है। मुझे तो ऐसा नहीं लगता क्योंकि अगर बात पार्टी स्तर पर होती तो अब तक फैसला हो गया होता। लेकिन मुझे लगता है इसमें राहुल और प्रियंका गांधी का निजी निर्णय है जिसकी वजह से पार्टी फैसला नहीं ले पा रही है। क्योंकि प्रियंका गांधी ने कई बार संकेत दिया है वह चुनाव नहीं लड़ना चाहती हैं। लेकिन वर्तमान समय में जो स्थिति है वह कांग्रेस के लिए बेहद चुनौती पूर्ण है। लेकिन अमेठी और रायबरेली के लिए यह स्थित हम गांधी

## चर्चा में

परिवार के लिए कम से कम चुनौती पूर्ण नहीं मानते हैं। क्योंकि अभी तक वहां से सोनिया गांधी संसद पहुंचती रहीं हैं। जहां तक मेरा मानना है राहुल और प्रियंका गांधी को निश्चित रूप से अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ना चाहिए। कांग्रेस के लिए हार-जीत के मायने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण अमेठी और रायबरेली की जनता का सम्मान है। क्योंकि दोनों अहम सीट गांधी परिवार की परंपरागत विरासत रही हैं। यह अलग बात है कि अमेठी से भाजपा की स्मृति ईरानी चुनाव जीतने में सफल रहीं हैं।

कांग्रेस राजनीति के संक्रमण काल से गुजर रही है लेकिन गांधी परिवार की अहमियत कांग्रेस और देश के लिए उतनी ही अहम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने सियासी हमले के लिए सीधे तौर पर कांग्रेस को चुनते हैं। भाजपा को अच्छी तरह मालूम है कि उसका विकल्प कांग्रेस ही है। उसी तरह राजनीति में यह भी सच है कि जब तक कांग्रेस है तब तक गांधी परिवार के अस्तित्व को मिटाया नहीं जा सकता है। क्योंकि गांधी परिवार ने देश, कांग्रेस और राजनीति के लिए जो योगदान दिया है देश की जनता में कहीं ना कहीं से उसके लिए सुरक्षित कोना महफूज है। सियासी आलोचनाओं की बात दीगर है। क्योंकि राजनीति एक ऐसा विषय है जिसमें विरोधी के लिए समालोचना का स्थान नहीं होता।

दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है। उत्तर प्रदेश में अगर गांधी परिवार की उपस्थिति शून्य है तो यह राजनीति के विश्लेषण का विषय है। लोकतंत्र में जय-पराजय का खेल कोई मायने नहीं रखता है। क्योंकि यह फैसला जनता के हाथ में होता है। यह वही रायबरेली और अमेठी है जहां से इंदिरा गांधी को भी चुनाव हारना पड़ा।

कांग्रेस विरोधी लहर में राजनारायण, जनता पार्टी से इंदिरा गांधी के खिलाफ चुनाव जीत गए। राहुल गांधी के खिलाफ स्मृति ईरानी जीत गईं। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि यह सीट कांग्रेस के हाथ से छिन गई। लोकतंत्र में हमेशा प्रयोग का विकल्प खुला रहता है। रायबरेली ने उन्हीं इंदिरा गांधी को फिर चुनकर दिल्ली भेजा। इसलिए हार-जीत के डर से चुनाव न लड़ना गांधी परिवार की राजनीतिक कमजोरी होगी।

## लेटर टू एडिटर

### चिपको आंदोलन

चिपको आंदोलन की शुरूआत 1973 में उत्तराखंड (तत्कालीन उत्तर प्रदेश) के चमोली जिले से हुई थी. यहां बड़ी संख्या में किसानों ने पेड़ कटाई का विरोध करना शुरू किया था. वो राज्य के वन विभाग के ठेकेदारों के हाथों से कट रहे पेड़ों पर गुस्सा जाहिर कर रहे थे और उनपर अपना दावा कर रहे थे. इसकी शुरूआत सुंदरलाल बहुगुणा ने की थी और इसका नेतृत्व कर रहे थे। **- राजकुमार सिंह, रांची**

### भेद की समझ

तत्व की दृष्टि से मनुष्य और समष्टि के अन्य प्राणियों में कोई विभेद नही है,एतदर्थ हमें समवेत होकर समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करना चाहिए।सनातन हिन्दू वैदिक संस्कृति में चिरकाल से ही वैश्विक शान्ति और सद्भावना के सूत्र समाहित हैं ! नइ महत्वपूर्ण सूत्रों को जानना आवश्यक है और युवाओं को अपनी संस्कृति पर गर्व होना चाहिए।

**- शशि कुमार, रांची**

# बौद्ध धर्म के बढ़ते प्रभाव के बीच सनातन धर्म का प्रादुर्भाव

**-अशोक प्रवृद्ध**

## चिंतन

**यही** दहस मथुरा, पाटलिपुत्र और कान्यकुब्ज की थी। नालन्दा विश्वविद्यालय वज्रयान संप्रदाय का केन्द्रस्थल था। पश्चिमी देशों के अपेक्षा भारत के पूर्वीय देशों में बौद्ध धर्म अभी संपन्न था। केवल प्रयग और काशी में बौद्धों का अत्यधिक तिरस्कार होता था तथा शिवलिंग की पूजा नगरों झ ग्रामों के प्रत्येक घरों में होने लगी थी।वैसे इस समय में सम्पूर्ण उत्तर भारत में प्राचीन वैदिक धर्म के स्थान पर नवीन हिन्दू धर्म स्थापित हो रहा था। प्राचीन वैदिक धर्म से इस नवीन हिन्दू धर्म में दो बड़े अंतर (भेद) थे - एक सिद्धांत सम्बन्धी तथा दूसरा आचार- विचार सम्बन्धी।

प्राचीन धर्म से नवीन धर्म का सिद्धांत सम्बन्धी भेद यह था कि प्राचीन वैदिक धर्म में तत्वों के देवता माने जाते थे और सर्वव्यापक सर्वशक्तिमान ईश्वर की कल्पना की गई थी उसके स्थान पर नवीन हिन्दू धर्म में ये देवता मूर्तिमान थे तथा इन पर परमेश्वर का एक मूर्त त्रिदेव समूह का था।

यही त्रैकत्व नवीन हिन्दू धर्म की एक नई वस्तु थी। आचार सम्बन्धी नई बात मूर्तिपूजा थी। वैदिक धर्म में जो यज्ञ का महत्व था वही स्थान नये धर्म में देव मन्दिरों को प्राप्त हो गया तथा प्रतिमा पूजन का प्रारंभ एक नई वस्तु थी।

स काल में सर्वत्र राजनीतिक अन्धकार व्याप्त था। कोई प्रबल स्वराज्य सत्ता देश में नहीं थी। यहअन्धरात्रि की स्थिति विशेषकर नवीं एवं दशवीं शताब्दी में थी । तत्पश्चात ग्यारहवीं -बारहवीं शताब्दी में दिल्ली और अजमेर में राजपूत राज्य स्थापित हुआ । उनकी चाल, व्यवहार, पद्धति सब विक्रम और शिलादित्य से निराली व अनूठी थी ।

इस प्रकार इस अन्धरात्रि ने प्राचीन को अवार्चीन से पृथक कर दिया था ।एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि प्राचीन हिन्दूओं ने विदेशी आक्रामकों को अपने धर्म और जाति में मलिया लिया था । वैदिक आर्यों ने जब द्रविड़, असुरों आदि से युद्ध किये तो कालान्तर में ये दोनों जातियाँ भी आर्यों में सम्मिलित हो गईं । इसी प्रकार शक, तुर्क, आभीर, सीरियन, गुर्जर, हूण आदि जातियों को भी आर्यों ने अपने भीतर सम्मिलित कर लिया था । विभिन्न जातियों को अपने में सम्मिलित कर लेने का यह कार्य आर्यों ने राजनैतिक उन्नति और सामाजिक संगठन के विचार से किया था, परन्तु इन जातियों के मिश्रण से आर्यों का प्राचीन वैदिक धर्म बिलकुल विकृत हो गया ।

इन विदेशी जातियों में अनेक समृद्ध विचार वाली तथा उन्नत आचार वाली भी थीं तथा वे जातियां अपने साथ अपने धर्म के संस्कार, अपने कुल, आचार और परम्परागत विचारों को लेकर हिन्दू धर्म में सम्मिलित होकर एक हुए । ये पश्चिमी एशिया से आई हुई जातियाँ, जो अनेक आचार साथ लाई, उनमें एक मूर्ति पूजा भी थी । प्राचीन आर्यों की दो वैदिक शाखाएँ थीं- एक ज्ञानकाण्डी जो उपनिषद्पंथी थे, दूसरे कर्मकाण्डी जो ब्राह्मणपंथी थे । बौधों ने जब वैदिक धर्म को छिन्न- भिन्न कर दिया तो नई संक्षिप्त भाषा में दर्शनादि का निर्माण हुआ । दर्शनों में प्राचीन वैदिक दोनों पंथों पर दो नये दर्शन लिखे गये ।

उपनिषद के ब्रह्म तत्व पर उत्तर मीमांसा अथवा वेदान्त और ब्राह्मणों के कर्मकाण्ड पर पूर्वमीमांसा । ये पूर्व मीमांसाकार जैमिनी उपनिषद पंथ के परम शत्रु थे । एक बात और भी थी कि उपनिषद का ब्रह्म तत्व क्षत्रियों ने और ब्राह्मणों का कर्मकाण्ड ब्राह्मणों ने अपना लिया था तथा दोनों ही वेदों को अपना समर्थक बतलाती थीं । उपनिषद पंथी राजा लोग जनक विदेह जैसे यद्यपि ब्राह्मण की कर्मकाण्ड विधि पर यज्ञ करते थे, परन्तु वे अपने ही ब्रह्मज्ञान की बातें ब्राह्मणों से छिपाते रहते थे, सरलतापूर्वक बतलाते नहीं थे ।

ऐसी परिस्थिति में भारत के केरल राज्य के कालडी ग्राम में शंकराचार्य का जन्म एक वेदाचार संपन्न तपोनिष्ठ नम्बूदरि ब्राह्मण के घर में हुआ। उनकी मातृभाषा मलयालम थी लेकिन अलौकिक प्रतिभा के बल पर बहुत कम समय में ही उन्होंने महाभाष्य पर्यंत संस्कृत का अध्ययन कर लिया। तत्पश्चात वे अद्वैत वेदान्त के महान आचार्य गौड़पाद के शिष्य गोविन्द भगवत्पाद की तलाश में लम्बी यात्रा करते करते हिमालय के दुर्गम भाग उत्तराखण्ड आ पहुंचे। गोविन्द भगवत्पाद इस कुशाग्र अल्पव्यस्क विद्यार्थी की अद्भुत प्रतिभा को देखकर चमत्कृत रह गये तथा उन्होंने इस बालक को अद्वैत सिद्धांत का गूढ़ रहस्य

## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ में फरार वारंटी गिरफ्तार



फोटो 01 गिरफ्तार वारंटी

**रामगढ़।** 14 वर्षों से फरार चल रहे वारंट सोमर मुंडा उर्फ सोमर पाहन अपने घर में छूपा हुआ था। पुलिस अधीक्षक ने बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया। टीम ने सोमवार को वारंटी सोमर मुंडा को गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि वारंटी के खिलाफ न्यायालय से कुर्की अधिपत्र निर्गत किया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ० बिमल कुमार के दिशा-निर्देश में पिछले दिनों रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न थाना/ओपी में दर्ज पुराने से पुराने कांडों में फरार चल रहे अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। छापेमारी टीम में पुअनि निमिर हेस्सा बासल थाना, पुअनि जॉनी कुमार बासल थाना एवं बासल थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर में शिशु-बाल गठित




**रजरप्पा।** रजरप्पा सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को लोकतांत्रिक तरीके से नवीन सत्र 2024-25 के लिए शिशु-बाल, किशोर तरुण एवं कन्या भारती का गठन हुआ। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने बताया कि विद्या भारती द्वारा संचालित शिशु मंदिरों में शिशु-बाल, किशोर-तरुण एवं कन्या भारती का गठन किया जाता है। इससे विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियां सुचारू रूप से चलती है। भैया-बहनों के नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। चयनित पदाधिकारियों के साथ विद्यालय की व्यवस्था में छात्र-छात्राओं की भागीदारी के लिए विभित्र विभाग जैसे-वंदना, सांस्कृतिक स्वच्छता, अनुशासन, चिकित्सा, शारीरिक, योग, खेलकूद, खोया-पाया, जल, बागवानी, पुस्तकालय आदि का दायित्व भैया-बहनों के बीच आवंटन किया गया तथा दायित्व बोध कराया गया। मौके पर शिशु-बाल, किशोर तरुण एवं कन्या भारती के संयोजक शुक्ला चौधरी, शिशु भारती प्रमुख पूनम सिंह, दुर्गा प्रसाद, बाल भारती प्रमुख गौतम कुमार,किशोर/तरुण भारती प्रमुख अमरदीप नाथ शाहदेव, कन्या भारती में विभिन्न वर्गों के प्रमुख कुमारी सुमन, ललिता गिरी, आरती झा, डॉ. गायत्री, प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना मौजूद थे। इस कार्यक्रम का संचालन बचुलाल तिवारी के द्वारा किया गया।

### अर्थशास्त्र विभाग में पोस्टर प्रतियोगिता



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में मतदान को लेकर पोस्टर प्रतियोगिता हुआ, जिसमे स्नातक एवं स्नाकोत्तर के छात्रों ने हिस्सा लिया। विवि के कुलाधिपति बी. एन. साह ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता होते रहनी चाहिए ताकि नागरिको को अपने मुलभूत अधिकारों की जानकारी होते रहे और अपनी उजवल भविष्य कि ओर अग्रेषित होते रहे। विभाग के विभागाध्यक्ष नवीन कुमार ने कहा कि किसी भी लोक तांत्रिक देश के लिए मतदान बहुत ही जरूरी है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलसचिव डॉ.निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ,परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार , विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### लापता युवक कुजू में बरामद



**कुजू।** कुजू पुलिस ने बंगाल के दुर्गापुर से करीब एक माह से लापता 26 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक को ढुंढकर परिजनों से मिलाया। बताया जाता है कि मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक सालाबारी पूर्वा डूरामारी, पश्चिम बंगाल का रहने वाला प्रमोद राय का एकलौता पुत्र प्रकाश राय मां कल्पना राय के साथ रिनपास अस्पताल रांची में इलाज कराने के लिए एक माह पूर्व, पश्चिम बंगाल से ट्रेन से चला था। इसी बीच दुर्गापुर के आसपास से प्रकाश अचानक लापता हो गया। माता- पिता और परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन प्रकाश का कोई सुराग नही मिला। अंततः हताश परिजन प्रकाश को ट्रेन से कट कर मर जाने की बात स्वीकार कर चुके थे। कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय ने बताया कि गत 26 अप्रैल की देर रात गश्ती के दौरान फोरलेन सड़क पर मानसिक विक्षिप्त हालत में युवक मिला। जिसके बाद पुलिस ने इलाज करवाया व खाना खिलवाया। साथ ही, मानसिक विक्षिप्त युवक से घर का पता पूछताछ करने पर युवक केवल बंगला भाषा में केवल एनजीपी पश्चिम बंगाल का जिक्र कर रहा था। इसके बाद कुजू पुलिस ने पश्चिम बंगाल के बानरहाट पुलिस से संपर्क किया। जिससे प्रकाश के परिजनों का पता चल पाया।

### विस्थापित संघर्ष मोर्चा की बैठक



**कुजू।** विस्थापित संघर्ष मोर्चा के ग्रामीणों के साथ सोमवार को सीसीएल अधिकारियों ने सीसीएल कुजू क्षेत्र के सारुबेडा परियोजना कार्यालय में बैठक किया। बैठक के दौरान 8 अप्रैल को मोर्चा के द्वारा परियोजना पदाधिकारी को सौंपे गये 10 सूत्री मांग पर चर्चा किया गया। चालू किये जा रहे सारूबेड़ा परियोजना के ओपन कास्ट को लेकर विचार विमर्श हुआ। बैठक में प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों को मांग को मानते हुए सभी पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। मांग में 34.56 एकड़ में नौकरी देने, प्राइवेट कंपनी में रोजगार देने पर भी प्रबंधन द्वारा सहमति दिया गया। वहीं लोकल सेल में विस्थापितों को हक देने, पुराना क्वायरी चालू करने पर प्रबंधन द्वारा जल्द ही चालू करने का आश्वासन दिया। बैठक की अध्यक्षता पीओ सुशील कुमार सिंह व संचालन कार्मिक प्रबंधक सरोज कुमार ने किया। बैठक में विस्थापित प्रतिनिधि के जगदीश महतो, पारस महतो, धनेश्वर महतो, सुनील महतो, जगन्नाथ महतो, गोपाल मांझी, अमित महतो, केतर महतो, भुवनेश्वरी महतो, ज्ञानी महतो, राजेंद्र महतो, इत्यादि लोग शामिल थे।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय पदमा की सुरक्षा में सेंध!

## बाहरी लोगों का लगता है जमावड़ा, घट सकती है बड़ी घटना

**खबर मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** सुरक्षा को लेकर कस्तूरबा गांधी विद्यालयों की अपनी एक अलग पहचान रही है। इसकी सुरक्षा में किसी प्रकार की सेंध न लगे इसे लेकर समय-समय पर अधिकारियों के स्पष्ट निर्देश दिए जाते रहें हैं। बावजूद इसके पदमा प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय में नियमों को ताक पर रखकर बाहरी व्यक्तियों का आना-जाना चर्चा का विषय है। विद्यालय परिसर में बाहरी लोगों के आने-जाने के कारण किसी बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं इन विद्यालयों में देखने को मिली है। ऐसे में बालिकाओं के लिए संचालित इन विद्यालयों की सुरक्षा चिंता का सबब है।

**▸▸ जांच करायेंगें, दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई : डीइओ**

**क्या है मामला:** शिक्षा विभाग से जुड़े सूत्र बताते हैं कि कस्तूरबा गांधी विद्यालय पदमा में आए दिन बाहरी लोगों की बैठकी लगती है। इनमें कुछ लोग शिक्षा विभाग से जुड़े बताए जाते हैं। दरअसल जिले के एक बड़े अधिकारी के खासमखास लोग किसी विभागीय मामले की निपटाने के लिए यहीं बैठकें करते हैं। सूत्रों की माने तो एक माह पूर्व इसी विद्यालय परिसर में होली मिलन समारोह आयोजित की गई थी। हालांकि यह जांच का विषय है कि किसके आदेश पर इस तरह के कार्यक्रम वहां आयोजित की गई। वहीं वार्डन की मिलीभगत से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

**सीसीटीवी फुटेज की जांच हुई तो खुल सकते हैं राज:** इन विद्यालयों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी भी इंस्टॉल की गई है। सूत्रों ने बताया कि बीते माह की 16 तारीख को रात्रि सात से आठ बजे, 19 को दिन के 12 बजे से सात बजे तक, 23 तारीख को दिन के दो बजे से पांच बजे तक व 29 मार्च को शाम तीन बजे से छह बजे तक बैठक चली थी। सीसीटीवी फुटेज की जांच से सब कुछ साफ हो सकता है।

अन्य दिनों में भी यहां बाहरी तत्वों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में यदि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाए तो तो यहां होने वाली हरकतों का पता चल सकता है।

इस मामले पर डीईओ प्रवीण रंजन ने कहा कि बालिकाओं की सुरक्षा के साथ समझौता नहीं की जा सकती। सुरक्षा के मानकों का पालन करना सबकी जिम्मेवारी है। अब सूचना मिली है तो अधिकारियों की टीम विद्यालय जाकर इसकी जांच करेंगे। जो भी दोषी होंगे उन पर कार्रवाई भी की जाएगी।

**क्या कहतीं हैं वार्डन:** कस्तूरबा गांधी विद्यालय पदमा की वार्डन मेनका मेहता ने कहा कि बाहरी लोगों के आने की सूचना गलत है। सिक्योरिटी लैप्स होगी उसकी सारी जिम्मेदारी मेरी है। ऐसे में एक महिला होने के नाते मैं कभी नहीं चाहूंगी की मेरी स्कूल की बच्चियां किसी भी तरह की परेशानी में पड़े।

# तीसरी बार मोदी पीएम बनेंगे तो देश की बदलेगी तस्वीर : मनीष

## भाजपा प्रत्याशी व पूर्व विधायक ने बरही में किया जनसंपर्क

**आपका समर्थन जायसवाल के जीत की गारंटी : मनोज यादव**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के साथ दर्जनों गांवों में जनसम्पर्क अभियान चलाकर मांगा वोट। अभियान की शुरूआत सिंघरावां मोड़ से हुआ।भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश साव व मुखिया बिरेन्द्र रजक के अगुवाई में स्वागत किया गया। बच्छई पंचायत के मलिकाना, गोविंदपुर पंचायत के लराही, गोरखा, भटबिगहा में सैकड़ो बाइक के साथ प्रत्याशी का स्वागत किया गया। इस दौरान डेबो पंचायत के चक, नवादा, डेबो, करमा में भव्य स्वागत हुआ। प्रत्याशी ने भगवानपुर, पोडो, इगुनिया, पडरिया, ब्रहमोरिया, सेलहारा, पाण्डेयबारा, केंदुवा में चला जनसम्पर्क अभियान। वहीं बसरिया में रोड शो हुआ, जहां सैकड़ो ग्रामीणों ने अबकी बार मोदी सरकार के नारों को समर्थन दिया। जायसवाल ने कहा कि मोदी की गारंटी को दोहराते हुए कहा कि देश आज सुरक्षित हाथो में है। मोदी जी के जनहित व कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। आज दुनिया भारत को सम्मान की नजरों से देखता है। तीसरी बार मोदी पीएम बनेंगे तो कई योजनाएं है जो भारत का तस्वीर बदल देगा।पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार के प्रति लोगों में उत्साह का माहौल है। प्रचंड गर्मी में आपका घरों से बाहर निकलना मनीष जी के जीत की गारंटी बन रहा है। श्री यादव में कहा कि देश में आरक्षण को लेकर विपक्ष भ्रम फैला रही है। मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि किसी में दम नहीं है जो आरक्षण को समाप्त कर दे। अभियान में मंडल अध्यक्ष सुरेश साव, जिला परिषद सदस्य आरती कौशल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेखा देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप मंत्री गुरुदेव गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष गजाधर प्रसाद, समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, अशोक यादव, रामस्वरूप पासवान, राजेन्द्र चनद्रवंशी, अर्जुन साव, महामंत्री अरविंद सिंह, अरविंद साव, बालेश्वर साव, मोहन साव, विजय यादव, नरेश पासवान, पिन्टू सोनी, मुखिया मंटू सिंह, पप्पू रजक, सन्तोष सिंह, पप्पू रजक, भाजपा नेता देवल यादव, संजय यादव, त्रिलोकी यादब, सुरेन्द्र रजक, राजू यादव, मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, सुनील सिंह, शिवकुमार प्रजापति, उमेश पासवान, बिनय रजक, बासुदेव यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### ओलिंपियाड में सफल प्रतिभागी सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के बच्चों ने ब्लूमकैंप एडवेंचर के द्वारा आयोजित ब्लूम ओलिंपियाड में सफलता का परचम लहराया है। सोमवार को प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में प्राचार्य विजयंत कुमार ने बच्चों को प्रशस्ति-पत्र, प्रमाण-पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। ब्लूम ओलिंपियाड के विभिन्न विषयों गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कंप्यूटर, अर्थशास्त्र, एकाउंटेंसी और इंग्लिश विषयों में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं से बच्चों ने गोल्ड, ब्रांज और सिल्वर मेडल जीता। साथ ही साथ वैभव कुमार गुप्ता को नेशनल रैंक दो, शैलेश कुमार को नेशनल रैंक 11वां और अनीश कुमार दास को नेशनल रैंक 6वां प्राप्त हुआ। इस अवसर प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि विभिन्न प्रकार के ओलिंपियाड से बच्चों के कंपीटीशन लेवल में सुधार आता है। ओलंपियाड इंचार्ज धर्मेश कुमार सोनी ने कहा कि लगातार बच्चे इस प्रकार के प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे हैं। इससे शिक्षा के प्रति लगाव बढ़ता है।

# भुरकुंडा में रोटरी क्लब ने बच्चों के लिए सरकारी स्कूल में लगाया झूला




भुरकुंडा (रामगढ़)। बच्चों के शारीरिक विकास के लिए जरूरी फिजिकल एक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए रोटरी क्लब रांची टाउन ने शानदार पहल की है। अपनी पहल के तहत क्लब द्वारा विभिन्न सरकारी स्कूलों में झूला उपलब्ध कराया जा रहा है। इस कड़ी में उच्च कृत माध्यमिक विद्यालय में क्लब ने एक झूला लगाते हुए उसका उद्घाटन किया। रोटरी के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय छाबड़ा ने झूले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अजय छाबड़ा ने कहा कि यदि समाज का प्रत्येक सक्षम व्यक्ति सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े, तो बच्चों के लिए कभी किसी संसाधन की कोई कमी नहीं होगी। झूले पर खेलने से बच्चों की मांसपेशियां मजबूत बनेगी। उनकी एरोबिक क्षमता बढ़ेगी। क्लब टाउन की अध्यक्ष मंजू गंभीर ने क्लब के इस बेहतरीन प्रोजेक्ट के बाबत कहा कि संसाधन के अभाव में सरकारी स्कूलों में बच्चों के शारीरिक फिटनेस पर ज्यादा जोर नहीं रहता है। उन्हें सिर्फ पढ़ाई और मिड डे मील से जोड़कर रखा जाता है। जबकि बच्चों के शारीरिक विकास के लिए विभिन्न खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों का होना जरूरी है। क्लब ने इस कमी को महसूस किया और अपने सभी सदस्यों की मदद से इस प्रोजेक्ट को शुरू किया है। उन्होंने बताया कि अब तक करीब एक दर्जन स्कूलों में झूले लगाने का काम पूरा किया जा चुका है। जल्द ही चिन्हित किये गए अन्य स्कूलों में भी झूला लगाकर बच्चों के शारीरिक विकास को प्रशस्त किया जाएगा। पूर्व में क्लब के द्वारा इस विद्यालय में वाटर फिल्टर भी लगाया जा चुका है। इस अवसर पर रोटरी रांची में टाउन के सदस्य भूपेंद्र जग्गी, पूनम छाबड़ा, दीपेश नवल, बीके झा, प्राचार्य मो. कयामुद्दीन आदि मौजूद थे।

### बरका-सयाल में श्रमिक संगठनों ने मनाया औद्योगिक दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बरका-सयाल प्रक्षेत्र के भुरकुंडा कोलियरी के अंदर ग्राउंड खान के समीप रविवार को सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को लेकर श्रमिक संगठनों ने औद्योगिक दिवस मनाया। इस अवसर पर अधिकारियों और श्रमिकों ने संयुक्त रूप से झंडोतोलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात अपने कार्य में सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर सामुहिक शपथ लिया गया। इस दौरान उत्पादन मस्ट बट सेफ्टी फर्स्ट का नारा बुलंद करते हुए उपस्थित अधिकारियों और श्रमिकों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर भुरकुंडा खान प्रबंधक अविनाश चंद्रा, बबलु कुमार, अंकुर विश्वनाथ, रिशु कुमार सिंह, शशि कुमार सिंह, शाखा सचिव पप्पु सिंह, एसएम राजकुमार, मनोज राम, ओमप्रकाश, बी. बालपत, रामाकंत प्रसाद, रामदेव महतो, अरविंद सहाय, उपेन्द्र कुमार, बुधनी, सुलेन्द्र, शिव कुमार, पंकज सहित दर्जनो श्रमिक मौजूद थे।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**▸▸ राजनीति को लेकर खुलकर छात्रों ने अपना विचार रखा**

हजारीबाग। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के सभागार में सोमवार को शिक्षा और समाज और विद्यार्थियों के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर वाद-विवाद और निबंध प्रतियोगिता हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के छात्रों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में युवाओं और राजनीति को लेकर खुलकर अपने विचार रखे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली की भूमिका में डॉ रोजीकांत, डॉ पूनम चंद्रा व प्रभात किरण जबकि निबंध प्रतियोगिता में अजीत कुमार, संजय दांगी व पंकज प्रज्ञा ने निर्णायक मंडली की भूमिका निभाई। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि दरअसल वाद-विवाद, निबंध या अन्य प्रतियोगिताओं से ना केवल विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है बल्कि उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी जागृत होती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के समावेशी विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यही वजह है कि पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां व अन्य प्रतियोगिताओं के लिए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। बताते चलें कि 30 अप्रैल को मेंहदी, चित्रकला, 01 मई को गायन, 02 मई को नृत्य, 03 मई को फैशन शो और 04 मई को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सभी विजेता प्रतिभागियों को आगामी 16 मई के स्थापना दिवस कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में सेक आबिद, सर्वजीत कुमार, मनीष कुमार, सार्थक कुमार, समर्थ कुमार, अनुज कुमार पाण्डेय, राज सौरभ, सुरभी नायक, श्रुति सिंह, कुंदन कुमार यादव, प्रेमचंद कुमार, राहुल कुमार यादव, हेरा फातिमा, तनिष्का कुमारी, रौशन कुमार, सूरज कुमार, अंकित कुमार सहित अन्य के नाम शामिल हैं जबकि निबंध




प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में ओम सिंह (बीबीए), तृशा कुमारी (बीए हिंदी), डॉली कुमारी (बीए भूगोल), प्रियंका कुमारी (बीए भूगोल), अंकित कुमार (एमएससी भौतिकी), सहिस्ता परवीन (बीए राजनीति विज्ञान), जेपी सिंह (सीएस एंड आईटी), अनु प्रतिभा (एमएससी, गणित), रिया कुमारी (बीए भूगोल) सहित अन्य के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक समिति प्रमुख डॉ प्रीति कुमारी, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रोजीकांत, रितेश गुप्ता, सीमा कुमारी, सबीता कुमारी, एकता कुमारी, रविकांत कुमार, अमित कुमार सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एक नजर में

### कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल के नामांकन में विष्णुगढ़ से हजारों लोग होंगे शामिल



विष्णुगढ़। बिष्णुगाढ झामुमो कार्यालय में सोमवार को इंडिया गठबंधन की एक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कांग्रेस के अध्यक्ष अब्बास अंसारी एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष कपिल देव चौधरी ने किया एवं संचालन विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव ने किया। बैठक में लोगों ने जे पी पटेल को जिताने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जयप्रकाश भाई पटेल झारखंड आंदोलनकारी माटी का बेटा है इसलिए कार्यकर्ता सहयोग के रूप में चंदा देकर चुनाव जिताने का निर्णय लिया । कार्यकर्ताओं से कहा गया कि एक मई को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल कांग्रेस से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में नामांकन दाखिल करेंगे, जिसमें बिष्णुगढ से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। बिष्णुगढ प्रखंड को कई जोन में बाटकर तथा पंचायत में प्रभारी नियुक्त कर इंडिया गठबंधन को मजबूत करने का काम किया जाएगा। चुनाव संचालन के लिए प्रखंड स्तर पर एक समन्वय समिति बनाई गई समन्वय समिति में झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस भाकपा माले मार्क्सवादी समन्वय समिति के प्रखंड नेतृत्वकारी अध्यक्ष और सचिव को शामिल किया गया है। मौके में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी झारखंड मुक्ति मोर्चा कपिलदेव चौधरी सचिव संजय प्रजापति अनुराग वर्मा राणा इकबाल खान जगदीश बर्मन महताब हुसैन जगन्नाथ महतो हिरामन महतो शंकर महतो निरंजन महतो बुधन महतो चेतलाल महतो वासुदेव महतो महेंद्र कुमार अमन भाई पटेल उत्तम महतो मुखिया त्रिवेणी प्रसाद फूलचंद महतो लखन महतो बुधन महतो किशोरी महतो फिरोज अंसारी परमेश्वर महतो हेमलाल महतो चेतलाल टुडू धनेश्वर महतो टेकलाल कुमार महेंद्र राम जगदीश प्रसाद विजय कुमार लालजी महतो महेंद्र महतो दुलारचंद महतो सीताराम महतो रामलखन महतो एवं काफी संख्यामें समर्थक उपस्थित थे।

### सरकारी जमीन पर बन रहा धर्म कांटा



**कटकमसांडी।** रेलवे कॉल साइडिंग के महज आधा किलो मीटर के दूरी पे सरकारी जमीन है जिसका खाता नंबर 05 बताया जा रहा है जो पूर्ण तरीके से सरकारी जमीन है जिस पे धर्म कांटा का कार्य बेखौफ तरीके से हो रहा है।बताया जा रहा है की इस से पूर्व कटकमसांडी प्रशासन के द्वारा धर्म कांटा का कार्य रोकवाया भी गया था ।लेकिन वर्तमान में काम चालू है बताया जा रहा है की दबंगों के द्वारा प्रशासन के सारे नियमों को ताक पर रखकर बेखौफ तरीके से सरकारी जमीन में कांटा का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीण के विरोध करने पे दबंगों के द्वारा धमकी भी दिया जाता है और बोला जाता है की काम बेखौफ तरीके से करेंगे पुलिस प्रशासन सब मेरे हाथ में है जहां जाना है वहां जाओ कुछ नही होने वाला है। बता दें कि जिस एरिया में कांटा का निर्माण हो रहा है वहां से महज दो सो मीटर के दूरी पे एक बड़ा सा आवासीय विद्यालय है जिसका नाम उर्स लाइन हाई स्कूल करिवासन है । इस विद्यालय में कक्षा एक से दसवीं तक का पढ़ाई कराई जाती है अगर इस स्कूल के इर्द गिर्द कांटा का निर्माण होगा तो हर एक दिन दुर्घटना होने का संभावना है, और इस से आस - - पास के ग्रामीणों को कटकमसांडी मुख्यालय आने जाने में भी काफी कठनाई का सामना करना पड़ सकता है । ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी जमीन पे धर्म कांटा का निर्माण जो हो रहा है इसे हर हाल में बंद होना चाहिए हमलोग प्रशासन से मांग करते है अगर काम नही रुका तो प्रशासन के खिलाफ किया जाएगा उग्र आंदोलन।

### चौपारण में 15 पशुओं के साथ चार गिरफ्तार

चौपारण। गौ तस्करों पर लगातार प्रहार के क्रम में रविवार को भी पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के द्वारा गुप्त सूचना के बाद गया (बिहार) की ओर से एक ट्रक वाहन पंजियन संख्या- एच आर-55एए-6990 में गौवंशीय पशुओं को लोडकर तिरपाल से ढंककर तस्करी करने हेतु बंगाल वधशाला में ले जाया जा रहे तस्करों को दबोचा गया। सूचना के आधार पर एक छापामारी दल का गठन किया गया और त्वरित कार्रवाई हेतु छापामारी दल के साथ चोरदाहा चेकपोस्ट पहुंचकर गया (बिहार) की ओर से आने वाली वाहनों का सघन जांच किया जाने लगा। इसी दरम्यान समय करीब 8 बजे एक सफेद रंग का ट्रक तिरपाल ढंका हुआ आता दिखाई दिया, जिसके नजदीक आने पर सूचनानुसार चालक को वाहन रोकने का ईशारा किया तो वाहन चालक वाहन को करीब 50 गज पीछे ही रोक दिया और वाहन से 04 व्यक्ति उतरकर भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हें साथ आये पुलिस बल के जवानों के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्तियों में 1. सेख सुजाउद्दीन उम्र 30 वर्ष पिता-शेख मोहम्द अली सा० मीठापुकुर थाना- बजबज जिला- दक्षिण 24 परगणा (वेस्ट बंगाल) 2- शेख मुरसलीम उम्र 35 वर्ष पिता- शेख नुर नबी सा० मीठा पुकुर थाना- बजबज जिला- दक्षिण 24 परगणा (वेस्ट बंगाल), (3) राजकुमार उम्र-50 वर्ष पिता- स्व० रामलाल सा० 623(बी) वार्ड नं0-24 जंडीवाली गली रानीया रोड थेड मोहल्ला, सिरसा हरियाणा, (4) मंगल उम्र 37 वर्ष पिता- अंग्रेज कुमार, गुरुतेख बहादुर नगर सिरसा हरियाणा बताया गया।

### सेवा सहयोग समिति ने लगाया प्याऊ

**हजारीबाग।** शहर में बढ़ते गर्मी को देखते हुए हर तरफ गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न प्रकार की इंतजाम किए जा रहे हैं स्कूल के बच्चों का टाइमिंग में बदलाव किया गया है। गर्मी आते ही लोगों को ठंडी पानी की ललक लगने लगती है। और ऐसी स्थिति में शहर तथा ग्रामीण इलाकों में लोगों को उनकी प्यास बुझाने के लिए सेवा सहयोग समिति सहारा बन रहा है। शहर के डिस्ट्रिक्ट मोड चौक स्थित आरोग्यम अस्पताल के समीप सेवा सहयोग समिति के द्वारा रविवार को सुबह प्याऊ की व्यवस्था की गई। जिसका शुभारंभ सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष सह युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा सहित शहर के कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति में किया गया। वही ग्रामीण इलाकों में भी प्याऊ लगाया गया। ग्रामीण वासियों ने इसका शुभारंभ किया।

### जलापूर्ति योजना को लेकर बैठक

भुरकुंडा (रामगढ़)। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ के प्रमंडलीय कक्ष में सोमवार को भुरकुंडा ग्रामीण जलापूर्ति योजना का हस्तांतरण से संबंधित कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता रामगढ़ के अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, गुणवत्ता प्रबंधक, संवेदक का सदरूस्य शिवकुमार सिंह, जवाहर नगर पंचायत की मुखिया फूलमती देवी, सुंदरनगर मुखिया व्यास पांडेय, कुरसे मुखिया संदीप उरांव, भुरकुंडा मुखिया अजय कुमार पासवान, पटेलनगर मुखिया गुलाब देवी, सुंदरनगर की जलसहिया शोभा चौधरी, जवाहर नगर की जलसहिया मंजू देवी, भुरकुंडा की जलसहिया खुशबू कुमारी, कुरसे की जलसहिया गीता देवी, पटेलनगर की जलसहिया प्रतिमा सिंह उपस्थित थीं। बैठक में पांचो पंचायत जवाहर नगर, सुंदरनगर, कुरसे, भुरकुंडा व पटेलनगर के मुखिया एवं जल सहिया के बीच सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि जवाहर नगर की मुखिया फूलमती देवी इस योजना की अध्यक्ष व पटेलनगर पटेल नगर की मुखिया गुलाब देवी उपाध्यक्ष होंगी। कोषाध्यक्ष सुंदरनगर की जलसहिया शोभा चौधरी होंगी। भुरकुंडा ग्रामीण जलापूर्ति योजना में राशि का जो भी लेन-देन होगा वह अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष तीनों के जॉइंट हस्ताक्षर से ही की जाएगी। योजना सही से नहीं चलने पर समिति को भंग करते हुए नया समिति बनाकर इसका गठन किया जायेगा।

# स्वामी अद्वैतानंदजी महाराजः तत्व ज्ञान के प्रखर स्तंभ

स्वामी अद्वैतानंद जी महाराज के समाधि स्थल को पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने फिर से बनाने का आदेश दिया है। इस महान संत का जन्म बिहार के छपरा में हुआ आज से लगभग 200 साल पहले 1846 में हुआ था। स्वामी जी के अनुआयियों ने पाकिस्तान स्थित टेरी में उनकी समाधि का निर्माण कार्य नारियल फोड़ कर आंरभ भी कर दिया है। इस समाधि स्थल सह तपोभूमि को तोड़ने और आग लगाने की अपमानजनक कार्रवाई की देश विदेश में आलोचना की गयी। पूरे पाकिस्तान में भी इस बात को लेकर खास समूह की भर्त्सना हुई।

समाधि स्थल को पहले भी तोड़ा गया था जिसे फिर से बनाया भी गया।

**कौन है स्वामी अद्वैतानंद जी परमहंस**


स्वामी अद्वैतानंद जी का जन्म छपरा के दहियामा में रामनवमी के दिन 1846 में हुआ था। इनके पिता का नाम तुलसीराम पाठक और दादा जी का नाम ख्यालीराम जी पाठक था। उनके जन्म स्थान पर एक स्मारक बनाने की प्रकिया चल रही है जो ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम के तत्कालिन पदाशीन स्वामी सत्यानंद जी परमहंस द्वारा किया जा रहा है। नौ माह के जीवन में माता के निधन के बाद लाला नरहर दास और उनकी पत्नी को सौप दिया जिन्होंने उनका लालन पालन किया। इनका बचपन का नाम रामनवमी को जन्म लेने के कारण रामयाद पड़ा। बचपन में इन्हें अरबी और संस्कृत की शिक्षा लाला देवी प्रसाद से प्राप्त की। पांच साल की उम्र में इनके पिता तुलसीराम पाठक का भी निधन हो गया। बचपन से ही इनकी भक्ति में प्रगाढ़ रूचि थी। सतसंग में इनका मन लगता था। योग चर्चा में कुछ प्रकिया जानकर वे नौ वर्ष के उम्र में ही साधना के बल पर ध्यानस्थ होने और शरीर को भूमि से उपर उठा लेने की सिद्घि प्राप्त कर ली जिसे देखकर छपरा के लोग चकित रह गये। लोगों ने इन्हें इस अभ्यास को फिर न करने की सलाह दी।

लाला साहब के निधन के बाद उनका मन संसार से विरक्त हो गया और इन्होंने इस अल्पआयु में वैराग्य का निश्चय किया।


**अद्वैतानंद जी का अध्यात्मिक जीवन**

इनके पिता ने केदारघाट काशीवाले श्री परमहंस जी से ब्रम्हविद्या का उपदेश लिया था। अद्वैतानंद जी ने उनसे ब्रम्हा विद्या की दीक्षा ली। लेकिन दो परिवार के एक मात्र वारिश थे और बड़ी संपति के अधिकारी थे। गुरु ने भी पालनहार माता के रहते सन्यासी बनने का आदेश नहीं दिया। गुरुजी, संत अद्वैतानंद जी को बचपन में हापू कहकर पुकारते थे। जबकि लोग उन्हें रामयाद कहकर पुकारते थे। लेकिन लालाजी के मौत के तीन साल बाद उनकी पत्नी का निधन हो गया। संत अद्वैतानंद जी अपनी अंतिम जबावदेही का पूरी निष्ठा से पालन कर अंतिम संस्कार किया। तब उनकी उम्र 17 साल थी।

परिजनों ने घर में रहने का दबाव बनाया लेकिन वे सन्यास धारण कर छपरा से बक्सर पहुंचे। बक्सर से नौह्टटा होतु हुए वे अकबरपुर के जंगल में पहुंच गये। जंगल में जानवरों के साथ अवधूत की तरह बिना वस्त्र के रहने लगे। उन पर एक पुलिस इंस्पेक्टर बालमुकुंद सिंह ने उन्हें देखकर समझ लिया की कोई तपस्वी है। वह सदैव उनकी सेवा में तत्पर रहने लगे। छह वर्ष वहां बिताकर वे वहां से डुमरांव चले आये। वहां उन्होंने संकल्प लिया कि रमता जोगी बहता पानी ठहरे गंदला होय। किसी भी स्थान पर तीन दिन से अधिक न ठहरने की प्रतिज्ञा कर ली। वहां से वे महाराजगंज, बढ़पुर,बेसपुर, विलौटू,आरा,बेहरा, खगोल, दानापुर, बांकीपुर, लोदी कटड़ा आदि स्थानों पर भ्रमण करते हुए पटना पहुंचे। इस प्रकार लगभग चार वर्ष तक भ्रमण करते हुए बलिया, गाजीपुर,सारण, चंपारण भ्रमण करते हुए संवत 1920 से 1936 तक का समय व्यतीत किया। इस बीच संत महात्माओं के साथ रहे। फिर वे अयोध्या, मथुरा, वृदावन गये। जहां उन्हें महान संतो का सानिध्य मिला। इसके बाद वे संवत 1940 में जयपुर गये जहां स्वामी आंनदपुरी से उनकी मुलाकात हुई। आंनदपुरी एक गुमास्ता के पुत्र थे जो बड़ी संपति ठुकराकर वैराग्य धारण कर चुके थे। उन्होंने संत अद्वैतानंद जी को अपना उत्तराधिकारी बता कर शरीर त्याग दिया। लगभग 22 वर्ष तक जयपुर में भक्ति फैलाने के बाद एक दिन दिवान भगवानदास ने संत अद्वैतानंद जी को टेरी चलने का आग्रह किया। टेरी दिवान जी का जन्म स्थान था। संवत 1956-57 में वे टेरी पहुंचे। वहां स्वामी जी थोड़ें समय में ही प्रसिद्ध हो गये। टलबुलंद,कोहाट, पेशावर, बन्नू, लक्की पर्वत,डेरा इस्माईलखां, जट्टा और लाची सहित देश के बड़ें हिस्से से लोग उनका सत्संग सुनने आने लगे। टेरी में सर्दी अधिक पड़ती थी। 11 फरवरी सन 1915 को उन्हें पक्षाघात का शिकार हो गये। टेरी में 13 जनवरी को उन्होंने आश्रम के काम योग्य शिष्यों के बीच बांट दिया। 15 जुन 1919 को अन्न त्याग दिया। पांच जुलाई को अपनी मृत्यु की घोषणा कर दी और गुरुवार आसाढ़ शुक्ल द्वादशी संवत 1976 विक्रमी सन 10 जुलाई 1919 को सुबह 6 बजे प्राण त्याग दिया। भक्त हरिचंद के मकान में ही पवित्र समाधि दी गयी।






वर्तमान समय में ब्रह्म विद्यालयआश्रम छोटका राजपुर ब्रह्म विद्या का केन्द्र है जिसकी स्थापना 1008 स्वामी शिवर्धमानंद जी परमहंस ने की है। उनकी इच्छा थी कि छपरा की भक्ति छपरा पहुंचे और वर्तमान स्वामी सत्यानंद जी परमहंस ने स्वामी अद्वैतानंद जी के छपरा और उनके नानी घर नंद पुर में ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम स्थापित कर गुरुदेव की इच्छा को पूरा किया। इस स्थान पर स्वामी अद्वैतानंद जी के जन्म दिवस पर स्वामी सत्यानंद जी के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली जाती है। यह पद यात्रा परमहंस दयाल के जन्म दिन के अवसर पर उनके नानीघर नंदपुर से दहियांवा स्थित उनके जन्म स्थल तक आयोजित होती है। ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम के वर्तमान स्वामी सत्यानंदजी परमहंस के नेतृत्व में यह धार्मिक आयोजन किया जताा है। जिसमें पूरे देश से भक्त शामिल हुए। आज भी देश में स्वामी अद्वैतानंद जी की छपरा से टेरी तक और टेरी से छपरा लौटने की भक्ति यात्रा भारतीय सत्य सनातन के दसनामी तत्व ज्ञान और सन्यास धर्म को जीवित रखा है।

दौ सौ साल से यह भक्ति की धारा को स्वरूपानंद जी महाराज जन्म 1884 मृत्यु 1936 आत्मविवकानंद जी महाराज जन्म 1864 से मृत्यु 1949 शिवधर्मानंद जी जन्म 1907 से 20 मार्च 1999 तक और वर्तमान में स्वामी सत्यांनद जी परमहंस 1999 से से वर्तमान में पदासीन है। वर्तमान में इसका मुख्य आश्रम स्थान छोटका राजपुर जिला बक्सर गंगा तट के किनारे स्थित है। इसकी स्थापना स्वामी शिवधर्मानंद जी ने की है। पाकुड़,गढ़वा,जमशेदपुर, बोकारो, रांची में स्थित आश्रम सहित पूरे देश में इस मत के अनुआयी इन्हें अध्यात्मिक गुरु मानते हैं। (**प्रस्तुतिः मुरलीधर**)

# समग्र क्रांति के अग्रदूत स्वामी दयानंद

**डॉ. मोक्षराज**

**गुजरात** के गांव टंकारा में जन्मा एक ऐसा महापुरुष जिसके तर्क आज भी अकाट्य हैं। दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्राप्त कवि प्रदीप ने ऋषि गाथा लिख व गाकर, बाबू देवेंद्रनाथ मुखोपाध्याय, रक्तसाक्षी पं. लेखराम, पं. घासीराम, मुंशी प्रेमचंद एवं कविवर मैथिलीशरण गुप्त ने लेखबद्ध कर गुजरात की धरती में जन्मी इस दिव्य आत्मा का गुणकीर्तन किया है ।

पाश्चात्य देशों में चर्चितः महर्षि दयानंद सरस्वती भारत के प्रथम महामानव थे जिनके बारे में 19वीं सदी के अमेरिकी एवं यूरोप के अखबारों में सबसे अधिक चर्चा रहती थी और इस चर्चा का प्रमुख कारण था महर्षि का क्रांतिकारी व्यक्तित्व ।

जन्मस्थली टंकाराः महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी, 1824 को तत्कालीन मोरवी राज्य के टंकारा गांव में हुआ । उनके पिता का नाम करसन तिवारी तथा मां का नाम यशोदा बेन उर्फ अमृतबाई था । वे औदीच्य ब्राह्मण थे ।

महान मार्गदर्शकः जो लोग महर्षि दयानंद से प्रभावित थे और उनका अनुसरण करते थे उनमें महारानी लक्ष्मीबाई, तांत्या टोपे, नाना साहब पेशवा, मैडम भीकाजी कामा, पंडित लेखराम, स्वामी श्रद्धानंद, श्यामजी कृष्ण वर्मा, सरदार किशन सिंह, सरदार भगत सिंह , विनायक दामोदर सावरकर, भाई परमानंद, लाला हरदयाल, मदन लाल ढींगरा, पं. राम प्रसाद बिस्मिल, लाला लाजपत राय, पं. गुरुदत्त विद्यार्थी, सुभाष चन्द्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, सरदार ऊधम सिंह, स्वामी भवानी दयाल संन्यासी, स्वामी शंकरानंद, पं. रुचिराम आर्य, महाशय राजपाल, महादेव गोविंद रानाडे, लोकमान्य बालगंगाधर तिलक, अशफाकउल्ला खां, महात्मा हंसराज, योगमाया न्यूपाने, सरदार वल्लभभाई पटेल आदि प्रमुख थे ।अंधविश्वास व पाखंड पर निष्पक्ष व निर्भीक प्रहारः यद्यपि संत कबीरदास, गुरु नानकदेव व संत रविदास ने गहन साधना के प्रभाव से कई सदी पूर्व अनेक धार्मिक पाखंड का खंडन किया, पुनरपि महर्षि दयानंद ने जो वेद-शास्त्रों व अन्य मत मजहबों की समालोचना की उसका कोई प्रतिवाद नहीं कर सका। महर्षि दयानंद सरस्वती ने निष्पक्षता से सामाजिक एवं धार्मिक भेदभाव को मिटाने का यत्न किया । वे भले ही ब्राह्मण कुल में उत्पन्न हुए किंतु उन्होंने धर्म के नाम पर प्रचलित विभिन्न पाखंड व अंधविश्वासों का इतना विरोध किया कि उसके कारण भारत के बड़े-बड़े पंडित, मौलवी व देश विदेश के पादरी भी उनके न केवल विरोधी हुए बल्कि उनके खून के प्यासे हो गये । दुर्गा कुंड के पास आनंद बाग में 1868 में हुआ काशी शास्त्रार्थ इतिहास के पन्नों में उस अकाट्य प्रश्न को भी लिख गया- ह्लवेदों में मूर्तिपूजा है कहां ?ह्व तथा कुरान व बाइबिल अवैज्ञानिक हैं।

स्वराज्य के प्रथम मंत्रद्रष्टाः महर्षि दयानंद सरस्वती अंग्रेजी वायसरायों के समक्ष भी सदैव भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए मुखर रहे। वे किसी भी मत संप्रदाय से ईर्ष्या तो नहीं करते थे, किन्तु उनके दोषों को दूर करने के लिए जीवन भर प्रयत्न करते रहे । महर्षि दयानंद चाहते थे कि सारी दुनिया अपनी मूल विरासत मूल संस्कृति वेदों की ओर लौटे, ताकि प्रत्येक प्राणियों के साथ-साथ समस्त मनुष्यों का भी हित सुरक्षित रह सके ।

वसुधैव कुटुम्बकम् के अप्रतिम हस्ताक्षरः वे कहते थे कि आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य संसार का उपकार करना है अर्थात शारीरिक, आत्मिक एवं सामाजिक उन्नति करना । ऋषि दयानंद के हृदय में तनिक भी संकुचित भाव नहीं था । वे सम्पूर्ण मानव जाति के लिए उदार मन से ज्ञान के द्वार खोलते और सब के दोषों को दूर करने के प्रयत्न करते थे । हम भारत के उस महान दार्शनिक, चिंतक, समाज सुधारक एवं समग्र क्रांति के अग्रदूत के जन्म की दूसरी शताब्दी मना रहे हैं, एतदर्थ आप सबको बहुत बहुत बधाई।

(लेखक, जॉर्ज टाउन यूनिवर्सिटी अमेरिका में प्रोफसर रहे हैं।)

# किसान दुखी रहेगा, तो जो अन्न उपजेगा वह अन्न खाने वाला भी दुखी रहेगा

**गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर**

पुणे में आयोजित एक ऐतिहासिक सभा में, 10,000 किसान नैसर्गिक खेती की सफलता का उत्सव मनाने के लिए एकत्रित हुए और सभी ने आर्ट ऑफ लिविंग के सकारात्मक प्रभाव के लिए गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के प्रति अपना आभार व्यक्त किया ।8 फरवरी 2024, पुणेः आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आयोजित ग्रामोत्सव कार्यक्रम में 10,000 किसानों, 500 सरपंचों और गांवों के अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने जमकर भाग लिया । इन सभी किसानों, सरपंचों तथा गाँव के अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने संस्था की सेवा परियोजनाओं के माध्यम से उनके जीवन में आए परिवर्तन और प्रचुरता के लिए संस्था का आभार व्यक्त किया। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा महाराष्ट्र के संभाजी नगर जिले के आसपास 10,000 से अधिक आदिवासी किसानों को नैसर्गिक खेती और टिकाऊ कृषि में प्रशिक्षित किया गया है, जिससे अब वे आत्मनिर्भर हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में भी इस परियोजना का उल्लेख किया गया था।

इस विशाल सभा को संबोधित करते हुए, आध्यात्मिक गुरु और मानवतावादी, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर ने राज्य में किसानों की आत्महत्या की समस्या को हल करने पर बल दिया। ₹हमें किसानों की आत्महत्या को रोकना है। यहां 500 सरपंच हैं। मैं आप सब से विनती करता हूँ कि आपके गांव में एक भी किसान डिप्रेशन में न रहे, आप यह ज़िम्मेदारी उठाइये। हमारे स्वयंसेवक और युवाचार्य आपका साथ देंगे । मैं महाराष्ट्र सरकार से भी विनती करता हूँ कि वे इसे आगे बढ़ाएं- ताकि किसान आत्महत्या न करें ।

गुरुदेव ने आगे कहा, यदि आप देखें कि एक भी किसान दुखी या तनावग्रस्त है, तो रुकें और उनसे बात करें। उनसे पूछें कि उन्हें क्या परेशानी है? हमें किसानों से कहना चाहिए कि यदि किसी को अपना जीवन न्यौछावर करना हो तो देश की सेवा में न्यौछावर करें; आर्ट ऑफ लिविंग यही करता है- मन से नकारात्मकता के विष को दूर करने में सहायता करता है और जीवन को नया लक्ष्य देता है। गुरुदेव ने बताया कि यदि किसान दुखी है, उसके द्वारा उत्पादित अन्न का उपभोक्ता भी स्वस्थ नहीं होगा।

गुरुदेव ने ग्राम प्रधानों और अभिभावकों से यह सुनिश्चित करने की भी अपील की कि युवा और बच्चे व्यसनों और शराब से दूर रहें। हमें भक्ति और खुशी की लहर की आवश्यकता है जैसे संत तुकाराम और नामदेव के समय में थी।

हाल ही में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ने महाराष्ट्र में समग्र ग्रामीण विकास के अपने प्रयासों के अंतर्गत राज्य सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था समझौते के अंतर्गत महाराष्ट्र में 1.3 मिलियन हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में नैसर्गिक खेती को लागू कर रही है और हजारों किसानों को इसका प्रशिक्षण दे रही है। यहीं नहीं संस्था, किसानों को अपनी उपज की बिक्री के लिए सीधे बाजार की सुविधा भी प्रदान कर रही है। सीधे बाजार की सुविधा न केवल बिचौलियों को समाप्त कर रही है बल्कि किसानों के मुनाफे में भी वृद्धि कर रही है।

कार्यक्रम में प्रमोचित की गई किसान टोकरी उपभोक्ताओं को किसानों से सीधे जोड़ती है।

नैसर्गिक खेती के अनगिनत लाभ हैं। महाराष्ट्र के किसान किशोर थोराट ने बताया, गुरुदेव की प्रेरणा से, मैं पिछले सात वर्षों से नैसर्गिक खेती कर रहा हूँ। मिश्रित फसल के साथ, अब मैं प्राकृतिक रूप से उगाए जाने वाले फलों और सब्जियों की दर निर्धारित करता हूँ। मैं 1 एकड़ भूमि में , 28 प्रकार के फल और 40 प्रकार की सब्जियां उगा रहा हूँ। मैं प्रति वर्ष लगभग 7 लाख रुपये का मुनाफा कमा रहा हूं। नैसर्गिक खेती में प्रशिक्षित धूमलवाडी गांव के फाल्टन के एक अन्य किसान, दत्तात्रेय डुमर अपने उगाए फल पूरे भारत, दुबई और यूके में बेच रहे हैं। इसके अलावा, चूंकि वे सभी उत्पाद जैविक हैं, इसलिए रासायनिक उर्वरकों पर कोई पैसा बर्बाद नहीं होता है।

कार्यक्रम में उपस्थित लोकप्रिय मराठी अभिनेता और पर्यावरण कार्यकर्ता, सयाजी शिंदे ने कहा, आज गुरुदेव की उपस्थिति में मैंने अनुभव किया है कि जब हम सकारात्मक मानसिकता के साथ काम करते हैं तो काम कैसे सफलतापूर्वक होता है। उन्होंने सभी को कम से कम 500 पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित कियाऔर कहा केवल पेड़ ही सेलिब्रिटी स्टेटस के पात्र हैं।

हिवरे बाजार के सरपंच और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित पोपट राव पवार ने भी मिट्टी को स्वस्थ रखने की आवश्यकता के विषय में बात की। उन्होंने कहा, रसायन मुक्त खेती ही हमारी आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ रख सकती है। अगर हम त्रेता युग जैसा रामराज्य चाहते हैं, तो हमें गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी के दृष्टिकोण को लागू करना होगा और नैसर्गिक खेती को हर जगह ले जाना होगा।

आर्ट ऑफ लिविंग सोशल प्रोजेक्ट्स तथा ह्यमहाराष्ट्र सरकार-मनरेगा ने जलतारा परियोजना को आगे बढ़ाते हुए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री मंगेश चिवाटे और महाराष्ट्र मनरेगा विभाग के ओएसडी राहुल गेठे और ईजीएस मनरेगा की उप सचिव श्रीमती संजना घोपड़े भी उपस्थित रहीं।



आर्ट ऑफ लिविंग की जलतारा परियोजना के अंतर्गत, केवल 2 वर्षों में 115 गांवों में 45,500 जलतारा पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण किया गया है, जिससे लाखों लोगों को लाभ हुआ है। जलतारा पुनर्भरण संरचनाएं; रेत, बजरी और चट्टानों से भरी पुनर्भरण संरचनाएं हैं। जब पानी बहता है तो इन संरचनाओं में रिसता है और भूजल के स्तर को रिचार्ज करता रहता है।

जलतारा संरचनाएं बाढ़ को रोकती हैं, मिट्टी के कटाव को कम करती हैं और मिट्टी में पोषण बनाए रखती हैं जिससे किसानों की फसलों का बचाव होता है। जगह-जगह पर इन संरचनाओं के कारण जहाँ जल स्तर में औसतन 14 फीट का सुधार हुआ है वहीं किसानों की आय में औसतन 120% से अधिक की वृद्धि हुई है और फसलों की पैदावार में भी 42% से अधिक का सुधार देखा गया है।

# लोग समाजिकता भूल रहें हैंः स्वामी सत्यांनदजी परमहंस

**मुरलीधर**

आज हमारे परिवार, समाज में हम और हमारे समाजिकता भूल रहें हैं। स्वामी सत्यानंदजी परमहंस तीन मई तक रांची के ब्रह्म विद्यालय आश्रम टिपूदाना बसारगढ् में सुबह साढ़े दस बजे से और शाम को छह बजे से भक्त तत्व ज्ञान के मार्ग की बारिकियों कोसमझते हैं। विगत वर्ष का स्मरण हो रहा है जब स्वामी सत्यानंदजी परमहंस उपस्थित महात्मा शब्दयोगानंद से पूछते हैं आपको सत्तु खाना आता है। वो कहते हैं जी मुझे आता है। स्वामी जी बताते हैं कि सत्तु खाना भी एक कला है। ऐसा सत्तु खाना चाहिए कि न अंगुलियों में लगे न थाली में। साथ ही महात्मा शब्दयोगानंद को कहते हैं कि हमारे आश्रम में जो सत्तु न खाना जानते हैं उन्हें आप सिखाइयेगा।

स्वामी जी की के इस अविस्मरणीय संवाद समाज को लेकर उनकी सजगता, उनका दायित्व, उनके भक्ति प्रवाह को जीवंतता प्रदान का उदेश्य निहित है उसे सामान्य बुद्धि से समझ पाना असंभव है। समाज में जिस प्रकार हम भौतिक सुख सविधाओं के प्रति आसक्त होते जा रहें हैं उसके प्रति सचेत करते स्वामी जी कहते हैं आप सत्तु खाना नहीं भूल रहें है अपनी जड़ों से कट रहें हैं। ब्रह्म विद्या का केन्द्र छोटका राजपुर बक्सर से स्वामी जी पूरे विश्व को चेतना का संदेश दे रहें हैं। भारत के इस अद्धितीय ब्रह्म ज्ञान को जिस प्रकार छपरा के संत परमहंस दयाल ने जिस प्रकार कलियुग में प्रज्जवलित किया उस ज्ञान को पूरी गति से चहुं ओर फैला रहें हैं अनवरत बिना एक दिन रूके, बिना थके और साथ में महात्माओं की एक समर्पित टोली। स्वामी जी ने रांची के प्रवास के क्रम में जिस प्रकार ज्ञान गंगा प्रवाहित किया वैसा विरले ही प्राप्त होता है। जिस तत्व ज्ञान के भारत विश्व गुरु था वही ज्ञान परमहंस दयाल ने प्राप्त किया। वही ज्ञान काशी के गढ़वा घाट स्थान से आगे बढ़कर स्वामी शिवर्धमानंदजी महाराज के माध्यम से बिहार के एक छोटे से दियारा के गांव छोटका राजपुर में आया। प्रकृति और पुरुष के इस मिलन को पूरे ब्रह्माण्ड ने स्वीकारा। वर्तमान स्वामी सत्यानंदजी परमहंस बताते हैं कि किस प्रकार इस अद्धितीय दिव्य तत्वज्ञानी ने संसार को दिव्य ज्ञान से भेंट कराया। हर पल अपने सदगुरु के विराट स्वरूप को स्मरण करते स्वामी जी बताते हैं एक बार जब स्वामी शिवर्धमानंद जी को गांव के लोगों ने बक्सर स्थिति लिट्टी बनाने के एक सामाजिक कार्यक्रम में ले जाने की इच्छा प्रकट की तो उन्होंने स्वीकार कर लिया। योजना बनी कि भजन कीर्तन करते हुए गंगा नदी में नाव से राजपुर से बक्सर चला जाए। स्वामी जी का हृदय इतना विशाल था कि वे किसी को न नहीं कहते थे। शादी, तिलक, कथा यहां तक की एक बार तो लोगों ने उन्हें बक्सर सिनेमा तक दिखाने की इच्छा प्रकट की तो भक्त वत्सल स्वाजी ने मना नहीं किया। बक्सर जाने के क्रम में नाव धीरे चलने पर स्वामी जी ने मल्लाह से कहा कि थोड़ा तेज चलाव। मल्लाह ने कहा कि आप साधु हैं तो हवा बदल दें हम पाल लगा देंगे। कुछ ही देर में हवा बदल गयी। पाल लग गया। सभी गुरु महाराज स्वामी महाराज के दिव्य अलौकिक सार्मथ्य की अनुभूति से गदगद हुए।



जो जीवन नईयां के उद्धार के लिये पृथ्वी पर प्रकट हुए संत हैं प्रकृति उनकी दासी होती है। बुद्धि से इसे समझा नहीं जा सकता इसे समर्पण और भाव से जाना जा सकता है। स्वामी सत्यानंदजी परमहसं आज जिस प्रकार संसार को सत्तु खाने को सिखा रहें है यह संकेत है कि हमारे दोषपूर्ण जीवन शैली से हमारे विचार और हमारी समझ जीवन के उदेश्यों को पूरा करने में बाधा खड़ी कर रही है। विगत दो दशक से पूरे देश में सत्य सनातन ब्रह्म ज्ञान को जिस उदारता से सभी के लिये उपलब्ध कराते हैं यह जीव के जीवन के उदेश्य को पूरा करता है। पूरे देश में घूम-धूम कर सभी को भोग की निद्रा से जगाते स्वामी जी की वाणी को पकड़ लेना ही प्राणी मात्र के लिये कल्याणकारी होगा।

**उस विराटता को समझने की आवश्यकता**

वर्तमान स्वामी सत्यानंदजी परमहंस बताते है कि जब एक भक्त ने स्वामी जी शिवर्धमानंदजी परमहंस से पूछा कि आप अपने कुछ चमत्कार के बारे में बताये । तब बड़ी सरलता से स्वामी जी ने कहा कि तुम मुझे एक आदमी के तौर पर ही जानो,देखो और समझो। चमत्कार जादूगर करते जादू टोना वाले करते हैं।

एक सिद्ध महामानव के ये शब्द निश्चित ही उनकी व्यापकता को दर्शाता है। यह विराटता विरले ही देखने को मिलती है। काशी गढ़वा घाट की स्थापना के बाद स्वामी जी ने जिस प्रकार अपने गुरु जी के आदेश को पकड़कर गंगा केकिनारे छोटका राजपुर में बह्म विद्यालय सह आश्रम की स्थापना की वह वर्तमान युग में अद्धितीय है। सत्य सनातन में तत्व ज्ञान के प्रचार-प्रसार कर मानव को मुक्ति के मार्ग में ले जाने को समर्पित स्वामी जी का पूरा जीवन हर व्यक्ति के लिये प्रेम का सागर था।

जीव के मुक्ति के लिये स्वामी जी जिस प्रकार के प्रयास किये औरउनका प्रकृति पर जो अधिकार तपबल से हासिल था उसे सिर्फ महसूस किया जा सकता था। जो भी उनके समीप गया वह उन्ही का हो गया।

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस बताते हैं कि सत्य सनातक का वह तत्व ज्ञान जो राम और कृष्ण के पास था वह आधुनिक काल में स्वामी शिवर्धमानंदजी परमहंस ने अपनी गुरु भक्ति से प्राप्त कर ली थी। उनकी श्रेष्ठता को समझना सहज संभव नहीं था। उन गूढ़ रहस्यों को पल भर में पूरे विस्तारसे बता देने समझा देने और करके उसे पक्का कर लेने तक की यात्रा स्वामी जी ने पूरी करा दी।

यह प्रेम मार्ग है जहां कुछ भी प्राप्त होता है अगर आप अपनी बुद्धि को सदगुरु की बुद्धि में मिला देते हैं। वर्तमान स्वामी जी बताते हैं कि जन्मों से विभिन्न योनियों में भ्रमण करता मानव अपनी आत्मा से साथ जब मानव शरीर पाता है तब वह कई गुणों से युक्त होता है। लेकिन जब वह अपना सब कुछ सदगुरु को समर्पित कर उनका हो जाता है तब वह दोष रहित हो जाता है। आज भी आश्रम के महात्माओं का जीवन जिस प्रकार सदगुरु के शरण में आकर दोष रहित हो रहा है वह सत्य सनातन के लिये प्रकृति का वरदान ही है। ब्रह्म विद्यालय आश्रम पूरे देश में तत्व ज्ञान से मुक्ति का संदेश को प्राचीन सत्यता के साथ प्रसारित कर रहा है। भक्ति यह यह सर्वोच्च स्वरुप आज भी सुरक्षित है।

# जमशेदपुर सीट पर आज से छह मई तक होगा नामांकन, सात को स्क्रूटनी

- 25 मई को 1887 मतदान केन्द्र पर 18. 62 लाख मतदाता करेंगे मतदान, अधिसूचना जारी
- लोकसभा निर्वाचन में उम्मीदवार के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये निर्धारित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार 09-जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी की गयी। इस बाबत समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने लोकसभा निर्वाचन से संबंधी महत्वूर्ण विवरण पत्रकारों को दिया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी एवं सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के सहायक निवार्ची पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी मौजूद थे।

जारी अधिसूचना के अनुसार 06 मई तक प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर सकेंगे, 07 मई को स्क्रूटनी की तिथि निर्धारित की गई है, 09 मई तक उम्मीदवार नामांकन वापस ले सकेंगे। 25 मई को मतदान एवं 04 जून को मतगणना होगी। जिले में चिन्हित कुल 1132 पोलिंग स्टेशन के 1887 बूथ पर 25 मई को 18,62,364 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**22 जनवरी से 28 अप्रैल तक 32000 नए मतदाता जुड़े :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 22 जनवरी को अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 1830866 मतदाता थे, वहीं 28 अप्रैल तक की अधतन सूची में 32000 नए मतदाता जोड़े गए हैं, इस प्रकार 934251 पुरूष, 927981 महिला तथा 132 ट्रांसजेडर मतदाता कुल 1862364 शामिल हैं। जिले में 15869- पीडब्ल्यूडी, 8456- 85+ आयु वर्ग, 66190 युवा तथा 9324 पीवीटीजी वोटर हैं।




संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते डीसी अनन्य मित्तल। साथ में डीडीसी मनीष और एसएसपी किशोर कौशल।

**अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां निम्नवत हैं :**

- चुनाव आयोग द्वारा 2 व्यय प्रेक्षक, 01 सामान्य प्रेक्षक व 01 पुलिस प्रेक्षक जिले के लिए नामित किए गए हैं।
- 30 पोलिंग स्टेशन महिला मैनेज्ड, 01 दिव्यांग मैनेज्ड तथा 01 युवा मैनेज्ड सहित 02 यूनिक पोलिंग स्टेशन व 01 बूथ को थीम आधारित बनाये जाने हेतु चिन्हित किया गया है।
- 24 अप्रैल को ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया तथा 10 मई को दूसरा रेंडमाइजेशन होगा।
- एलबीएसएम कॉलेज से बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका तथा कॉपरेटिव कॉलेज से जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी व जुगसलाई विधानसभा की पोलिंग पार्टी 24 मई को रवाना होंगे।
- कॉपरेटिव कॉलेज, जमशेदपुर को बज्रगृह एवं मतगणना स्थल हेतु चिन्हित किया गया है जहां 04 जून को मतगणना होगी।
- 952 पोलिंग स्टेशन पर दिव्यांग जनों के लिए विशेष व्यवस्था के तहत व्हील चेयर उपलब्ध होगी। सभी मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम मूलभूत सुविधा उपलब्ध रहेगी। गर्मी को देखते हुए शेड और पेयजल, प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रहेगी।
- अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट 12, अंतर्जिला चेकपोस्ट 06 कुल 18 जगहों पर सघन वाहन जांच हेतु चेकनाका स्थापित हैं। 230 सेक्टर पदधिकारी, 18 उड़नदस्ता, 21 स्थैतिक निगरानी दल, 06 वीडियो देखने वाली टीम, 14 वीडियो सर्विलांस टीम आदि सक्रिय हैं।
- व्यय निगरानी के लिए सभी छह विधानसभावार सहायक व्यय पर्यवेक्षक की प्रतिनियुक्ति हुई है।
- राजनीतिक विज्ञापनों के प्रमाणीकरण एवं पेड न्यूज की निगरानी को एमसीएमसी गठित है।
- चेकिंग के दौरान 68 लाख रू. बरामदगी हुई है ।

**पोस्टल बैलेट से मतदान :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी के अनुसार अनिवार्य सेवा के लोग 19 से 22 मई तक आईटीडीए कार्यालय के हॉल में मतदान करेंगे। 14 से 18 मई तक चुनावी ड्यूटी में लगाये गये सेक्टर पदाधिकारी, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, कोषांगों के कर्मी, माइक्रो ऑब्जर्वर रहेंगे।

## स्पीड न्यूज



### जितेंद्र सिंह का कांग्रेस से इस्तीफा, निर्दलीय लड़ेंगे

**जमशेदपुर।** कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष जीतेंद्र सिंह ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देते हुए लोकसभा चुनाव निर्दलीय लड़ने की आज घोषणा की। उन्होंने आज एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि जमशेदपुर लोकसभा सीट पर भाजपा और उसके प्रत्याशी को जानबूझ कर वॉक ओवर देने के लिए इंडि ने एक कमजोर प्रत्याशी दिया है। ऐसे में मैंने जमशेदपुर की जनता को एक बेहतर विकल्प के रुप में अपने को पेश क रने का निर्णय लिया है। जितेंद्र सिंह 35 सालों से कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। उनके पिता एवं राजस्थान विद्या मंदिर साकची के पूर्व शिक्षक स्व. राम जनम सिंह कांग्रेस से तब से जुड़े हुए थे जब चुनाव चिह्न जोड़ा बैल था। उनकी गिनती जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं में होती थी।

### झामुमो ने झारखंड को छला, चुनाव में भाजपा को जिताइये : मरांडी



**जमशेदपुर।** सोमवार को लोकसभा अंर्तगत राजनगर ब्लॉक मैदान में एक विशाल जनसभा का आयोजन हुआ, जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जनसभा को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए श्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झामुमो की सरकार ने यहां की जनता को हमेशा छलने का काम किया, जनता का विकास करने के बजाए यहां के निवर्तमान मुख्यमंत्री सिर्फ अपना और अपने परिवार के विकास मे लगे रहे,परिणाम स्वरूप घोटाला उजागर होने पर आज जेल मे हैं, वही झारखंड अलग राज्य करने का दावा जे एम एम हमेशा करती है पर सत्य यह है कि केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई जी की सरकार बनते ही झारखंड अलग राज्य का निर्माण हुआ ताकि यहां का तेजी से विकास हो सके। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी जी की सरकार आने के बाद झारखंड में जब भाजपा की रघुबर सरकार थी तो बहुत सारी योजनाएं का कार्य तेजी से हुआ जिसमें मुख्य रूप से जल-नल योजना के तहत घर घर तक पाइपलाइन बिछाने का काम किया गया, मात्र 1 रूपए मे 50 लाख तक की जमीन की रजिस्ट्री माताओं-बहनों को देने का काम किया पर झामुमो की सरकार आते ही सारी योजनाएं बंद कर दी और केवल लूट- खसोट का काम करने लगी। आज के सभा में प्रदेश ओरवक्ता जे बी तुबिड़,जिला प्रभारी सुबोध कुमार गुड्डू, जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव, आदित्यपुर महापौर बिनोद श्रीवास्तव, पूर्व विधायक मलखान सिंह,सह संयोजक मनोज चौधरी, आदित्यपुर उप महापौर अमित बॉबी सिंह, पूर्व विधायक अनंत राम टुडू, सह संयोजक कुबेर सारंगी ,गणेश माहली,रमेश हांसदा, जिला महा मंत्री राकेश सिंह, शकुन्तला महाली, मीनाक्षी पटनायक समेत तमाम बरिष्ठ जिला स्तरीय नेता मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# पीएम मोदी 3 मई को चाईबासा में संबोधित करेंगे चुनावी सभा

## पीएम को सुनने 1 लाख से ज्यादा जनता का होगा जुटान : डॉ दिनेशानंद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लोकसभा केंद्रीय कार्यालय में लोकसभा कोर कमिटी लोकसभा संचालन एवम प्रबंधन समिति की बैठक हुई,जिसमे लोकसभा प्रभारी डॉ दिनेशानन्द गोस्वामी ने बताया कि आगामी 3 मई को अपहारण 3 बजे टाटा कालेज मैदान में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी गीता कोड़ा का जीत का शंखनाद करने आयेंगें,जिसमे 1 लाख से ज्यादा जनता के लिए ब्यवस्था किया जायेगा।

कार्यक्रम को व्यवस्थित करने के लिये सभी वरिष्ठ नेताओं, विधान सभा प्रभारियों, विधान सभा संयोजनको, सह संयोजनको, मंडल अध्यक्षों, शक्ति केंद्रों के प्रभारियों को अलग अलग ब्यवस्था दी गई। बैठक में लोकसभा संयोजक गीता बालमुचू, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, सह संयोजक शशि भूषण सामड, प्रदेश प्रवक्ता जे बी तुबिड़, पूर्व विधायक जवाहर लाल बानरा, सराईकेला खरसावां जिला अध्यक्ष उदय सिंगदेव, आदित्यपुर उप महापौर अमित सिंह बॉबी, रमेश हांसदा, अशोक सारंगी, गणेश माहली, संतीश पूरी, मनोज चौधरी के साथ कोर कमिटी, संचालन समिति के सदस्य उपस्तिथ रहे।



पीएम की चुनावी सभा की तैयारी बैठक में बोलते लोकसभा प्रभारी डा दिनेशानंद गोस्वामी।

## ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल को पेशेंट सेफ्टी में उत्कृष्टता के लिए मिला सम्मान



अवार्ड लेते फेसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, तामोलिया, जमशेदपुर (नारायण हेल्थ की एक इकाई) को झारखंड में पेशेंट सेफ्टी के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता के लिए प्रतिष्ठित पेशेंट सेफ्टी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अस्पताल से सम्मानित किया गया है। इस संबंध में हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने कहा कि हम इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाकर बेहद सम्मानित महसूस कर रहे हैं, जो पेशेंट सेफ्टी को सबसे ऊपर प्राथमिकता देने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इंटीग्रेटेड हेल्थ एंड वेलनेस (आईएचडब्ल्यू) काउंसिल द्वारा आयोजित 9वां आईएचडब्ल्यू शिखर सम्मेलन पुरस्कार 2024 ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, जमशेदपुर की स्वास्थ्य सेवा वितरण में उत्कृष्टता की निरंतर खोज का एक प्रमाण है।

## एक नजर में

### एसएसपी-रूरल एसपी ने किया पिकेट का निरीक्षण



**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु सोमवार को वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, ऋषभ गर्ग के साथ बोड़ाम थाना अंतर्गत चमटा पिकेट, मध्य विद्यालय बांकादा के क्लस्टर एवं बूथो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए उपस्थित पदाधिकारियों / कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

### जायंट्स ग्रुप ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर में उड़िया बस्ती में वोटर अवेयरनेस प्रोग्राम जेंट्स ग्रुप आफ जमशेदपुर ने किया। मौके पर मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में अपना वोट जरूर डालने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रुप के पदाधिकारियों ने मतदाताओं को बताया कि यह चुनाव देश की सरकार चुनने के लिए है इसलिए सोच समझ कर अपने मतों का इस्तेमाल करें। यह जानकारी ग्रुप के सतीश सिंह ने दी।

### एलआइसी जमशेदपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक का किया अभिनंदन



**जमशेदपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम जमशेदपुर मंडल के सीएलईए वेलफेयर एसोसिएशन ने सोमवार को वरिष्ठ मंडल प्रबंधक अनंत भूषण रथ का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया, जिसमें सीएलईए वेलफेयर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, सचिव शक्ति पदो राउत, सहसचिव जयप्रकाश शर्मा, पूर्व सचिव धर्मेंद्र कुमार, टीटीटी के वाइस चेयरमैन सदानंद मैती, वरिष्ठ सलाहकार दिलीप मिश्रा ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया एवं उनसे जमशेदपुर मंडल में सी एल ई ए चैनल का विकास हो उसके लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया। उसके बाद वरिष्ठ मंडल प्रबंधक ने अपने उद्बोधन में कहा कि जमशेदपुर मंडल एलआईसी और सी एल ई ए चैनल को भी भारत के पटल पर कृतिमान स्थापित करेंगे। आज वरिष्ठ मंडल प्रबंधक कर के साथ प्रबंधक विक्रय नीरज कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे उनका भी मार्गदर्शन सभी प्रतिनिधि मंडल को प्राप्त हुआ।

### टाटा की बेटी शेफ काजल चौबे को मिला बेस्ट बेकिंग टीचर का अवॉर्ड




**जमशेदपुर।** जुगसलाई, की मूल निवासी शेफ काजल चौबे को दिल्ली के हॉलिडे इन होटल में सेलिब्रिटी शेफ संजीव कपूर ने प्रतिष्ठित बेस्ट बेकिंग टीचर पुरस्कार से सम्मानित किया। जुगसलाई के बैजनाथ शर्मा की बेटी और चाईबासा के चौबे परिवार की बहू काजल ने अपनी सफलता की यात्रा में ससुराल वालों के अटूट समर्थन के लिए अपने पति अंकित चौबे और उनके परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। बेंगलुरु में काजल कुकिंग एकेडमी के संस्थापक के रूप में, शेफ काजल कई वर्षों से बेकिंग और कुकिंग कक्षाएं संचालित कर रही हैं। वह एक यूट्यूबर भी हैं जो अपने बेहतरीन व्यंजन और रेसिपी अपने दर्शकों के साथ साझा करती हैं, उनका मानना है कि खाना बनाना इस तरह से सिखाया जाना चाहिए कि लोग इसे सिर्फ एक कामकाज के रूप में नहीं बल्कि एक कला के रूप में समझें। काजल की उपलब्धि कई युवा महिलाओं के लिए प्रेरणा का काम करती है, यह दशार्ती है कि समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ, कोई भी व्यक्ति की सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकता है।

### झारखंड वोटर अवेयरनेस कांटेक्ट्स में श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों का जलवा



**जमशेदपुर।** झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेक्स्ट के तहत पूरे झारखंड में यह कांटेस्ट किया गया जिसमें पूरे देशभर से प्रतिभागियों ने इस कांटेस्ट में भाग लिया था। इसमें प्रत्येक आयु वर्ग के प्रतिभागी सम्मिलित हो सकते थे। इसके अंतर्गत शॉर्ट फिल्म मेकिंग, रील्स मेकिंग, म्यूजिक वीडियो एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। इसमें 500 पोस्टर तथा 200 रील्स बनकर आये थे। कॉन्टेस्ट में विवि के बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स के विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार सौरभ प्रमाणिक को, वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार सौमित्रा कुमार महतो, ऋतुराज, कशिश मानकर एवं लिपिक बोस को मिला। विवि को कुलाधिपति सुखदेव महतो अभिनीत रील्स मेकिंग कॉन्टेस्ट में इंस्टीट्यूशनल श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुखदेव महतो एवं विद्यार्थियों को झारखंड चुनाव आयोग के सीईओ ने पुरस्कृत किया।

### किड्स इंटरनेशनल स्कूल में वोट कैंपेन आयोजित



**जमशेदपुर।** मानगो स्थित किड्स इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को निर्मला कुमारी बरेलिया, (क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, कोल्हान प्रमंडल, जमशेदपुर) की मौजूदगी में वोट अभियान चला। इसमें स्कूल की प्रिंसिपल, रुखशार आयशा सहित सारे शिक्षक-शिक्षिकाओं और अभिभावक ने भाग लिया, जिसने निर्मला जी ने 25 मई को भारत में होने वाले वाले लोकसभा चुनाव के महत्व को बताते हुए समझाया कि हम सबका एक-एक वोट जरूरी है। उन्होंने नारा लगाया- मेरा वोट मेरा हक। इसलिए हमें एक जागरूक भारत के नागरिक होने के लिए वोट देना चाहिए व अपने देश के लोकतंत्र का महत्व समझना चाहिए। साथ ही उन्होंने सारे स्टाफ को शपथ भी दिलायी कि सब अपने एक वोट की अहमियत को समझेंगे।

## इंटक मई दिवस पर निकालेगी भव्य बाइक रैली : राकेश्वर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते इंटक के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय। बगल में बैठे हैं आनंद बिहारी दूबे और गुरमीत सिंह तोते।

**जमशेदपुर।** इंटक के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने आज पत्रकारों को बताया कि 1 मई को संगठन से जुड़े जमशेदपुर और आदित्यपुर की तमाम ट्रेड यूनियनें विशाल बाइक रैली निकालेगी। यह रैली सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल, बिष्टुपुर गोलचक्कर से शुरु होकर बिष्टुपुर आउटर सर्किल रोड होते हुए गोपाल मैदान गोलचक्कर और वहां से जुस्को मुख्यालय गोलचक्कर होते हुए किनन स्टेडियम होते हुए साकची गोलचक्कर पहुंचेगी। साकची गोलचक्कर से बाइक रैली कालीमाटी रोड होते हुए साकची गुरुद्वारा होते हुए साकची ओवर ब्रिज होते हुए एनटीटीएफ गोलचक्कर होते हुए गोलमुरी और वहां से टिनप्लेट गोलचक्कर होते हुए नीलडीह गोलचक्कर पहुंचेगी। यहां से रैली तार कंपनी गेट होते हुए टाटा मोटर्स मेन गेट होते हुए लेबर ब्यूरो फुटबॉल मैदान पहुंचेगी। यहां पर टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन परिसर में जाकर रैली एक सभा में तब्दील हो जायेगी।

# भाजपा प्रत्याशी विद्युतवरण आज दाखिल करेंगे नामांकन, तैयारी पूरी

- साकची बोधि मंदिर में होगी विशाल जनसभा : नंदजी प्रसाद
- केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत समेत शामिल होंगे एनडीए के कई बड़े नेता
- मंगलवार सुबह 10 बजे से जुटेंगे भाजपा कार्यकर्ता, वरीय पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


बोधि मंदिर मैदान में जनसभा के लिए बने पंडाल का निरीक्षण करते नंदजी प्रसाद और महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा एंड टीम।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में निवर्तमान सांसद बिद्युत बरण महतो मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। बिद्युत बरण महतो के नामांकन समारोह को भव्य और ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए भाजपा ने व्यापक तैयारी की है। बिद्युत बरण महतो के नामांकन में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत समेत भाजपा के वरीय नेताओं के संग एनडीए के तमाम नेतागण मौजूद रहेंगे। वहीं, नामांकन से पूर्व साकची स्थित बोधि मंदिर मैदान में विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी। जिसमें जमशेदपुर लोकसभा के छह विधानसभा अंतर्गत विभिन्न मंडलों से लोग आयेंगे।

## झींकपानी प्रखंड के 11992 परिवारों को मुफ्त राशन दे रहे हैं पीएम मोदी : गीता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


झींकपानी प्रखंड में ग्रामीण महिलाओं को संबोधित करती भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा।

**चाईबासा/जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी गीता कोड़ा जनता से समर्थन मांगने आज झींकपानी प्रखंड के इंदिकूड़ी, दलकी, रोड़ेबासा, माटागुटु, मौठाबासा, ईचापुर, तानीबासा, तिरिजपि, केलेडे, एसीसी कालोनी के जनता से संवाद कर बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी 10 वर्षो से गरीब कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर गरीबो के रहनुमा बन गए हैं। मोदीजी झींकपानी प्रखंड के 11992 परिवारों के 45490 गरीब जनता को खाना मुहैया करा रहे हैं,घर बनवाकर दे रहे,गैस कनेक्सन दे रहे है। साथ ही किसानों मो 6 हजार रुपया की सहायता 5 सालों से कर रहे है,महिलाओं को अलग से आरक्षण दे रहें हैं। मोदीजी,भगवान राम जी का भव्य मंदिर अयोध्या में बनवाये,रोजगार दे रहें हैं मोदीजी,सभी वर्गों की चिंता है मोदीजी को। गीता कोड़ा ने आगे कहा कि उधर झारखंड मुक्ति मोर्चा वाले जनता के सुख के लिए एक भी काम अब तक नहीं किया।

## देश में सबके कल्याण के बारे में सोचते हैं पीएम मोदी: अर्जुन मुंडा

- अर्जुन मुंडा ने तमाड़ प्रखंड में गांव-गांव जाकर किया जन संपर्क

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**तमाड़/जमशेदपुर।** सोमवार को केंद्रीय मंत्री व खूंटी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने तमाड़ प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर जनता से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में जनता को बताया। कहा कि देशभर में रहने वाले किसान हो, महिला हो, युवा हो, चाहे गरीब हो, सबके लिए नीति बनाने का काम हमारी सरकार कर रही है। आज भारत सरकार जनता की भलाई के लिए नीतियां बनाकर राज्य सरकार को पैसा भेजती है लेकिन राज्य सरकार इन योजनाओं को लागू करने में विफल है। श्री मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार ने नल-जल योजना के लिए पैसा भेजा लेकिन आज उसका बुरा हाल है।

# भौतिकी और सामग्री विज्ञान के भविष्य को आकार देने में तकनीकी प्रगति महत्वपूर्ण

**अर्का जैन विश्वविद्यालय**

- यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आरंभ
- भौतिकी और सामग्री विज्ञान में हालिया तकनीकी प्रगति पर देश-विदेश से आये प्रतिभागी कर रहे मंथन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अर्का जैन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की ओर से सोमवार से भौतिकी और सामग्री विज्ञान में हालिया तकनीकी प्रगति विषयक दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन किया गया है। सम्मेलन में विषय-वस्तु से संबंधित अत्याधुनिक विकास पर चर्चा करने के लिए दुनिया भर के विशेषज्ञ, विद्वान और शिक्षाविद शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन का उद्घाटन समारोह विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। यह प्रतीकात्मक संकेत ज्ञान और नवाचार की रोशनी का प्रतीक है। सम्मेलन का लक्ष्य इसे बढ़ावा देना है।

उद्घाटन समारोह के बाद कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एनआईटी जमशेदपुर के धातुकर्म और सामग्री इंजीनियरिंग विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रीना साहू एवं भौतिकी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ नेहा अग्निहोत्री को उनके अमूल्य योगदान को मान्यता देते हुए सम्मानित किया गया। भौतिक विज्ञान और भौतिकी के क्षेत्र में उनकी उपस्थिति ने अकादमिक समुदाय के भीतर सार्थक संवाद और सहयोग को सुविधाजनक बनाने में सम्मेलन के महत्व को रेखांकित किया। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के सहायक डीन डॉ अश्विनी कुमार ने गर्मजोशी भरा और प्रेरणादायक स्वागत भाषण किया। इससे आगे की कार्यवाही की रूपरेखा तय हुई। उन्होंने अंत:विषय सहयोग के महत्व और अनुसंधान एवं विकास में उत्कृष्टता की खोज पर जोर दिया।

विवि प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो (डॉ) एसएस रजी ने भौतिकी और सामग्री विज्ञान में अत्याधुनिक अनुसंधान और नवाचारों पर शोध के लिए दुनिया भर के विशेषज्ञों और विद्वानों को एक मंच लाने में आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की।


कार्यक्रम में निदेशक अंगद तिवारी के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विशेषज्ञ।



# कोलकाता ने दिल्ली को सात विकेट से हराया

## प्ले ऑफ के करीब पहुंची केकेआर, 16.3 ओवर में टारगेट चेज मैन ऑफ द मैच वरुण चक्रवर्ती



**एजेंसी**

**कोलकाता।** वरुण चक्रवर्ती की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद फिल साल्ट के शानदार अर्धशतक के बूते कोलकाता नाइटराइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को एकतरफा मुकाबले में हरा दिया। ईडन गार्डंस में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स नौ विकेट खोकर सिर्फ 153 रन ही बना पाई। बाद में कोलकाता ने इस लक्ष्य को 21 गेंद पहले सात विकेट रहते हासिल कर लिया। कप्तान श्रेयस अय्यर 23 गेंद में 33 रन तो वेंकटेश अय्यर 23 गेंद में 26 रन बनाकर नाबाद लौटे। कोलकाता की जीत का क्रेडिट उसके गेंदबाजों का जाता है, जिन्होंने दिल्ली को घुटनों पर ला दिया।

### प्लेऑफ के करीब कोलकाता

इस जीत के साथ कोलकाता नाइटराइडर्स ने दो अहम पॉइंट्स हासिल किए। अब केकेआर के पास नौ मैच में छह जीत के साथ 12 पॉइंट्स हो चुके हैं, उसका नेट रनरेट भी बढ़िया है। ऐसे में अब बचे पांच मैच में दो जीत भी उसे प्लेऑफ का टिकट दिला देगी। अन्य टीमों के कोलकाता की स्थिति काफी बेहतर है। दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स 11 मैच में छठी हार के साथ 10 नंबर पर ही अटकी है।

### फिल साल्ट की चौथी फिफ्टी

शानदार फॉर्म में चल रहे इंग्लिश ओपनर फिल साल्ट ने हर मैच की तरह इस मुकाबले में भी केकेआर को जोरदार शुरूआत दिलाई। सुनीन नरेन के साथ मिलकर 6.1 ओवर में 79 रन जोड़े। गेंदबाजी में सिर्फ 24 रन देकर एक विकेट लेने वाले सुनील नरेन भले ही इस मैच में 10 गेंद में 15 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन फिल साल्ट की पिटाई जारी रही। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सीजन का चौथा अर्धशतक जमाया। वह सिर्फ 33 गेंद में 68 रन बनाकर आउट हुए। अक्षर पटेल ने उन्हें नौवें ओवर में क्लीन बोल्ड किया, लेकिन तब तक केकेआर का स्कोर 96 रन हो चुका था।

### चक्रवर्ती ने चटकाएं तीन विकेट

मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भले ही इस सीजन बेरंग नजर आए हो, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत में उन्होंने अहम किरदार निभाया। चार ओवर के कोटा में सिर्फ 16 रन देते हुए तीन अहम विकेट झटके। चक्रवर्ती ने दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत को 27 रन, पिछले मैच के हीरो रहे ट्रिस्टन स्टब्स को चार रन और 7.2 करोड़ में खरीदे गए युवा विस्फोटक बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को सिर्फ एक रन पर निपटा दिया।

### दिल्ली का शर्मनाक प्रदर्शन

कैपिटल्स ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम की ओर से कोई बड़ी साझेदारी नहीं हुई। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कुलदीप यादव (26 गेंद में नाबाद 35, पांच चौके, एक छक्का) दिल्ली की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे जबकि उनके अलावा कप्तान ऋषभ पंत (20 गेंद में 27 रन, दो चौके एक छक्का) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। पृथ्वी शॉ (13), जेक फ्रेजर-मैकगर्क (12), शाई होप (06), अभिषेक पोरेल (18) फेल रहे। वरुण चक्रवर्ती ने 16 रन पर तीन विकेट, हर्षित राणा ने 28 रन पर दो विकेट और वैभव अरोड़ा ने 29 रन पर दो विकेट जैसे कातिलाना स्पैल फेंके। सुनील नरेन (24 रन पर एक विकेट) और मिचेल स्टार्क (43 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया।

### मौजूदा सीजन में पावरप्ले में चौथे सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बने सॉल्ट

सॉल्ट इस सीजन पावरप्ले में जमकर बल्लेबाजी कर रहे हैं और लंबे छक्के जड़ रहे हैं। वह आइपीएल में पावरप्ले में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। सॉल्ट के नाम आइपीएल 2024 में पावरप्ले में 15 छक्के हो गए हैं। उनसे आगे दिल्ली कैपिटल्स के जैक फ्रेजर मैकगर्क (16 छक्के), सनराइजर्स हैदराबाद के ट्रेविस हेड (16 छक्के) और सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (19 छक्के) हैं। अभिषेक मौजूदा सीजन में पावरप्ले में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज हैं।

### केकेआर के स्पिनरों ने झटके हैं सर्वाधिक विकेट



केकेआर के स्पिनरों ने आइपीएल के मौजूदा सीजन के नौ मैचों में 22 विकेट झटके हैं और वे टूनार्मेंट के 2024 सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिनर हैं। दूसरे नंबर पर दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर हैं जिन्होंने 10 पारियों में 21 विकेट लिए हैं। दिल्ली की तरह गुजरात के स्पिनर भी 21 विकेट अपने नाम कर चुके हैं, जबकि राजस्थान के स्पिनर नौ मैचों में 17 विकेट लेने के साथ ही इस लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं।

### दिल्ली 153/9 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| पृथ्वी शॉ क. साल्ट बो. वैभव | 13 | 07 | 03 | 00 |
| मैकगर्क क. वेंकटेश बो. स्टार्क | 12 | 07 | 01 | 01 |
| अभिषेक पोरेल बो. हर्षित राणा | 18 | 15 | 02 | 01 |
| शाइ होप बोल्ड वैभव अरोड़ा | 06 | 03 | 00 | 01 |
| पंत क. श्रेयस बोल्ड चक्रवर्ती | 27 | 20 | 02 | 01 |
| अक्षर पटेल बोल्ड सुनील नरेन | 15 | 21 | 02 | 00 |
| स्टब्स क. साल्ट बो. चक्रवर्ती | 04 | 07 | 00 | 00 |
| कुशाग्रा क. साल्ट बो. चक्रवर्ती | 01 | 03 | 00 | 00 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 35 | 26 | 05 | 01 |
| रसिख दार क. श्रेयस बो. हर्षित | 08 | 10 | 01 | 00 |
| लिजाड विलियम्स नाबाद | 01 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 13

**विकेट पतन** : 17-1, 30-2, 37-3, 68-4, 93-5, 99-6, 101-7, 111-8, 140-9.

**गेंदबाज** :मिचेल स्टार्क : 3-0-43-1, वैभव अरोड़ा : 4-0-29-2, हर्षित राणा : 4-0-28-2, सुनील नरेन : 4 0-24-1, वरुण चक्रवर्ती : 4-0-16-3, आंद्रे रसेल : 1-0-10-0.

### कोलकाता 157/3 (16.3 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| साल्ट बो.ल्ड अक्षर पटेल | 68 | 33 | 07 | 05 |
| नरेन क. मैकगर्क बो. अक्षर | 15 | 10 | 03 | 00 |
| रिंकू क. कुलदीप बो. लिजाड | 11 | 11 | 01 | 00 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 33 | 23 | 03 | 01 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 26 | 23 | 02 | 01 |

**अतिरिक्त** :04

**विकेट पतन** : 79-196-2, 100-3.

**विकेट पतन** : लिजाड विलियम्स : 3-0-38-1, खलील अहमद : 3-0-28-0, रसिख दार : 2.3-0-30-0, अक्षर पटेल : 4-0-25-2, कुलदीप यादव : 4-0-34-0.

### आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 09 | 08 | 01 | 00 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 09 | 06 | 03 | 00 | 12 | +1.096 |
| चेन्नई | 09 | 05 | 04 | 00 | 10 | +0.810 |
| हैदराबाद | 09 | 05 | 04 | 00 | 10 | +0.075 |
| लखनऊ | 09 | 05 | 04 | 00 | 10 | +0.059 |
| दिल्ली | 11 | 05 | 06 | 00 | 10 | -0.442 |
| गुजरात | 10 | 04 | 06 | 00 | 08 | -1.113 |
| पंजाब | 09 | 03 | 06 | 00 | 06 | -0.187 |
| मुंबई | 09 | 03 | 06 | 00 | 06 | -0.261 |
| बेंगलुरु | 10 | 03 | 07 | 00 | 06 | -0.415 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 500 |
| गायकबाज | चेन्नई | 447 |
| सुर्दशन | गुजरात | 418 |
| पंत | दिल्ली | 398 |
| साल्ट | कोलकाता | 392 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| बुमराह | मुंबई | 14 |
| रहमान | चेन्नई | 14 |
| हर्षल | पंजाब | 14 |
| पथिराना | चेन्नई | 13 |
| नटराजन | हैदराहाद | 13 |

## मुबंई को बड़े अंतर से हराने के इरादे से मैदान पर उतरेगी राहुल सेना

**लखनऊ।** आइपीएल के मौजूदा सत्र में अब तक बेहतर प्रदर्शन कर रही लखनऊ सुपर जायंट्स मंगलवार को यहां जब इकाना के मैदान पर उतरेगी तो टीम के हर सदस्य का इरादा कमजोर दिख रही मुबंई इंडियंस के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज अंकतालिका में अपनी स्थिति को मजबूत करने का होगा। लखनऊ को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिये अभी पांच मैच खेलने हैं जिनमें अगले दो मैच उसके अपने घरेलू मैदान पर खेले जायेंगे जिसका फायदा उठाने में केएल राहुल की टीम कोई कोरकसर छोड़ना नहीं चाहेगी। मुबंई को मौजूदा सत्र के नौ मैचों में सिर्फ तीन जीत मिली है जबकि छह में हार का सामना करना पड़ा है, वहीं लखनऊ ने नौ में से पांच मैचों में जीत दर्ज की है और दस अंकों के साथ वह प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुयी है।

## दीपिका की टॉप्स कोर ग्रुप में हुई वापसी

**नयी दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने सोमवार को तीन बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी और स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह को पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) कोर ग्रुप में शामिल किया है। खेल मंत्रालय की विशेष समिति ने आज यह घोषणा की। तीरंदाज दीपिका कुमारी की पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले टॉप्स कोर ग्रुप में वापसी हुई है, वहीं उभरते स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह को भी इसमें शामिल किया गया है।

## रावलपिंडी, लाहौर व कराची में होंगे चैंपियंस ट्रॉफी के मैच

**एजेंसी**

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिये कराची, लाहौर और रावलपिंडी को चुना है। भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये हाइब्रिड मॉडल की अटकलों के बीच पीसीबी ने कहा है कि टूनार्मेंट पाकिस्तान में ही होगा। पिछली बार इंग्लैंड में 2017 में हुई चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी मार्च में हो सकती है।

### क्या भारत जाएगा पाकिस्तान?

भारत ने अभी तक अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है और ऐसी अटकलें हैं कि आइसीसी हाइब्रिड मॉडल का उपयोग करके भारत के मैच न्यूट्रल स्थान पर करा सकता है, अगर भारतीय टीम को सरकार से यात्रा की मंजूरी नहीं मिलती है तो। आइसीसी ने साफ तौर पर कहा है कि वह किसी सदस्य देश को उसकी सरकारी नीति का उल्लंघन करने को नहीं कहेगा। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा हमने आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के मैचों के लिये शेड्यूल भेज दिया है। आइसीसी के सुरक्षा दल से बैठक अच्छी रही। उन्होने इंतजामात का जायजा लिया और हमने भी उन्हें सारी जानकारी दी। पिछले साल एशिया कप का आयोजन भी हाइब्रिड मॉडल पर किया गया था। भारत के मैच श्रीलंका में कराये गए थे जबकि टूनार्मेंट का आधिकारिक मेजबान पाकिस्तान था।

### 29 साल बाद किसी आइसीसी टूनार्मेंट की मेजबानी करेगा पाक




पाकिस्तान 29 साल के लंबे अंतराल के बाद किसी आइसीसी इवेंट की मेजबानी 2025 में करने जा रहा है। आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले पाकिस्तान ने आखिरी बार 1996 में आइसीसी वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी। भारत ने 2006 के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। दोनों देशों के बीच एक दशक से ज्यादा के समय से कोई बाइलेट्रल सीरीज भी नहीं खेली गई है। दोनों टीमें लंबे समय से एक दूसरे के साथ सिर्फ आईसीसी टूनार्मेंट में ही क्रिकेट खेलती हैं। भारत और पाकिस्तान का अगला मुकाबला इसी साल आइसीसी टी20 वर्ल्ड कप में 9 जून को होने वाला है।

## टी20 विश्व कप 2024 के लिए टीम में फिट बैठ रहे रिंकू : श्रीकांत

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मुख्य चयनकर्ता कृष्णामाचारी श्रीकांत ने कहा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज रिंकू सिंह को आगामी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम में निश्चित होना चाहिए। उन्होंने वर्ष के अंत में भारत में टी20ई में पदार्पण किया और 15 मैचों में 356 रन बनाए, जिनमें से 176.23 की उनकी स्ट्राइक रेट रही।

## न्यूजीलैंड ने की टी20 विश्व कप 2024 टीम की घोषणा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की बात करें तो विलियमसन टूनार्मेंट में न्यूजीलैंड के लिए अपनी कप्तानी की जिम्मेदारी फिर से संभालते नजर आएंगे। टीम की घोषणा दो बच्चों एंगस और मटिल्डा ने की जिसका एक वीडियो एनजेडसी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर साझा किया। बच्चों ने टीम की घोषणा करते हुए कहा, 'सभी को सुप्रभात। यहां आने के लिए धन्यवाद। मैं मटिल्डा हूं, मैं एंगस हूं और आज आपको वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए ब्लैक कैप्स टीम की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।' इसका वीडियो वायरल हो गया और एनजेडसी की अपनी टीम को सार्वजनिक करने की अनूठी शैली से आश्चर्यचकित हैं। कुछ ने अन्य बोर्डों को भी इसका अनुसरण करने का सुझाव दिया। एक ने लिखा, 'अन्य बोर्डों को सीखने की जरूरत है, यह सिर्फ एक खेल है, रक्षा सौदा नहीं। इसे खिलाड़ियों और प्रशंसकों दोनों के लिए मनोरंजक और ठंडा माहौल बनाएं।' एक अन्य यूजर ने कहा, 'आप इसे हमेशा प्यारे तरीके से करेंगे।' अन्य ने कहा, 'विश्व कप टीम की घोषणा करने का आपका तरीका बहुत अनोखा और आंखों को भाने वाला है...बहुत पसंद आया।' यह पहली बार नहीं था कि न्यूजीलैंड ने प्रतिष्ठित टूनार्मेंट के लिए टीम की घोषणा करने का अनोखा तरीका अपनाया।

## टी20 विश्व कप: इंतजार खत्म, आज बैठक करेंगे राष्ट्रीय चयनकर्ता

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** आइपीएल 2024 के बाद होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम घोषित करने की डेडलाइन करीब आती जा रही है। माना जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) एक मई को इस वैश्विक टूनार्मेंट के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर सकता है। इस बीच, इंतजार की घड़ियां समाप्त होने को हैं क्योंकि अजित अगरकर की अगुआई वाली राष्ट्रीय चयन समिति टीम चयन को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को बोर्ड के सचिव जय शाह से मुलाकात करने जा रही है।

### अहमदाबाद में होगी बैठक

बीसीसीआइ सचिव सीनियर पुरुष चयन समिति के संयोजक हैं और लोकसभा चुनाव के कारण उनका शेड्यूल काफी व्यस्त है। माना जा रहा है कि जय शाह और राष्ट्रीय चयनकताओं के बीच बैठक अहमदाबाद में होगी।

### कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर होगी चर्चा

जय शाह और अजित अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति के बीच बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा होगी, इसमें दूसरे विकेटकीपर का स्थान और टीम में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या का स्थान दो महत्वपूर्ण बिंदु होंगे। माना जा रहा है कि लखनऊ सुपरजाएंट्स के कप्तान केएल राहुल और राजस्थान रॉयल्स की कमान संभाल रहे संजू सैमसन के बीच अभी भी दूसरे विकेटकीपर के लिए प्रतिस्पर्धा चल रही है।

### सैमसन या राहुल? कौन होगा दूसरा विकेटकीपर?

सैमसन अपनी टीम के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और आइपीएल 2024 में अब तक 161 के स्ट्राइक रेट से 385 रन बना चुके हैं, जबकि केएल राहुल ने भी 144 के स्ट्राइक रेट से 378 रन बनाए हैं। सैमसन राजस्थान के लिए तीसरे नंबर के बल्लेबाज के तौर पर उतरते हैं, लेकिन इस स्थान के आधार पर उन्हें भारतीय टीम में जगह नहीं मिल सकती है। एक अन्य धारणा यह भी है कि केवल एक अच्छे आईपीएल सीजन के आधार पर सैमसन को टीम में शामिल नहीं किया जा सकता है। राहुल के मामले में कहा जा सकता है कि कोचिंग स्टाफ का एक सीनियर सदस्य निश्चित रूप से उन्हें शामिल कराने के लिए हर संभव प्रयास करेगा, लेकिन कई लोगों का मानना है कि टी20 क्रिकेट में दाएं हाथ के इस बल्लेबाज का दृष्टिकोण पुराना है। हालांकि, वेस्टइंडीज में धीमी पिच को देखते हुए उन्हें पांचवें या छठे नंबर पर सैमसन से बेहतर विकल्प माना जा सकता है। विकेटकीपिंग में एक अन्य विकल्प जितेश शर्मा आइपीएल में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं।

## कैंडेस पार्कर ने बॉस्केटबॉल से लिया संन्यास

**नयी दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिका की महान महिला बास्केटबॉल खिलाड़ी कैंडेस पार्कर ने खेल से संन्यास की घोषणा की है। पार्कर ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा, मैं रिटायर हो रही हूं। उन्होंने कहा, मैंने वादा किया था कि मैं खेल से कभी धोखा नहीं करूंगी और मैं सही समय आने पर इसे छोड़ दूंगी। 38 वर्षीय खिलाड़ी ने लिखा, मेरे अंदर का प्रतिस्पर्धी हमेशा एक और चाहता है, लेकिन अब समय आ गया है। मेरा दिल और शरीर जानता है लेकिन मुझे इसे स्वीकार करने के लिए अपने दिमाग को समय देने की जरुरत थी। उन्होंने कहा, मुझे माफ कर दीजिए क्योंकि मैं थोड़ा शोक मना रही हूं, लेकिन कुछ समय बाद मैं खेल को अलग तरह से प्यार करने लगूंगी। उल्लेखनीय है कि पार्कर ने वर्ष 2008 और 2012 में ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता और तीन बार (वर्ष 2016, 2021 और 2023) में डब्ल्युएनबीए चैम्पियनशिप जीती है।

## सिंधू-लक्ष्य और प्रणय समेत सात भारतीय खिलाड़ियों का जलवा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत के सात बैडमिंटन खिलाड़ियों ने आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया है। ये सात खिलाड़ी चार अलग-अलग श्रेणी के हैं। साई मीडिया ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की है। इन सभी खिलाड़ियों ने रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया। ओलंपिक इस साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक खेला जाएगा।इन सात खिलाड़ियों में से हाल में क्वालिफाई करने वाले खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन हैं। इन दोनों ने पुरुष एकल वर्ग में बहुराष्ट्रीय टूनार्मेंट के लिए क्वालिफाई किया। वहीं, दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू ने महिला एकल वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया। वह इस वर्ग में भारत की अकेली प्रतिद्वंद्वी हैं। सिंधू ने 2016 रियो ओलंपिक में रजत पदक और 2021 टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था।इससे पहले सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पहले ही पुरुष युगल वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। दोनों की मौजूदा वर्ल्ड रैंकिंग तीन है। वहीं, महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और तनीशा क्रास्तो की जोड़ी ने ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया है। इन सातों खिलाड़ियों के हाथों में बैडमिंटन में भारत को पदक दिलाने की जिम्मेदारी होगी।

## सेंथिल ने जीता बैच ओपन स्क्वैश का खिताब

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पेरिस।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलवन सेंथिलकुमार ने बैच ओपन स्क्वैश चैलेंजर इवेंट का खिताब जीत लिया है, जो उनका आठवां प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (पीएसए) टूर खिताब है। सेंथिलकुमार ने रविवार देर रात खिताबी मुकाबले में स्थानीय खिलाड़ी मेल्विल साइनिमैनिको को शिकस्त दी। दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने फ्रांसीसी खिलाड़ी को 35 मिनट में 11-6, 11-9, 11-6 से हराया, यह भारतीय खिलाड़ी का 12वां टूर फाइनल था। इस जीत के साथ, 26 वर्षीय वेलवन को 12,000 अमेरिकी डॉलर का नकद पुरस्कार मिला। चेन्नई के रहने वाले शीर्ष वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार ने जीत के बाद एक बयान में कहा, मेल्विल ने वास्तव में अच्छा खेला और दर्शकों का भी उन्हें काफी समर्थन मिला। मुझे शुरू से अंत तक तेज रहना था और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा कर सका। सेंथिलकुमार ने हांगकांग, चीन के 163वीं रैंकिंग वाले एंडिस लिंग को एकतरफा मुकाबले में 3-0 (11-2, 11-1, 11-6) से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। यह मुकाबला 22 मिनट तक चला था। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में उन्होंने चेक गणराज्य के खिलाड़ी जैकब सोलनिकी पर 3-0 (11-5, 11-6 और 11-2) से जीत हासिल की। जबकि प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उन्होंने फ्रांस के माटेओ कारूगेट को 3-0 (11-4, 11-6 और 11-7) से हराया था। बता दें कि सेंथिलकुमार ने 2016 में एशियाई जूनियर स्क्वैश का खिताब जीता था, इसके बाद 2017 में उन्होंने ब्रिटिश जूनियर ओपन फाइनल में भी जीत हासिल की। उन्होंने अप्रैल 2018 में विस्कॉन्सिन में मैडिसन ओपन में अपना पहला पीएसए खिताब जीता था।

## भारत ने इंग्लैंड को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

### थॉमस कप बैडमिंटन







**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** गत चैंपियन भारत ने सोमवार को ग्रुप सी मुकाबले में इंग्लैंड पर 5-0 की आसान जीत के साथ बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) थॉमस कप 2024 के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। भारतीय टीम, अब अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में इंडोनेशिया से भिड़ेगी। बैडमिंटन संघ (बीएआइ) की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय महिलाओं ने भी लगातार दो जीत के साथ उबेर कप 2024 के अंतिम आठ में अपना स्थान पक्का कर लिया है और अपने आखिरी ग्रुप ए मुकाबले में मंगलवार को चीन से भिड़ेंगी। पुरुषों के ग्रुप सी मुकाबले में दुनिया के 9वें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय ने हैरी हुआंग को 21-15, 21-15 से हराकर टीम को विजयी शुरूआत दी। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने इसके बाद बेन लेन और सीन वेंडी की अंग्रेजी जोड़ी को एक घंटे और पांच मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 19-21, 21-15 से शिकस्त दी और भारत की बढ़त 2-0 कर दी। टीम प्रबंधन ने अगले एकल मुकाबले के लिए लक्ष्य सेन को आराम देने का फैसला किया, किदांबी श्रीकांत ने नदीम दल्वी को 21-16, 21-11 से हराकर भारत को 3-0 से आगे कर दिया। इसके बाद एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने बीटी रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन की जोड़ी को 21-17, 21-19 से हराया और किरण जॉर्ज ने चोलन कायन को 21-18, 21-12 से हराकर भारत को 5-0 से जीत दिला दी। इसके साथ ही भारत ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

स्पीड न्यूज

## शोक सभा का आयोजन

**गढ़वा।** विशुनपुरा बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा (झाप्रसे) का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए सोमवार को समाहरणालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान डीसी शेखर जमुआर समेत सभी वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर प्रार्थना किया। डीसी ने जिला प्रशासन की ओर से उनके आकस्मिक निधन पर दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि हमने एक अच्छे पदाधिकारी को खोया है, जो काफी पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में हम मृतक के परिजनों के साथ खड़े हैं। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी मतियस विजय टोप्पो समेत सभी वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## जायन्ट्स सहेली ने तीन स्थानों पर किया पनशाला का उद्घाटन

**गढ़वा।** भीषण गर्मी को देखते हुए जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के तत्वावधान में तीन पनशाला का उद्घाटन किया गया। सबसे पहले जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के निवर्तमान अध्यक्ष रितु जायसवाल के मेन रोड स्थित निवास पर पहला पनशाला का उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात जायन्ट्स सहेली सदस्य विमला केशरी के निवास घड़ा पट्टी एवं सुमन केशरी के मेन बाजार स्थित निवास सह प्रतिष्ठान के समीप दूसरा एव तीसरा पनशाला का उद्घाटन किया गया। मौके पर जायंट्स पदाधिकारियों ने कहा कि गढ़वा में ही नहीं पूरे देश में अभी गर्मी काफी पड़ रही है। ऐसे में जायन्ट्स सहेली के द्वारा पनशाला का शुभारंभ किया जा रहा है। इससे आम राहगीरों को काफी राहत मिलेगी। पदाधिकारी ने लोगों से कहा कि इस भीषण गर्मी एवं लू में जरूरी हो तो ही घर से निकले अन्यथा घर से ही अपना काम निपटाये। यदि बाहर निकले तो भरपेट खाना खाकर पानी पीकर एवं गमछा, तौलिया, छाता आदि लेकर निकले ताकि तेज धूप और लहर के प्रकोप से बच सके। सहेली के सदस्यों ने आमजनों से अपने घर के बाहर एवं छतों पर खुले में पानी रखने की अपील की।

## रेलवे ट्रैक से पुलिस ने किया युवक का शव बरामद

**कांडी।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत से मोहम्मदगंज–सतबहिनी रेलवे स्टेशन के बीच भीम चूल्हा रेलवे टनल के पास डाउन ट्रैक से सोमवार को लगभग 45 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव को पुलिस ने बरामद किया है। सोशल मीडिया में आने के बाद शव की शिनाख्त कांडी थाना क्षेत्र के मंडरा निवासी मुनरचंद पासवान के लगभग 45 वर्षीय पुत्र विजय पासवान के रूप हुई है। मृतक आसमानी शर्ट और पैंट पहने हुए था। घटना की सूचना मिलते ही मोहम्मदगंज थाना से एसआई शेख अमानुल्लाह घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने पहले आसपास के लोगो को बुलाकर पहचान कराया लेकिन मृतक की शिनाख्त किसी ने नहीं की। एसआई शेख अमानुल्लाह ने बताया कि प्रथम दृष्टया रेल से कटकर मौत होना प्रतीत होता है।

## बीडीओ के निधन पर शोक सभा

विशुनपुरा। बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा के निान पर प्रखंड कार्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन रख कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईष्वर से प्रार्थना की गई। मौके पर पूर्व अंचलाािकारी संदीप कुमार मद्धेशिया ने कहा कि प्रखंड के लिए बहुत बड़ी अपूर्णीय क्षति है। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। मौके पर प्रमुख दीपा कुमारी, 20 सूत्री अयक्ष शैलेंद्र प्रताप देव, विाायक प्रतिनिाि ष्णा विश्वकर्मा, उपप्रमुख कविता देवी, बीडीसी शांति देवी, भरदुल चन्द्रवंशी, मुखिया प्रतिनिाि प्रवीण कुमार यादव, मुन्ना अंसारी, पंकज कुमार सिंह, नाजिर मुकुल कुमार, सुबोा कुमार, सीआई जयप्रकाश कुमार, राजस्व उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार, निरंजन मिश्रा, ग्राम सेवक रामप्रवेश सिंह, जगदीश राम, अभिजीत सिंह, लालभूषन गुप्ता, मणिलाल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# चुनाव में खर्च का व्यय प्रेक्षक ने अंकेक्षण कर अभिलेखों की जांच की



एजेंसी

**सहरसा।** मधेपुरा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत आने वाले सहरसा,सोनबरसा एवं महिषी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रति नियुक्त व्यय प्रेक्षक अम्बरीश मिश्रा द्वारा अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण कोषांग सहरसा का निरीक्षण कर समीक्षा बैठक की गई। अभ्यर्थियों द्वारा किये जा रहे चुनावी खर्च के तमाम ब्यौरों से संबंधित अभिलेखों की जांच कर तद्संबंधित दिशा निर्देश दिए। इससे पहले व्यय अनुश्रवण कोषांग के नोडल सह राज्य कर संयुक्त आयुक्त प्रवीण कुमार द्वारा व्यय प्रेक्षक का स्वागत किया गया।

सभी विधानसभा वार अंकेक्षण टीम द्वारा किये गए अबतक के अभिलेखों की जांच कर अभ्यर्थियों तथा उनके लिए प्रचार करने वाले स्टार प्रचारकों की सभा, रैलियों, जुलूस तथा वाहनों द्वारा किये जा रहे चुनाव प्रचार से संबंधित सभी प्रकार के खर्चों का अंकेक्षण बारिकी से कर दैनिक प्रतिवेदन संबंधित अन्य सभी कोषांगों को एवं चुनाव आयोग को किए जाने का निर्देश दिया गया।

# डीएम ने पंचायत संसाधन केंद्र का किया निरीक्षण

एजेंसी

**किशनगंज।** जिलाधिकारी तुषार सिंगला के द्वारा सोमवार को पंचायती राज विभाग अंतर्गत डीपीआरसी अर्थात जिला पंचायत संसाधन केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षक के दौरान डीएम ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को जल्द से जल्द डीपीआरसी केंद्र के संचालित कराने हेतु निर्देश दिया। पंचायत प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण समयबद्ध एवं निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। पंचम राज्य वित्त आयोग के अनुशंसा के आलोक में पंचायत के सशक्तिकरण के लिए राज्य स्तर पर राज्य पंचायत संसाधन केंद्र एवं राज्य के प्रत्येक जिले में जिला पंचायत संसाधन केंद्र स्थापित करने का निर्णय राज्य सरकार के द्वारा लिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य प्रशिक्षण केंद्र में जहां मुख्यतः



गुणवत्ता पूर्वक प्रशिक्षण के उद्देश्य से नीति निर्माण अनुसंधान एवं संसाधन सामग्री आदि विकसित की जाएगी वहीं जिला पंचायत संसाधन केंद्र के माध्यम से त्रिस्तरीय पंचायत एवं ग्राम कचहरी के निर्वाचित प्रतिनिधियों को अधिनियम में प्रावधानित विषयों तथा कार्यों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन संस्थानों में प्रशिक्षण के साथ-साथ अनुसंधान अभिलेखों के प्रलेखन के कार्य भी किए जाएंगे। इन प्रशिक्षण केंद्र का उपयोग सरकार के अन्य विभागों द्वारा भी अपने विषय से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भी किया जा सकेगा। यह सभी कार्य परियोजना निर्देशक तथा प्राचार्य के निर्देशन में किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत संसाधन केंद्र में पूंजी व्यय एवं रखरखाव लागत का प्रावधान किया गया है।

# दो सौ ग्राम स्मैक के साथ पांच गिरफ्तार

एजेंसी

**सहरसा।** बिहार में नशाबंदी कानून लागू होने के बाद शराब की बिक्री बंद कर दी गई।उसके बाद सेवन करने वाले लोग उसमें भी खासकर युवा वर्ग अन्य घातक व जानलेवा नशे के लिए कोरेक्स, सुलेसन,गांजा के साथ साथ अब स्मैक का सेवन करने लगे है।इसी कड़ी मे रविवार को संध्या गश्ती के दौरान पांच लोगों को दो सौ ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पुअनि जयप्रकाश नारायण सिंह ने लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।वर्तमान में टीओपी वन सदर थाना सहरसा में पदस्थापित है। उन्होंने बताया कि संध्या गश्ती के क्रम में रात्रि समय करीब 21:10 बजे फकीर टोला स्थित वीर कुंवर सिंह उच्च विद्यालय के पास अवस्थित विद्यालय कैम्पस के पास पहुंचे तो देखे कि कैम्पस के अंदर 04-05 युवक बैठकर आपस में बातचीत करते हुए धुम्रपान कर रहे हैं। जो पुलिस बल को देखते ही पांच युवक में से एक युवक हाथ में काला पन्नी लेकर भागने का प्रयास करने लगे। भाग रहे उक्त युवकों पर संदेह होने पर दौड़कर पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया। तलाशी के क्रम में कुमार गौरव के दाए हाथ में रखे काला रंग का पन्नी से बिहार एक्सप्रेस तम्बाकू के पुड़िया से उजला,पीला रंग के पाउडर जैसा पदार्थ, एवं वजन करने वाला ईलेक्ट्रिक मशीन बरामद हुआ।

# जीवनरक्षक टीका का हकदार है हर एक बच्चा: सिविल सर्जन



एजेंसी

**किशनगंज।** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ देवेन्द्र कुमार ने सोमवार को यहां कहा कि टीका हर साल लाखों लोगों का जान बचाती है। ये सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती का एक मजबूत स्तंभ है। इन टीकों की वजह से ही कभी आतंक का प्रयाय माने जाने वाले चेचक, खसरा, पोलियो, हैजा सहित कई जानलेवा रोगों के प्रभाव से आज हम खुद को पूरी तरह महफूज पाते हैं। उन्होंने कहा कि रोगी रोधी टीकों का आविष्कार मानवता के इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धियों में शुमार है। टीकों की स्वीकार्यता को बढ़ाने इसकी उपयोगिता के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से ही 24 से 30 अप्रैल को हर साल विश्व टीकाकरण सप्ताह आयोजित किया जाता है। इस वैश्विक आयोजन के माध्यम से समुदाय में टीकाकरण की मांग को बढ़ावा देने के साथ इसकी स्वीकार्यता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों में रोगी प्रतिरोधात्मक क्षमता का अभाव होता है। इस कारण उन्हें गंभीर रोगों के संक्रमण का खतरा अधिक रहता है। छोटे बच्चे पर आसपास का वातावरण व इसमें मौजूद हानिकारक कीटाणु व विषाणु बहुत जल्दी उन पर अपना प्रभाव छोड़ते हैं। इस कारण बच्चों को बीमारियों का खतरा अधिक होता है। बच्चों को इन रोगों से संरक्षित रखने के लिये गर्भ ठहरने के तत्काल बाद महिलाओं को टेटनस-डिप्थेरिया वैक्सीनेशन लगाया जाता है। नवजात के जन्म के उपरांत समय पर सभी जरूरी टीका लगाना जरूरी होता है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम का किया दौरा

**किशनगंज।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी तुषार सिंगला के द्वारा सोमवार को बाजार समिति स्थित डीसीआरसी सेंटर में ईवीएम स्ट्रांग रूम का दौरा किया गया। वहां उपस्थित मजिस्ट्रेट से वातार्लाप करते हुए डीएम ने निर्देशित किया कि जिन भी पदाधिकारी या कर्मियों का वहां पर दौर होता है उनके द्वारा लॉग बुक में एंट्री करना अनिवार्य है। वहां पर हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के किशनगंज जिला अंतर्गत प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ऐसे सभी प्रतिनिधियों के पहचान हेतु उनको पहचान पत्र निर्गत किया जाए तथा उनके आवाजाही को भी लॉग बुक में रिकॉर्ड किया जाए।डीएम द्वारा स्वयं भी लॉग बुक में एंट्री किया गया तथा कंट्रोल रूम में बैठकर फुटेज का निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को भी निर्देश दिया गया कि वह समय-समय पर फुटेज को ध्यान पूर्वक देखते करते रहे। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला के साथ जिला पंचायती राज पदाधिकारी जफर आलम, नगर परिषद किशनगंज के कार्यपालक पदाधिकारी परवीन कुमार तथा अन्य पदाधिकारी एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

# नये उर्वरक विक्रेताओं के बीच पीओएस मशीन का वितरण




एजेंसी

**सहरसा।** जिला कृषि कार्यालय के सभागार में नये उर्वरक अनुज्ञप्तिधारी विक्रेताओं के बीच सोमवार को पीओएस मशीन का वितरण किया गया।नये उर्वरक अनुज्ञप्तिधारी उर्वरक की बिक्री तब तक नहीं कर सकते हैं जबतक उन्हें पीओएस मशीन उपलब्ध नहीं होता है। अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के बाद भी अनुज्ञप्तिधारी विगत दो वर्षों से उर्वरक की बिक्री नहीं कर पा रहे थे। सहरसा जिला के लिए आईपीएल कम्पनी को पुलिस मशीन उपलब्ध कराने हेतु अधिकृत किया गया था। आईपीएल कम्पनी के माध्यम से आज जिला कृषि पदाधिकारी ज्ञानचन्द शर्मा द्वारा अनुज्ञप्तिधारियों को पीओएस मशीन उपलब्ध कराया गया। नया मशीन बिल्कुल अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित है। इसके माध्यम से उर्वरकवार कम्पनीवार उर्वरक का हिसाब रखा जा सकता है। यह पीओएस मशीन आनलाइन फर्टिलाइजर मानीटरिंग सिस्टम से जुड़ा हुआ है, जिसके माध्यम से यह स्पष्ट जानकारी प्राप्त की जा सकती है कि किस उर्वरक विक्रेता के पास कितनी मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। इस मशीन में प्रिंटर भी लगा हुआ है। जिससे किसानों को उर्वरक क्रय करने पर क्रय रसीद प्राप्त होगा। आगे भी पुनः कैम्प आयोजित कर अनुज्ञप्तिधारियों को पीओएस मशीन उपलब्ध कराया जाएगा। वितरण कार्यक्रम में जिला परामर्शी डॉ मनोज सिंह आयुष झा, अविनाश कुमार एवं अन्य उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट ने दिया कांडी थाना को तत्काल सील करने का आदेश




खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** झारखंड हाईकोर्ट ने गढ़वा जिला के कांडी थाना को तत्काल सील करने का आदेश दिया है। मिली मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हाईकोर्ट में न्यायाीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से अिवक्ता राजीव कुमार (रिटायर्ड जिला जज) ने बहस की। दरअसल कांडी थाना का भवन बनने के बाद उसकी भूमि के स्वामित्व को लेकर झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया था। जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया है। इस संबंा में अजय कुमार सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कहा गया कि उसकी भूमि पर थाना का भवन बना दिया गया है, लेकिन उसे उचित मुआवजा नहीं दिया गया। जिस पर हाईकोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि बिना मुआवजा दिए किसी की भूमि पर सरकारी निर्माण कैसे किया का सकता है। तत्काल कांडी थाना को सील करने का निर्देश जाता है। इस संबंा में अजय सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि 2021 से हाईकोर्ट में केस चल रहा था। इससे पूर्व भी हाई कोर्ट ने 11 मार्च 2024 को स्वतह संज्ञान लेकर उक्त सभी भुमि पर कार्य करने रोक लगाई थी। इसके बावजूद भी नहीं मानने पर 18 मार्च 2024 को गृह सचिव को तलब किया गया था। आज पुनः हाईकोर्ट संज्ञान लेते हुए कांडी थाना को सील करने का आदेश दिया है।

# दिनेश कॉलेज में प्राथमिक उपचार पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




कार्यशाला में प्राध्यापक व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कलेज ऑफ एजुकेशन के सेमिनार कक्ष में सोमवार को वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत प्राथमिक उपचार पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रायापकों एवं प्रशिक्षकों को मतदाता जागरूकता का शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि वनांचल कलेज ऑफ नर्सिंग के प्रायापक संजीव श्रीवास एवं नीलोफर शेख ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर नीलोफर शेख ने प्राथमिक उपचार का महत्व, उपयोगिता एवं प्रायोगिक रूप में उसकी व्याख्या की। संजीव श्रीनिवास ने विस्तृत रूप से प्राथमिक उपचार का व्याख्या किया तथा प्रदर्शन विाि द्वारा प्रस्तुत करके दिखाया। नर्सिंग की छात्रा विभा ने सीपीआर विाि को प्रदर्शित करके दिखाया। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या ड सुनीता गुप्ता ने बताया कि प्राथमिक उपचार का ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति को अवश्य होना चाहिए। ताकि अपने स्तर से किसी की जान बचाई जा सके। विश्वविद्यालय के कुलाापिति दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रोफेसर ड एमके सिंह एवं कुलसचिव ड लल्लन सिंह ने इस तरह के कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को प्रोत्साहित किया। मौके पर दिनेश कलेज ऑफ एजुकेशन के प्रायापकों में अरविंद तिवारी, ड आशुतोष मिश्रा, आनंद कुमार चौबे, मनोज गुप्ता, शशिकांत सिंह यादव, अभिमन्यु शुक्ला, बीएन सिंह, एसएन ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### डीएम इनायत खान ने अधिकारियों के साथ ईवीएम कमिशनिंग का किया निरीक्षण

**अररिया।** अररिया में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निवार्ची पदाधिकारी- सह-जिला पदाधिकारी इनायत खान द्वारा सभी डिस्पैच सेंटरों पर ईवीएम कमिशनिंग का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा संबंधित सहायक निवार्ची पदाधिकारी,उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में डीएम ने मतदान सामग्री वितरण स्थल, पार्किंग स्थल सहित सभी आवश्यक व्यवस्था का अवलोकन किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निदेशानुसार वरीय प्रभारी, निर्वाचन -सह- अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी के साथ समीक्षा की गई। जिसमें जिला परिवहन पदाधिकारी अररिया को आवश्यकता अनुसार वाहन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

### अररिया गलगलिया रेल खंड के निरीक्षण के लिए पहुंचे सीआरएस

**किशनगंज।** काफी अरसे के इंतजार के बाद लोगो को रेल की सौगात मिली है। अररिया-गलगलिया रेल खंड का निरीक्षण के लिए सोमवार को एक बड़ी टीम के साथ सीआरएस ठाकुरगंज पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों ने ठाकुरगंज में पटरी के पैंच तक को खुलवा कर जांच किया। लोगों के चेहरे पर मुस्कान इस बात को लेकर आई की लम्बे अरसे के बाद अब कुछ ही समय बाद रेल का परिचालन शुरू हो जायेगा जिससे लोग लम्बी दूरी को कम समय में तय कर पायेंगे। इस दौरान रेलवे फाटक ठाकुरगंज के रेल रोड पर भी जाम की समस्या को देखते हुए आर.ओ.बी की संभावना पर विचार करने का भी निर्देश दिए।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत निकल गया मतदाता जागरूकता रैली

**चैनपुर।** स्वीप कार्यक्रम के तहत चैनपुर मुख्यालय में संत अन्ना उच्च विद्यालय चैनपुर और यूसी बालिका विद्यालय टोंगो के छात्राओं के द्वारा मतदान जागरूकता रैली निकाली गई।रैली के माध्यम से लोगों को लोकसभा आम चुनाव में देश के संविधान के प्रति कर्तव्य व वफादारी दिखाते हुए लोगों को 13 मई को होने वाली मतदान में अपनी सकारात्मक भागीदारी निभाने के लिए जागरूक कर शतप्रतिशत मतदान को लेकर जागरूक किया गया। विद्यार्थी मेघा रानी ने कहा कि चैनपुर प्रखंडवासी अपने मत का प्रयोग कर शत प्रतिशत मतदान करें। रैली के दौरान मतदान के दिन लोगों को अपने अपने घरों से निकल कर अपने अपने मतदान केंद्रों पर मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही जरूर से जरूर मतदान करने की अपील की गई। इस मतदाता जागरूकता रैली में मुख्य रूप से चैनपुर बीडीओ यादव बैठा,संत अन्ना उच्च विद्यालय एचएम , यूसी टोंगो के एचएम, यूसी बालिका विद्यालय टोगो साहित स्कूल के और संत अन्ना के छात्राएं मुख्य रूप से शामिल थे।

### राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोरियाडीह में लगे सोलर जलमिनार का स्टार्टर हुआ चोरी

**घाघरा।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोरियाडीह घाघरा में लगे सोलर जलमीनार का स्टार्टर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोपाल कृष्णा कुमार साहू ने घाघरा थाने में सोमवार को दिन के 12 बजे लिखित आवेदन देते हुए बताया कि उक्त विद्यालय में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पानी की सुविधा हेतु विगत 19 अप्रैल 2024 को जलमीनार स्थापित किया गया था। वही विगत 27 अप्रैल दिन शनिवार को विद्यालय अवधि तक वह सही सलामत था। वही आज सोमवार को जब विद्यालय खोलने के लिए जब गए। इसके बाद देखा तो जलमीनार का स्टार्टर गायब है ।ग्रामीणों से पूछने पर पता चला कि रविवार की शाम तक स्टार्टर जलमीनार में लगा हुआ था।वहीं अज्ञात चोरों द्वारा इसकी चोरी कर ली गई है।

### नाम वापसी प्रक्रिया के बाद 15 उम्मीदवार बच्चे चुनावी समर में

**गुमला।** लोहरदगा संसदीय सीट से नो मोबाइल वापसी के अंतिम दिन किसी भी उम्मीदवार में अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। अब चुनावी समर में 15 उम्मीदवार बचे हैं। सोमवार जिला निर्वाचन पदाधिकारी हिस्सा उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उक्त जानकारी दी। उपायुक्त ने बताया कि नाम वापसी प्रक्रिया के बाद बच्चे सभी कैंडिडेट के बीच सिंबल का भी वितरण कर दिया गया है। जिसमें तीन उम्मीदवार राष्ट्रीय दल से है जबकि कुछ क्षेत्रीय पार्टी व कुछ स्वतंत्र उम्मीदवार हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब चुनावी रण में भाकपा के श्री महेंद्र उरांव, भागीदारी पार्टी के मनी मुंडा, निर्दलीय श्री स्टेफन किंडो, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया बिहारी भगत, निर्दलीय सनिया उरांव, श्री पवन तिग्गा (स्वतंत्र), भारत आदिवासी पार्टी के मारियानुस तिग्गा, भाजपा के श्री समीर उरांव , लोकहित अधिकार पार्टी के राम चंद्र भगत, निर्दलीय चमरा लिंडा, बसपा के श्री गिरजानंद उरांव, आजाद समाज पार्टी के अर्जुन टोप्पो, इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के सुखदेव भगत, निर्दलीय श्री अर्पण देव भगत व रंजीत भगत चुनावी रण में हैं।

### स्वीप के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**साहिबगंज।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आज राजमहल विधानसभा अंतर्गत बूथ संख्या 253 में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ0 सुमन गुप्ता, जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में मतदाताओं का घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया.।

## पेज एक का शेष

### केजी से आठवीं तक के बच्चों की छुट्टी

**कर्मी नियमित आयेंगे:** शिक्षा विभाग ने कहा है कि स्कूल सिर्फ बच्चों के लिए बंद रहेंगे। सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) स्कूलों के शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों पर यह आदेश लागू नहीं होगा। यानी वे नियमित स्कूल आते रहेंगे। इनको मिलने वाली गर्मी छुप्ती के संबंध में अलग से आदेश जारी किया जायेगा।

**सतर्क रहने की सलाह:** मौसम विभाग ने कहा है कि हीट वेव से बचने के लिए बहुत जरूरी है कि धूप और तेज पछुआ हवा के एक्सपोजर से खुद को बचाया जाये। 11 बजे से लेकर अपराह्न 3 बजे तक अपने घरों में ही रहें। जरूरी हो तो ढीले सूती कपड़े पहन कर पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के बाद ही घर से बाहर निकले। गोगल्स का इस्तेमाल करें। लस्सी, छाछ, ओआरएस के घोल पीते रहें। खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूज का इस्तेमाल करें।

### बिहार में बालबाल बचे अमित शाह

**मजबूर नहीं मजबूत नेता चुनें:** इससे पहले सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि देश को मजबूर नेता नहीं, मजबूत नेता चाहिए। मोदी ने देश को एकजुट करने का काम किया। इंडिया गठबंधन का पीएम कौन है, देश इसे जानना चाहता है। बेगूसराय में कम्युनिस्ट और कांग्रेस ने मिलकर बरौनी फर्टिलाइजर, थर्मल और बरौनी रिफाइनरी को बंद करने का काम किया, लेकिन पीएम मोदी ने इस बंद कारखाने को चालू किया और बरौनी रिफाइनरी का विस्तारीकरण भी किया। अमित शाह ने अनुच्छेद 370 को हटाये जाने और अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण का हवाला दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि धारा 370 को लेकर राहुल बाबा ने कहा था कि इसके कारण कश्मीर में खून की नदी बहेगी, लेकिन पिछले पांच साल में खून की नदी बहना तो दूर किसी ने वहां पत्थर फेंकने की भी हिम्मत नहीं की।

स्पीड न्यूज

## शाहजहां के जमीन के अवैध कारोबार में बंगाल के मंत्री भी शामिल : इडी

**कोलकाता।** इडी ने सोमवार को कोलकाता में पीएमएलए की एक विशेष अदालत को बताया कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में शेख शाहजहां के अवैध रूप से भूमि-कब्जाने से हासिल का लाभ का एक हिस्सा राज्य मंत्रिमंडल के कुछ प्रभावशाली सदस्यों को भी मिला। ईडी के वकील ने अदालत को यह भी बताया कि अवैध रूप से अर्जित धन से अत्याधुनिक हथियारों की खरीदारी भी की गई। एजेंसी का दावा है कि पिछले सप्ताह संदेशखाली में शाहजहां के एक करीबी सहयोगी के घर से सीबीआई और एनएसजी के संयुक्त टीम ने अत्याधुनिक हथियार, गोला-बारूद, बम आदि की बरामदगी की।

## कनाडा में फिर लगे खालिस्तानी नारे

नयी दिल्ली। कनाडा में बैसाखी के मौके पर आयोजित खालसा दिवस कार्यक्रम में खालिस्तान समर्थक नारे लगाने का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और विपक्षी नेता न केवल शामिल होते हैं बल्कि खालसा के समर्थन में भाषण भी देते हैं। वीडियो को साझा करते हुए भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने इस घटना पर चिंता जताई है। उन्होंने जस्टिन ट्रूडो को नसीहत दी है कि अगर घर के पीछे सांप पालेंगे तो दूसरों के साथ एक दिन वो आपको भी डंसेगा।

## सुकमा में मुठभेड़ एक नक्सली ढेर

**सुकमा।** सुकमा के किस्टाराम थाना अंतर्गत पेसेलपाड़ के जंगल में हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बल के जवानों ने एक नक्सली को मार गिराया है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। छत्तीसगढ़ के किस्टाराम थाना क्षेत्र अंर्तगत पेसेलपाड़ के जंगल में किस्टाराम एरिया कमेटी के नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी, बस्तर फाइटर एवं 208 वाहिनी कोबरा की संयुक्त पार्टी नक्सल उन्मूलन अभियान पर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान सोमवार सुबह 07 बजे पुलिस एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया है। घटनास्थल की तलाशी के दौरान मारे गए नक्सली का शव और हथियार बरामद किया गया है।

## छत्तीसगढ़ में सड़क हादसा, नौ की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बेमेतरा से 18 किलोमीटर दूर कठिया गांव के पास रविवार देर रात एक पिकअप ने सड़क किनारे खड़े मिनी ट्रक को टक्कर मार दी। इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। इनमें 5 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। इनमें 4 की हालत नाजुक है। घायलों को रायपुर एम्स रेफर किया गया है। कलेक्टर बेमेतरा रणवीर शर्मा ने सोमवार सुबह जानकारी दी कि मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है और 23 घायल हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## भाजपा सांसद वी श्रीनिवास का निधन

**बेंगलुरु।** पूर्व केंद्रीयमंत्री और चामराजनगर से भाजपा के सांसद वी श्रीनिवास प्रसाद का रविवार रात यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। श्रीनिवास प्रसाद पिछले चार दिन से आईसीयू में भर्ती थे। उन्होंने 76 वर्ष की आयु में आखिरी सांस ली। भाजपा के दिग्गज नेता वी श्रीनिवास चामराजनगर लोकसभा सीट से सात बार चुनाव जीते।

## पाक में देशव्यापी पोलियो विरोधी अभियान शुरू

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सरकार ने 2.4 करोड़ से अधिक बच्चों को पोलियो की बूंद पिलाने के लक्ष्य के साथ सोमवार को देशव्यापी पोलियो विरोधी अभियान शुरू किया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के समन्वयक मुख्तार अहमद भरत ने कहा कि देश को पोलियो मुक्त करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।



## अमेठी से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने दाखिल किया नामांकन

**अमेठी।** केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति जुबिन ईरानी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट गौरीगंज पहुंचकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन करते समय उनके साथ उनके पति जुबिन ईरानी, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और अमेठी के शिक्षा एवं समाजसेवी के साथ प्रकांड विद्वान पंडित जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी मनीषी मौजूद थे।




## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नामांकन से पहले किया रोड शो

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लखनऊ लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पूर्व राजनाथ सिंह ने भाजपा प्रदेश कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक रोड शो किया। रोड शो के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया। राजनाथ सिंह लखनऊ से तीसरी बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

## यूजीसी नेट परीक्षा अब 18 जून को होगी

**नयी दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नेट के लिए परीक्षा 16 जून (रविवार) को होनी थी। हालांकि, परीक्षा की तारीख बदल दी गई है। यूजीसी के मुताबिक अब यह परीक्षा 18 जून को ली जाएगी। यूजीसी चेयरमैन प्रोफेसर एम जगदीश कुमार ने बताया कि परीक्षा की तारीख में बदलाव यूपीएससी परीक्षाओं के शेड्यूल को देखते हुए किया गया है। 16 जून से यूपीएससी परीक्षाएं प्रारंभ हो रही है। यूजीसी चेयरमैन ने कहा कि एनटीए और यूजीसी ने उम्मीदवारों से फीडबैक के आधार पर यूजीसी-नेट को 16 से 18 जून तक स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। प्रोफेसर कुमार के मुताबिक एनटीए एक ही दिन में पूरे भारत में ओएमआर मोड में यूजीसी-नेट आयोजित करेगा। एनटीए जल्द ही औपचारिक अधिसूचना जारी करेगा।

### संदेशखाली मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार से पूछा

# शेख शाहजहां और अन्य का क्यों कर रही है बचाव

▶▶ शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को कुछ अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने के लिए जुलाई तक दिया समय

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संदेशखाली में कथित तौर पर महिलाओं के सामूहिक यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच केंद्रीय जांच सीबीआइ को सौंपने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश के खिलाफ दायर पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सोमवार को उसी से सवाल पूछा कि आखिर वह आरोपी शेख शाहजहां और अन्य का बचाव क्यों कर रही है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने बंगाल सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता से मौखिक रूप से यह सवाल पूछा। पीठ ने हालांकि, बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी और जयदीप गुप्ता की गुहार स्वीकार करते हुए मामले को जुलाई के लिए (अगली सुनवाई के लिए) सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने वरिष्ठ अधिवक्ता के राज्य सरकार को कुछ अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने के लिए दो सप्ताह या फिर एक सप्ताह के लिए मामले के स्थगन की गुहार पर यह निर्देश दिया। पीठ के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इससे पहले पूछा कि राज्य सरकार को इस मामले में क्यों परेशान होना चाहिए। अधिवक्ता ने दलील दी कि कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा की गईं कुछ टिप्पणियों की वजह से उसे



(सरकार को) शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। शीर्ष अदालत ने मामले को अगली सुनवाई के लिए स्थगित करने के साथ ही स्पष्ट किया कि यहां (उच्चतम न्यायालय) विशेष अनुमति याचिका (राज्य सरकार की) के लंबित रहने का इस्तेमाल किसी भी कार्यवाही को लंबा खींचने या किसी भी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाएगा। कलकत्ता हाईकोर्ट ने उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां और अन्य के खिलाफ महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई से जांच कराने का 10 अप्रैल को आदेश दिया था। संदेशखाली की कथित घटनाओं को लेकर सात फरवरी से बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किये गए थे। घटना में टीएमसी नेता शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों- शिबू हाजरा और सुशांत सरदार उर्फ उत्तम सरदार के खिलाफ छेड़छाड़, बलात्कार और जमीन पर कब्जा करने के आरोप लगाये गये हैं। शीर्ष अदालत में दायर याचिका में बंगाल सरकार ने दावा किया कि हाईकोर्ट इस बात पर ध्यान देने में विफल रहा कि जनहित याचिकाएं दायर करने वालों ने परोक्ष रूप से राजनीतिक लाभ के उद्देश्यों से याचिकाएं दायर की थीं।

## डाकिया बनकर सेवक की तरह काम करूंगा : कंगना

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा हलके से भाजपा प्रत्याशी व अभिनेत्री कंगना रनौत ने सोमवार को कहा कि आपका डाकिया बनकर आपकी सेवक की तरह काम करती रहूंगी। कंगना ने किन्नौर जिला के स्कीबा और चगांव में जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने बताया कि हम दूर दराज के लोग हैं, गरीब है, हम लोग जमीनी स्तर से जुड़े लोग हैं। कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी हैं टिक्का जी, वह पहले इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट डालकर जनता को कहते थे कि आप बताए, मैं आपकी क्या सहायता कर सकता है। जब जनता ने समस्या उन्हें बताई और मुख्यमंत्री से काम को करवाने की अपील की तो उन्होंने जवाब दिया कि मैं, कोई डाकिया नहीं हूं। कंगना ने कहा कि डाकिया भाइयों का कोई आत्मसम्मान नहीं है, क्या वे रोज मेहनत करके परिवार नहीं चला रहे हैं।



## शाह के फर्जी वीडियो मामले में तेलंगाना मुख्यमंत्री को नोटिस

अमित शाह के धार्मिक आरक्षण को समाप्त किए जाने के एक वीडियो से छेड़छाड़ की गयी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के सीएम समेत कांग्रेस के छह नेताओं को भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के फर्जी वीडियो को प्रचारित करने के मामले में नोटिस भेजा है। सीआरपीसी की धारा 91 के तहत इनसे मामले में स्पष्टीकरण मांगा गया है। भाजपा नेता अमित शाह के धार्मिक आरक्षण को समाप्त किए जाने के एक वीडियो से छेड़छाड़ की गई। इसे इस तरह से पेश किया गया कि वे कह रहे हैं कि जातिगत आरक्षण समाप्त कर दिया जाएगा। वहीं भाजपा और आरएसएस के नेताओं की ओर से स्पष्ट कहा गया कि जातिगत आरक्षण बना रहेगा। इसी वीडियो को लेकर दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है और इस संबंध में उन्होंने कांग्रेस के तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को भी नोटिस भेजा है। वे चुनाव प्रचार में हैं तो पुलिस ने नोटिस मेल के माध्यम से भेजा है। कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी इस समय कर्नाटक में प्रचार कर रहे हैं। एक रैली में उन्होंने अमित शाह पर आरोप लगाया कि वे सोशल मीडिया पर भाजपा से सवाल पूछने वालों को नोटिस जारी कर रहे हैं। इससे पहले एक सोशल मीडिया में उन्होंने कहा था कि भाजपा एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण खत्म करने के लिए संविधान के खिलाफ अंतिम युद्ध की घोषणा की है। भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी अमित मालवीय ने सोशल मीडिया में कहा था कि तेलंगाना कांग्रेस एक छेड़छाड़ किया वीडियो फैला रही है, जो पूरी तरह से फर्जी है और इससे बड़े पैमाने पर हिंसा होने की संभावना है। गृह मंत्री अमित शाह ने एससी/एसटी और ओबीसी की हिस्सेदारी कम करने के बाद धर्म के आधार पर मुसलमानों को दिए जाने वाले असंवैधानिक आरक्षण को हटाने की बात कही थी। इस फर्जी वीडियो को लाइक समेत कई कांग्रेस प्रवक्ताओं ने पोस्ट किया है। उन्हें कानूनी परिणामों के लिए तैयार रहना चाहिए।

## रूस ने ड्रोन से यूक्रेन के मीकालेव पर किया हमला

एक होटल में लगी आग और एक बिजलीघर को नुकसान

एजेंसी

**कीव।** रूस ने रविवार को काला सागर के किनारे बसे यूक्रेनी शहर मीकोलेव पर भीषण ड्रोन हमला किया। इस हमले में एक होटल में आग लग गई और एक बिजलीघर को नुकसान हुआ है। इसी बीच पूर्वी यूक्रेन में भीषण लड़ाई की सूचना है। ज्ञात रहे कि दोनों देशों के बीच दो साल से अधिक समय से युद्ध जारी है। रूसी हमले के कारण यूक्रेनी सेना को कम से कम तीन युद्ध क्षेत्रों में पीछे हटना पड़ा है। इससे कुछ नए इलाके रूसी सेना के कब्जे में जाने का खतरा पैदा हो गया है। इस दौरान यूक्रेनी सेना की गोलाबारी में जपोरीजिया में तीन नागरिक मारे गये हैं।

## इजरायल के हमले में 20 फिलीस्तीनी मरे

**गाजा।** दक्षिण गाजा पट्टी के राफा शहर के तीन आवासीय इमारतों पर इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमलों में करीब 20 फिलीस्तीनी मारे गये हैं। समाचार एजेंसी वफा ने सोमवार को बताया कि गाजा पट्टी के राफा शहर के आवासीय क्षेत्र में रविवार रात इजरायल ने हवाई हमले किए जिसमें करीब 20 लोगों की जान चली गयी। पीड़ितों में बच्चे और महिलाएं शामिल हैं ओर कई अन्य लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं। नागरिक सुरक्षा दल उन्हें बचाने के लिए काम कर रहे हैं। ये हमले काहिरा में हमास नेताओं और मिस्त्र के मध्यस्थों के बीच नए दौर की संघर्ष विराम वार्ता से ठीक पहले हुये।

## ऋण पर अतिरिक्त ब्याज वसूलना बंद करें बैंक : आरबीआइ

**मुंबई।** आरबीआइ ने सोमवार को बैंकों और एनबीएफसी को निर्देश दिया कि वे ग्राहकों से वसूले जाने वाले ब्याज के मामले में निष्पक्ष और पारदर्शी हों। आरबीआई ने कहा कि ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जहां ऋण पर तय सीमा से अधिक ब्याज लिया गया। आरबीआई ने बताया कि 31 मार्च, 2023 को समाप्त अवधि के लिए विनियमित संस्थाओं (बैंकों, एनबीएफसी और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों) की ऑनसाइट जांच के दौरान, ऋणदाताओं द्वारा शुल्क वसूलने में कुछ अनुचित प्रथाओं का सहारा लेने के उदाहरण सामने आए। आरबीआई ने कहा कि निष्पक्षता और पारदर्शिता के लिए सभी विनियमित संस्थाओं को निर्देश दिया जाता है कि वे ऋण वितरण के तरीके, ब्याज के आवेदन व अन्य शुल्कों के संबंध में अपनी प्रथाओं की समीक्षा करे।

## फिल्म 'गेम चेंजर' में नजर आएंगे रामचरण

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रामचरण और अभिनेत्री कियारा आडवाणी की आने वाली फिल्म गेम चेंजर के नए शेड्यूल की शूटिंग 01 मई से शुरू हो सकती है। रामचरण जल्द ही कियारा आडवाणी के साथ फिल्म गेम चेंजर में नजर आएंगे। राम चरण और कियारा आडवाणी ने काफी हद तक फिल्म 'गेम चेंजर' की शूटिंग पूरी कर ली है। अब जल्द नए शेड्यूल की शूटिंग शुरू होने जा रही है, जो कुछ समय से रुकी हुई थी। फिल्म के निर्देशक एस शंकर अब 01 मई से फिर से शूटिंग शुरू करने वाले हैं।

गेम चेंजर' में रामचरण और कियारा आडवाणी के अलावा एसजे सूर्या, जयराम, अंजलि, श्रीकांत, समुथिरकानी, सुनील और नासर भी अभिनय करते नजर



आएंगे। फिल्म का निर्माण दिल राजू कर रहे हैं।




## ब्याज दर में कटौती की उम्मीद से चढ़ा शेयर बाजार

▶▶ अमेरिकी फेड रिजर्व की बैठक आज से शुरू होगी

▶▶ सेंसेक्स 941 अंक चढ़कर 74,671 पर पहुंचा, निफ्टी 223 अंक छलांग लगाकर 22,643 पर हुआ बंद

**मुंबई।** अमेरिकी फेड रिजर्व की मंगलवार से शुरू हो रही दो दिवसीय बैठक में ब्याज दरों में कटौती किये जाने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को शेयर बाजार ने एक प्रतिशत से अधिक की उड़ान भरी।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 941.12 अंक अर्थात 1.28 प्रतिशत की उड़ान भरकर 74,671.28 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 223.45 अंक यानी एक प्रतिशत की छलांग लगाकर 22,643.40 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का मिडकैप 0.79 प्रतिशत उछलकर 41,918.09 अंक और स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत चढ़कर 47,270.05 अंक हो गया।

### इन कंपनियों के शेयर में रही तेजी

बीएसई में सर्विसेज और रियल्टी समूह की 0.99 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 18 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान बैंकिंग 2.70, कमोडिटीज 0.49, ऊर्जा 0.79, वित्तीय सेवाएं 1.81, इंडस्ट्रियल्स 0.48, यूटिलिटीज 1.12, धातु 0.40, तेल एवं गैस 1.02 और पावर समूह के शेयर 0.90 प्रतिशत मजबूत रहे।

इस दौरान बीएसई में कुल 4088 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2015 में



लिवाली जबकि 1894 में बिकवाली हुई वहीं 179 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 32 कंपनियों में तेजी जबकि 18 में गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 253 अंक की तेजी के साथ 73,982.75 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 73,922.34 अंक के निचले स्तर पर आ गया। इसके बाद हुई लिवाली से यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 74,721.15 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। निफ्टी भी 56 अंक की बढ़त लेकर 22,475.55 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,441.90 अंक के निचले जबकि 22,655.80 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले सत्र के 22,419.95 अंक के मुकाबले 1.00 प्रतिशत मजबूत होकर 22,643.40 अंक पर पहुंच गया। लाभ कमाने वाली कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक 4.67, एसबीआई 3.09, अल्ट्रासिमको 2.93, इंडसइंड बैंक 2.90, एक्सिस बैंक 2.47, एनटीपीसी 2.07, कोटक बैंक 1.98, टीसीएस 1.51, बजाज फाइनेंस 1.28, एचडीएफसी बैंक 1.26, सन फार्मा 1.18, रिलायंस 0.95, एलटी 0.94, टाटा स्टील 0.93, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.91, नेस्ले इंडिया 0.90, इंफोसिस 0.39, टाइटन 0.32, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.25, मारुति 0.14 और टाटा मोटर्स 0.11 प्रतिशत शामिल रही।

## पोरबंदर में 1200 करोड़ की हेरोइन बरामद, दो पाकिस्तानी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** पोरबंदर के निकट अरब सागर में भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़ा ऑपरेशन चला कर 1200 करोड़ रुपये कीमत की 173 किलो हेराइन बरामद की है। यह लगातार दूसरा दिन है, जब ड्रग्स की इतनी बड़ी खेप पकड़ी गई है। ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा एजेंसी की बोट को नुकसान पहुंचाने और ड्रग्स के पैकेट समुद्र में फेंकने का भी प्रयास किया गया। इंडियन कोस्टगार्ड, गुजरात एटीएस और एनसीबी ने खुफिया इनपुट के आधार पर पोरबंदर के निकट अरब सागर में संयुक्त ऑपरेशन चलाया। संदिग्ध बोट दिखाई देने पर घेराबंदी करके 1200 करोड़ रुपये की 173 किलो हेराइन बरामद की है। बोट पर सवार चालक दल ने भारतीय सुरक्षा एजेंसी की बोट को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, जिसके कारण सुरक्षा बलों ने फायरिंग की।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !